

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,शनिवार 16 सितंबर 2023 ■ भाद्रपद शुक्ल पक्ष-2 ■ वर्ष- 39 ■ अंक-169 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 17 सितंबर 2023 ₹ 1.00



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


### टाटा-बिरला ने भी नहीं देखे होंगे ऐसी सुपरग्रांड वेडिंग के सपने!

## दुबई में सट्टेबाज सौरभ की शादी में 200 करोड़ रुपये खर्च

**मुंबई,16 सितंबर।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मुंबई, कोलकाता, भोपाल और कुछ अन्य स्थानों पर तलाशी के बाद महादेव बुक ऐप, ऑनलाइन गेमिंग-सट्टेबाजी ऐप मामले में 417 करोड़ रुपये जब्त कर लिए हैं। ईडी ने कहा कि ऐप प्रमोटर सौरभ चंद्राकर ने फरवरी में विदेश में अपने विवाह समारोह में 200 करोड़ रुपये खर्च किए, जिसके लिए उन्होंने मुंबई स्थित एक इवेंट मैनेजमेंट कंपनी को काम पर रखा था। ईडी ने कहा कि इवेंट मैनेजमेंट कंपनी ने परिवार के सदस्यों को नागपुर से यूएई ले जाने के लिए निजी जेट किराए पर लिए, शादी में परफॉर्म करने के लिए मशहूर हस्तियों को किराए पर लिया गया। ईडी ने अपनी प्रेस विज्ञप्ति में कहा वेडिंग प्लानर, डांसर, डेकोरेटर आदि को मुंबई से काम पर रखा गया था और नकद भुगतान करने के लिए हवाला चैनलों का इस्तेमाल किया गया था। ईडी द्वारा एकत्र किए गए डिजिटल सबूतों के अनुसार, 112 करोड़ रुपये हवाला के जरिए एक इवेंट मैनेजमेंट कंपनी को दिए गए थे।

महादेव गेमिंग-सट्टेबाजी ऐप की अधिकांश परिचालन गतिविधियाँ छत्तीसगढ़ से प्रबंधित की जाती हैं, और उन्होंने मुख्य रूप से अपने गेमिंग-सट्टेबाजी ऐप को बढ़ावा देने के लिए मशहूर हस्तियों को शामिल करने या बड़ी रकम का भुगतान करके उन्हें अपने कार्यों के लिए आमंत्रित करने के लिए मुंबई की ओर रुख किया। जांच के दौरान, ईडी ने पाया था कि कंपनी के प्रमोटर ने 18 सितंबर को दुबई में अपने ऐप की एक भव्य सफलता पार्टी आयोजित करने के लिए शहर स्थित एक अन्य इवेंट मैनेजमेंट कंपनी को 40 करोड़ रुपये का भुगतान किया था। उन्होंने इसके लिए एक प्रमुख अभिनेता को काम पर रखा था। ईडी उन मशहूर हस्तियों के बयान दर्ज कर सकती है जिन्होंने महादेव बुक या उनके प्रतिनिधि से भुगतान प्राप्त किया था। ऐसा कहा गया है कि इस तरह के अधिकांश भुगतान बेहिसाब नकदी में किए गए थे। एजेंसी ने एक बयान में आरोप लगाया है प्रवर्तन निदेशालय ने हाल ही में कोलकाता, भोपाल, मुंबई आदि शहरों में

**» मेहमान निजी विमान से ले जाए गए**

महादेव एपीपी से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग नेटवर्क के खिलाफ व्यापक तलाशी ली है और बड़ी मात्रा में आपत्तिजनक साक्ष्य प्राप्त किए हैं और ? 417 करोड़ की अपराध आय को फ्रीज/जब्त कर लिया है।÷ अधिकारियों ने कहा कि प्रवर्तन निदेशालय की जांच से पता चला है कि महादेव ऑनलाइन बुक ऐप संयुक्त अरब अमीरात के एक केंद्रीय प्रधान कार्यालय से चलाया जाता है।

प्रवर्तन निदेशालय ने कहा कि यह अपने ज्ञात सहयोगियों को 70-30 प्रतिशत लाभ अनुपात पर पैनल/शाखाओं की फ्रेंचाइजी देकर संचालित होता है। सट्टेबाजी की आय को विदेशी खातों में भेजने के लिए बड़े पैमाने पर हवाला ऑपरेशन किए जाते हैं। इसमें कहा गया है कि नए उपयोगकर्ताओं और फ्रेंचाइजी (पैनल) चाहने वालों को आकर्षित करने के लिए सट्टेबाजी वेबसाइटों के विज्ञापन के लिए भारत में नकद में भी बड़ा खर्च किया जा रहा है। कंपनी के प्रवर्तक छत्तीसगढ़ के भिलाई के रहने वाले हैं और महादेव ऑनलाइन बुक बेटिंग एप्लिकेशन अवैध सट्टेबाजी वेबसाइटों को सक्षम करने के लिए ऑनलाइन प्लेटफ़ॉर्म की व्यवस्था करने वाला एक प्रमुख सिंडिकेट है। सूत्रों के अनुसार रायपुर से करीब 50 अधिकारी शादी में शामिल होने निजी विमान से दुबई गये थे। खबर यह भी है कि शादी के बाद कुछ बड़े अधिकारियों ने भी दुबई का दौरा किया था।

### टाइगर, सनी लियोनी सहित 14 फिल्मी सितारे शामिल हुए थे

भव्य शादी समारोह में बॉलीवुड के नामी गिरामी सितारे भी शामिल हुए थे। इन सितारों ने सौरभ चंद्राकर की शादी समारोह में अपनी प्रस्तुतियां दी थी। जिनमें एक्टर, एक्ट्रेस और गायक भी शामिल थे। इन सितारों को 200 करोड़ से ज्यादा की राशि का हवाला के जरिए भुगतान किया गया था। उन सितारों में बॉलीवुड स्टार टाइगर श्राफ, सनी लियोनी, एली एवराम, कीर्ति खरबंदा, नुसरत भरोचा, भाग्य श्री, अली असगर, आतिफ असलम, राहत फतेह अली खान, नेहा कक्कड़, विशाल ददलानी, पुलकित, भारती सिंह, कृष्णा अभिषेक का नाम शामिल है।

## संक्षेप

### खेलने जा रहे बच्चों की स्कूली बस में आग

**अंतागढ़, 16 सितंबर।** जिले से खबर आ रही है जहां नारायणपुर आश्रम से एक निजी बस (अंबे ट्रेवल्स) में सवार होकर बिलासपुर खेलने जा रहे 17 स्कूली छात्रों की बस में आग लग गई। बताया जा रहा है कि घटना बीती रात्री तकरीबन 12 बजे के आसपास की है। जब बस ताड़ोकी थाना क्षेत्र से हो कर गुजर रहा था तब ताड़ोकी थाना के संत्री द्वारा चलती बस के पिछले टायर में आग की लपटें देखा, तो उन्होंने तत्काल ताड़ोकी टीआई की इसकी सूचना दी।टीआई अमित पदमशाली द्वारा फौरन बस के पीछे अपने वाहन से पिछाकर ताड़ोकी के आगे हरदास ढाबा के पास रुकवाकर बस में बैठे सभी 17 स्कूली छात्रों को सकुशल उतरवाया गया। घटना की उच्चाधिकारियों को सूचना देने के बाद फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। जब तक फायरब्रिगेड की बस पहुंचती तब तक पूरी बस जलकर राख हो चुका था।

### कुर्ला इलाके में बिल्डिंग में लगी आग, 39 झुलसे

**मुंबई ,16 सितंबर ।** मुंबई में बड़ा हादसा देखने को मिला है। यहां कुर्ला इलाके में एक बिल्डिंग में आग लग गई है। आग लगने से अफरा तफरी का माहौल बन गया। आग इतनी ज्यादा थी कि 39 लोग झुलस गए, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। वहीं, आग लगने की सूचना मिलते ही दमकलकर्मी घटनास्थल पर पहुंचे और अलग-अलग मंजिलों से करीब 60 लोगों को बचाया। बीएमसी के अनुसार, दमकलकर्मियों ने आग पर काबू पा लिया है। आग लगने का कारण अभी तक पता नहीं चला है।

### तमिलनाडु तटीय पुलिस ने की दो श्रीलंकाई मछुआरों की गिरफ्तारी

**चेन्नई ,16 सितंबर ।** नागापट्टिनम जिले के कोडियाकराई तट से तटीय सुरक्षा समूह (सीएसजी) द्वारा दो श्रीलंकाई मछुआरों को गिरफ्तार किए जाने के बाद तमिलनाडु तटीय पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान श्रीलंका के तलाईमन्नार के जे. निक्सन डिलक्स (39) और डी. कायूस सुबाथिरन (36) के रूप में हुई। तटीय पुलिस सूत्रों के अनुसार, मछुआरे तलाईमन्नार से समुद्र में गए थे और उनकी मशीनीकृत नाव में तकनीकी खराबी आने के बाद वे फंस गए।

तटीय सुरक्षा समूह ने उन्हें कोडियाकराई तट के पास पाया और गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने कहा कि नागापट्टिनम और रामनाथपुरम जिलों के सभी तटीय इलाकों में इस बात की जांच शुरू कर दी गई है कि क्या श्रीलंकाई मछुआरों के कोडियाक्कराई तट तक पहुंचने का कोई और मकसद था। खास तौर से, नागपट्टिनम और रामनाथपुरम जिलों से श्रीलंका तक मादक पदार्थों सहित तस्करी में वृद्धि हुई है।

## 5 राज्यों के चुनाव पर बनेगी रणनीति : सीएम

**रायपुर,16 सितंबर ■ तरुण छत्तीसगढ़**

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल 2 दिवसीय हैदराबाद दौरे के लिए रवाना हो गए हैं. हैदराबाद में आयोजित कांग्रेस कार्यसमिति की पहली बैठक में सीएम बघेल शामिल होंगे. यह बैठक राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की अध्यक्षता में होगी. जिसमें पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव को लेकर रणनीति बनेगी.

**कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक में शामिल होने बघेल हैदराबाद रवाना**



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने हैदराबाद रवानगी से पहले मीडिया से बातचीत की. इस दौरान उन्होंने अपने दौरे को लेकर जानकारी दी. सीएम ने बताया कि हैदराबाद में कांग्रेस के राष्ट्रीय नेतृत्व के साथ बैठक है. हमे भी बुलाया गया है. आगामी चुनाव समेत कई विषयों पर चर्चा होगी. इसके साथ ही उन्होंने भाजपा पर जमकर निशाना साधा. केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल के बयान पर सीएम बघेल ने पलटवार करते हुए कहा कि इनका काम केवल झूठ बोलना है. चार साल पहले कृषि मंत्री रविंद्र चौबे और खाद्य मंत्री अमरजीत भगत और अधिकारियों को लेकर गए थे. पीयूष गोयल ने कहा समर्थन मूल्य से ज्यादा दे रहे है. इसलिए आपका चावल हम नहीं खरीदेंगे, चावल का कोटा उन्होंने नहीं बढ़ाया गया, उसे हमें बाजारों में भेजना पड़ा, फिर से आकर झूठ बोल कर जा रहे हैं, पहले 86 लाख था अब 61 लाख कर दिए, हमें अभी खाद्य विभाग से 6 हजार करोड़ रुपए लेना है चावल से, पैसा छग के विकास में लगता, यह रोकने में लगे हुए है आए है तो देकर जाते, छग के लोगों का हित चाहते, उन्हें छत्तीसगढ़ से और छत्तीसगढ़ियों से तकलीफ है, छत्तीसगढ़ महतारी को भी मजबूरी में लगाए है, वो भी सीढ़ी चढ़ने में, इनकी मानसिकता नहीं बदलना है. इसके साथ ही सीएम भूपेश बघेल ने कहा कि 'चोर चोरी से जाए हेरा फेरी से न जाए', छत्तीसगढ़ को दबाने का काम और बस्तर के लोगों को गोली से भुनने का काम किया है.मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि अमित शाह छत्तीसगढ़ आए वैसे ही नाराज थे. आरोप पत्र जारी किए उसमें कार्यकर्ता उपस्थित नहीं थे. दुर्ग में स्थिति उनकी वही थी, वहीं वर्चुअल तौर से संबोधित कर सकते थे, वो आना पसंद नहीं करते. नेताओं के बीच का मौसम ठीक नहीं है, मौसम का बहाना बनाते है.कैबिनेट मंत्री सिंहदेव के केंद्र से सहयोग वाले बयान पर मुख्यमंत्री ने कहा कि वह हमारे महाराज साहब है. पीएम मोदी के संबोधन पर कहा, पीएम मोदी जिन बातों के लिए आए यहां झूठ परोस कर चले गए, गौठान के बारे में बात उन्होंने की 65 करोड़ का गोबर खरीदे और 1300 करोड़ रुपए का आरोप लगाकर चले गए.

विभिन्न मंच में प्रधानमंत्री ने खुद तारीफ की नीति आयोग में भी तारीफ की है. सभी मुख्यमंत्री इस दौरान उपस्थित थे. आरोप लगाने के अलावा क्या है. उन्होंने कॉरिडोर का उद्घाटन किया, कितने यात्री उसमें चढ़ेंगे, प्लांट भी खरीदेंगे, खदान भी खरीदेंगे, सब अडानी के लिए करने आए है.कांग्रेस प्रत्याशियों की पहली सूची जारी होने को लेकर सीएम बघेल ने कि पीसीसी की बैठक हो रही है और फिर स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक होगी. टिकट वितरण समय पर होगा. मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि अभी यह लोग वन नेशन वन इलेक्शन कर रहे हैं. मुंबई में राहुल गांधी ने अदानी पर बोल दिया तो चुप हो गए, जहां कोई मामला अदानी पर आया तत्काल मुद्दे दूसरों पर छोड़ देते हैं. विधायक अजय चंद्राकर के टिकट वितरण वाले बयान पर सीएम बघेल ने पलटवार करते हुए कहा की वह अपने टिकट की चिंता कर ले, टिकट मिल रही है या नहीं. अपने पार्टी की चिंता करें.

### भाजपा विशेष सदस्यता अभियान में नए सदस्य 11 लाख के पार

**भोपाल ,16 सितंबर ।** मध्यप्रदेश भारतीय जनता पार्टी के 20 अगस्त से प्रारंभ हुए मिस्ड कॉल पर आधारित विशेष सदस्यता अभियान में अभी तक 11 लाख से ज्यादा नए सदस्य बनाने का पार्टी ने दावा किया है। पार्टी का दावा है कि इसमें अलग अलग वर्गों के नवमतदाता, केन्द्र एवं प्रदेश सरकार की योजनाओं के हितग्राही और विभिन्न वर्गों के लोग शामिल है। पार्टी की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने अभियान के अंतर्गत बने सभी नए सदस्यों को शुभकामनाएं देते हुए पार्टी की विचारधारा जन-जन तक पहुंचाने में अपनी भूमिका निभाने की बात कही। अभियान अभी जारी है।

## एक करोड़ का इनामी नक्सली गिरफ्तार



**सुकमा,16 सितंबर ■ तरुण छत्तीसगढ़**

छत्तीसगढ़ के पड़ोसी राज्य तेलंगाना में पुलिस ने एक करोड़ रुपए के इनामी माओवादी को गिरफ्तार किया है। माओवादी का नाम संजय दीपक राव उर्फ विजय है। जो नक्सलियों के केंद्रीय कमेटी का सदस्य है। बताया जा रहा है कि यह नक्सली आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, केरल समेत साउथ के इलाकों में सक्रिय था। लेकिन छत्तीसगढ़ के बस्तर में हुई नक्सली घटनाओं का भी मास्टरमाइंड रहा है। पूछताछ में इससे कई बड़े खुलासे हो सकते हैं। दरअसल, नक्सली संजय पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रहा था। हैदराबाद के एक अस्पताल में इलाज करवाने के लिए आया था। इसकी भनक पुलिस की मिली। जहां दबिश देकर नक्सली को गिरफ्तार कर लिया गया। बताया जा रहा है कि, यह तमिलनाडु, केरल, कर्नाटक ट्राई जंक्शन का सचिव भी है। बस्तर के दंडकारण्य इलाके के नक्सलियों से लगातारा संपर्क में था। पुलिस इससे पुछताछ कर रही है।

### 5 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

दंतेवाड़ा जिले में लोन वर्राटू (घर वापस आएं) अभियान से प्रभावित होकर एक इनामी माओवादी समेत कुल 5 माओवादियों ने आत्मसमर्पण कर दिया. सभी नक्सली कटेकल्याण एरिया कमेटी और इंद्रावती एरिया कमेटी में सक्रिय थे। सभी समर्पित नक्सली नक्सली बंद के दौरान सड़क खोदने, पेड़ काटने, नक्सली बैनर-पोस्टर के साथ पंपलेट लगाने की घटनाओं को अंजाम देते थे. आपको बता दें कि लोन वर्राटू अभियान से प्रभावित होकर अब तक 164 इनामी माओवादियों समेत कुल 629 माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया है।

## फ्री स्पीच का मतलब हेट स्पीच नहीं : कोर्ट

**चेन्नई,16 सितंबर।** सनातन धर्म पर चल रही बहस के बीच मद्रास हाई कोर्ट ने अहम टिप्पणी जारी की है। अदालत ने इस बात पर जोर दिया कि सनातन धर्म शाश्वत कर्तव्यों का एक समूह है, जिसमें राष्ट्र, राजा, अपने माता-पिता और गुरुओं के प्रति कर्तव्य और गरीबों की देखभाल करना शामिल है। न्यायमूर्ति एन शेषशायी एलंगोवन नाम के एक व्यक्ति द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई कर रहे थे, जिसमें एक स्थानीय सरकारी आर्ट्स कॉलेज द्वारा जारी एक परिपत्र को चुनौती दी गई थी, जिसमें छात्रों से सनातन का विरोध विषय पर अपने विचार साझा करने के लिए कहा गया था। उन्होंने कहा कि ऐसा लगता है कि एक विचार ने जोर पकड़ लिया है कि सनातन धर्म पूरी तरह से जातिवाद और अस्पृश्यता को बढ़ावा देने के बारे में है, एक ऐसी धारणा जिसे उन्होंने दृढ़ता से खारिज कर दिया। न्यायमूर्ति शेषशायी ने कहा कि समान



नागरिकों वाले देश में अस्पृश्यता को बर्दाश्त नहीं किया जा सकता है। भले ही इसे सनातन धर्म के सिद्धांतों के भीतर कहीं अनुमति के रूप में देखा जाता है, फिर भी इसे रहने के लिए जगह नहीं मिल सकती है, क्योंकि संविधान के अनुच्छेद 17 में कहा गया है घोषणा की कि अस्पृश्यता समाप्त कर दी गई है। न्यायाधीश ने आगे इस बात पर जोर दिया कि हालांकि स्वतंत्र भाषण एक मौलिक अधिकार है, लेकिन इसे नफरत फैलाने वाले भाषण में तब्दील नहीं किया जाना चाहिए, खासकर जब यह धर्म के मामलों से संबंधित हो। उन्होंने यह सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर बल दिया कि इस तरह के भाषण से कोई घायल न हो। उन्होंने कहा कि हर धर्म आस्था पर आधारित है और आस्था स्वभावतः अतार्किकता को समायोजित करती है। इसलिए, जब धर्म से संबंधित मामलों में स्वतंत्र भाषण का प्रयोग किया जाता है, तो किसी के लिए यह सुनिश्चित करना आवश्यक है कि कोई भी घायल न हो। दूसरे शब्दों में, स्वतंत्र भाषण घृणास्पद भाषण नहीं हो सकता है।

## जोगी कांग्रेस देगा धान का समर्थन मूल्य 4 हजार रुपए

**रायपुर,16 सितंबर ■ तरुण छत्तीसगढ़**

आगामी विधानसभा चुनाव के लिए जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे ने 10 कदम, गरीबी खत्म के चुनावी नारे के साथ प्रदेश की जनता को रजिस्टर्ड शपथ दे रही है. इसमें धान का समर्थन मूल्य प्रति क्विंटल चार हजार रुपए के साथ 10 बड़े वादे हैं. जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे के प्रदेश अध्यक्ष अमित जोगी ने मीडिया से चर्चा में किसी भी राष्ट्रीय पार्टी के साथ गठबंधन से इंकार करते हुए कहा कि कांग्रेस से भी जोगी कांग्रेस का विलय नहीं होगा. इसके साथ ही उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के क्षेत्रीय दलों से गठबंधन पर चर्चा जारी है. इस कड़ी में सर्व आदिवासी समाज के






अरविंद नेताम से बातचीत हुई है. पार्टी का शपथ पत्र प्रस्तुत करते हुए 30 दिनों में सभी 90 विधानसभा क्षेत्रों में 91 लाख परिवारों तक पहुंचने की बात कही है. उन्होंने कहा कि हर चुनाव में जोगी फैक्टर काम करता है. इस चुनाव में भी जोगी फैक्टर काम करेगा. गरीबी के विरुद्ध, जोगी का महायुद्ध का घोष करते हुए उन्होंने कहा कि हम भाजपा और कांग्रेस की विदाई के लिए लड़ रहे हैं. चुनावी शपथ के साथ हम जनता के बीच जा रहे हैं. हमने रजिस्टर्ड शपथ जनता को दिया है.

**जोगी कांग्रेस के 10 शपथ**

1. धान का समर्थन मूल्य 4 हजार 2. हर वर्ग के गरीब परिवार को 5 लाख रुपए अनुदान, बेटी जन्म होने पर 1 लाख रुपए 3. दिव्यांग, निराश्रित, बेरोजगार और वृद्धजन को 3 हजार 4500 रुपए प्रतिमाह 4. जोगी आवास योजना के तहत 5 लाख रुपए तक अनुदान 5. कर्मचारियों का नियमितीकरण और स्थानीय को 95%आरक्षण 6. 10 लाख से कम वार्षिक टर्नओवर वाले व्यापारियों को सभी टैक्स में छूट 7. जोगी स्वास्थ्य कल्याण योजना, कैशलेस इलाज, सभी जिलों में मेडिकल कॉलेज 8. शिक्षा के 100% अनुदान 9. छत्तीसगढ़ में शराबबंदी, प्रदेश में दुग्ध क्रांति 10. गिरौदपुरी, सोनाखान, शिवरीनारायण जैसे धामों में विश्वस्तरीय कॉरिडोर

## एनआईए ने आईएसआईएस पर कसा शिकंजा

**चेन्नई ,16 सितंबर।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने कोयंबटूर कार बम विस्फोट के सिलसिले में आईएसआईएस आतंकी पहलू की चल रही जांच के तहत शनिवार को तमिलनाडु में कई स्थानों पर छापेमारी की। विस्फोट पिछले वर्ष दीपावली की पूर्वसंध्या पर हुआ था। एनआईए सूत्रों ने कहा कि कोयंबटूर, चेन्नई और दक्षिणी तेनकासी जिलों सहित राज्य भर में 30 से अधिक स्थानों पर छापेमारी की जा रही है। इसके अलावा तेलंगाना में भी कई स्थानों पर छापेमारी की गई है। कोयंबटूर में संवेदनशील उक्कदम क्षेत्र के पास स्थित कोट्टई क्षेत्र में सत्तारूढ़ द्रमुक के 82वें वार्ड सदस्य सुश्री एम.मुबाश्री के आवास सहित 23 स्थानों पर छापे मारे जा रहे है। यहां प्राप्त रिपोर्टों में कहा गया है कि तलाशी के बाद उनसे पूछताछ की गई जिसके बाद एनआईए अधिकारी उनके आवास से चले गए। तीन घंटे से कुछ अधिक समय तक चलने के बाद उनके घर पर छापेमारी अब समाप्त हो गई है।छापेमारी उन रिपोर्टों की सत्यता का पता लगाने के लिए की गई थी कि क्या कोयंबटूर अरबी कॉलेज में कोई प्रशिक्षण दिया गया था, जहां कहा जाता है कि कार में सिलेंडर विस्फोट में मारी गई जमीशा मुबीन ने पढ़ाई की थी।

## छग में बनेगी डबल इंजन की सरकार

**रायपुर,16 सितंबर ■ तरुण छत्तीसगढ़**

छत्तीसगढ़ की सरकार अपना रिपोर्ट कार्ड पेश करे कि 5 साल में क्या किया. 300 से भी अधिक वादे किए थे, लेकिन उसमें से 10 प्रतिशत भी पूरे नहीं हुए. कोयला घोटाला, शराब घोटाला किया. ये घोटालों की सरकार है, इसे घर बैठाना है. इन्होंने अपने संगठन का नाम बदला, लेकिन नाम बदलने से नीति-नीयत नहीं बदलती. यह बात गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर हमला बोलते हुए कही. उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में डबल इंजन की सरकार बनेगी।

भारतीय जनता पार्टी की परिवर्तन यात्रा में




शामिल होने रायपुर पहुंचे गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने भाजपा एकात्म परिसर में मीडिया से रू-ब-रू हुए. इस दौरान उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री झूठे वादे करने में माहिर हैं. छत्तीसगढ़ में जितना धान उत्पादन होगा, केंद्र सरकार उसको लेने के लिए तैयार है. कांग्रेस ने घोषणा पत्र में जितने वादे किए थे, उसे पूरा नहीं किया. कांग्रेस को एक रिपोर्ट कार्ड सबमिट करना चाहिए. छत्तीसगढ़ में इंफ्रास्ट्रक्चर के नाम पर कोई भी डेवलपमेंट नहीं हुआ, केवल बड़े-बड़े बैनर-पोस्टर लगाकर विज्ञापनों में पैसे खर्च किया गया.

उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने शराबबंदी का वादा किया था, लेकिन शराबबंदी की बजाए होम डिलीवरी करने लग गए. छत्तीसगढ़ में लगातार महिलाओं के साथ अपराध बढ़ रहा है. यहां के लोग देख रहे हैं कि हमे घर कब मिलेगा. सभी को पीएम आवास मिलना चाहिए.सावंत ने कहा कि मोदी के सुशासन में सेवा, सुशासन और कल्याण देश का विकास देखा होगा. देश में जिस तरह से आजादी के अमृत काल में जो विकास देख रहे हैं.

## भाजपा प्रत्याशियों की दूसरी सूची बहुत जल्द होगी जारीः साव

**रायपुर,16 सितंबर ■ तरुण छत्तीसगढ़**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा है. साव ने कहा कि इन्होंने कमीशन खोरी में और



भ्रष्टाचार में गरीबों के चावल में डाका डालने का काम किया है. यह केंद्र सरकार के योजनाओं के पैसों का लूटने का काम कर रहे हैं और जनता के बीच झूठ बोलते हैं कि केंद्र सरकार सहयोग नहीं कर रही है और सरकारी मंच पर कहते हैं 'जितना मांगते हैं, उतना मिल रहा है'. इसके साथ ही उन्होंने भाजपा की परिवर्तन यात्रा और प्रत्याशियों की दूसरी लिस्ट समेत अन्य मुद्दों पर बयान दिया है.परिवर्तन यात्रा को लेकर अरुण साव ने कहा कि हमने दो परिवर्तन यात्राएं प्रारंभ की है. 12 सितम्बर को दंतेवाड़ा से पहली परिवर्तन यात्रा प्रारंभ हुई है. उस यात्रा का आज पांचवा दिन है. पिछले 4 दिनों में यात्रा को जो रिस्पांस मिला है. वह अत्यंत उत्साह जनक है. दंतेवाड़ा जैसे जगह में मां दंतेश्वरी के पावन धाम में जिस प्रकार से यात्रा का स्वागत हुआ है जो उसका जो जोश और उसके बाद लगातार पिछले चार दिनों में जो कार्यक्रम हुए हैं यात्रा को जनता का आशीर्वाद और सहयोग मिला है. यह बताता है कि आज छत्तीसगढ़ में परिवर्तन की हवा चल रही है. बीजेपी के परिवर्तन यात्रा के साथ लोग जोड़ रहे हैं लोगों का आशीर्वाद परिवर्तन यात्रा को मिल रहा है.भाजपा की परिवर्तन यात्रा की गाड़ियों में छत्तीसगढ़ महतारी की फोटो पर हो रही सियासत को लेकर अरुण साहू ने कहा कि कांग्रेस पास आज कुछ मुद्दा नहीं है. छत्तीसगढ़ के लिए इन्होंने कुछ नहीं किया. छत्तीसगढ़ का इन्होंने अपमान किया है. छत्तीसगढ़ी महतारी को लेकर यह जो विलाप कर रहे हैं यह निरर्थक है. छत्तीसगढ़ महतारी का हम पूरा सम्मान करते हैं. इन्होंने छत्तीसगढ़ का जीवन भर शोषण किया है. कांग्रेस पार्टी ने छत्तीसगढ़ महतारी के लिए कुछ नहीं किया है. इन्होंने छत्तीसगढ़ के लोगों के साथ शोषण किया है. केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल के प्रेस वार्ता में राज्य सरकार के ऊपर धान को लेकर लगाए गए आरोप को अरुण साव ने कहा कि यह सच्चाई है जो आंकड़े बताते हैं.

## एक नजर

### पावर प्लांट संचालन, रखरखाव व सुरक्षा पर विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन



**भिलाई, 16 सितंबर।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के मानव संसाधन विकास विभाग के लघु सभागार में पावर प्लांट संचालन और रखरखाव में सुरक्षा पर 3 दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन 11 से 13 सितम्बर के मध्य किया गया। प्रारंभ में मुख्य महाप्रबंधक राजीव पाण्डेय ने सुरक्षित कार्य संस्कृति अपनाने तथा सुरक्षा को सर्वोपरि रख कर कार्य करते हुए भिलाई इस्पात संयंत्र में शून्य दुर्घटना नीति के पूर्ण परिपालन पर जोर दिया, तथा समय की मांग के अनुरूप सतत सीखते रहने को प्रेरित किया। राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद, मुंबई से तकनीकी विशेषज्ञों श्री बाजीराव डेठे, तथा प्रदीप कुमार सिंह ने पावर प्लांट संचालन और रखरखाव में सुरक्षा से सम्बंधित विभिन्न विषयों पर प्रतिभागियों के साथ चर्चा की तथा तीन दिवसीय प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों ने भी अपने अनुभव साझा किये। कार्यक्रम की समाप्ति के दौरान मुख्य महाप्रबंधक (पॉवर फैसिलिटी) राजीव पाण्डेय द्वारा प्रतिभागियों से फीडबैक लिया गया। महाप्रबंधक अमूल्य प्रियदर्शी ने धन्यवाद ज्ञापित किया। संचालन कनिष्ठ अधिकारी सैफुद्दीन फजली द्वारा किया गया।

### कांग्रेस भवन में मनाया गया महिला कांग्रेस स्थापना दिवस



**कवर्धा 16 सितंबर।** राष्ट्रीय महिला कांग्रेस अध्यक्ष माननीया नेट्टा डी सूजा ,प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष आदरणीया फूलो देवी नेताम ,केबिनेट मंत्री मो अकबर भैया के निर्देशानुसार,प्रदेश सचिव शेख अनवरी के उपस्थिति में शहर महिला कांग्रेस अध्यक्ष रानू दुबे ने अपने शहर महिला कांग्रेस के प्रमुख कार्यकर्ताओ के साथ आज शहर कांग्रेस भवन में महिला कांग्रेस स्थापना दिवस मनाकर सभी महिला कांग्रेस ने प्रतिज्ञा ली साथ ही प्रदेश सचिव ने सभी को मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दी,इस अवसर पर नारायणी टोडर,रोशनी मरावी,रचना, फुलवती,चंद्रिका, त्रिवेणी संतोषी मुस्कान उपस्थित रहे ।

### शासकीय महाविद्यालय जामगाँव में व्यक्तित्व विकास पर कार्यशाला



**भिलाई, 16 सितंबर।** अखिल विश्व गायत्री परिवार कि युवा शाखा दिव्य भारत युवा संघ छत्तीसगढ़ के द्वारा दिनाँक 14/09/2023 को दुर्ग जिले के शासकीय महाविद्यालय जामगाँव (आर) और शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भरर में व्यक्तित्व परिष्कार कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें युवाओं को अपने लक्ष्य को निर्धारित करने, उस पर फोकस करने एवं व्यक्तित्व परिष्कार के विषय मे बताया गया। प्रवक्ता के रूप में पहुंचे दिव्या भारत युवा संघ छत्तीसगढ़ के प्रांतीय संयोजक डॉ. पी. एल साव ने युवाओं को साधना प्रधान जीवन शैली को अपनाते हुए अपने समय एवं प्रतिभा का सही नियोजन करने कि प्रेरणा दी। श्रीमती अनीता साव ने प्रेरणाप्रद कहानियों के माध्यम से युवाओं को जीवन में संघर्ष करते हुए कभी हार न मानने कि प्रेरणा दी। डॉ. योगेन्द्र कुमार ने बच्चों को पढाई पर फोकस करने के तरीके बताये। उन्होंने युवाओं को एडिक्शन से बचते हुए अपने जीवन लक्ष्य को बनाने और उसे पूरा करने के लिए दृढ संकल्पित रहने कि प्रेरणा दी। इंजिनियर युगल किशोर ने युवाओं को व्यक्तित्व परिष्कार के सूत्र बताये। कार्यक्रम के सफल आयोजन में शासकीय महाविद्यालय जामगाँव (आर) के एन एस एस प्रभारी श्रीमती चेतना सोनी ने मुख्य भूमिका निभाई 7 450 से अधिक युवाओं ने इस कार्यशाला का लाभ उठाया।

### निगम क्षेत्र रिसाली में स्वच्छता रैली निकाली गई

**रिसाली 16 सितंबर।** स्वच्छ भारत मिशन 2023 के अंतर्गत भारत सरकार आवास एवं पर्यावरण मंत्रालय के निर्देशानुसार आज दिनांक 16.09.2023 दिन शनिवार को इंडियन स्वच्छता लिग 2.0 सफाई मित्र सुरक्षा एवं स्वच्छता ही सेवा है के संकल्प के साथ नगर पालिक निगम रिसाली के द्वारा सफाई रैली श्रीमती शशि सिन्हा महापौर एवं सभापति श्री केशव बंछोर के नेतृत्व में निकाली गई। रैली की शुरूआत में सबसे पहले सफाई कर्मचारियों और नगर निगम के अन्य कर्मचारियों को सफाई के प्रति जागरूकता और श्रमदान के लिए शपथ दिलाया गया। तत्पश्चात रैली के शक्ल में रिसाली के वार्डो का भ्रमण करते हुए निगम मुख्य कार्यालय में मंच के उपर सभी अतिथियों एवं निगम के कर्मचारियों द्वारा दोनो हाथों का दिवार पर निशान लगाते हुए यह संकेत देने का प्रयास किया है कि रिसाली निगम क्षेत्र को पूरी तरह साफ सुथरा रखने के लिए हम सभी दृढसंकल्पित है। जिसे रिसाली रेडियन्श का नाम दिया गया है।

# गृह मंत्री ने किया छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक का आगाज

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**भिलाई, 16 सितंबर।** छत्तीसगढ़ के पारंपरिक ग्रामीण खेलों को बढ़ावा देने राज्य सरकार द्वारा छत्तीसगढिया ओलंपिक खेल का आयोजन किया जा रहा है। वर्ष 2023-24 में 17 जुलाई हरियाली त्यौहार से ग्राम पंचायत स्तर से छत्तीसगढिया ओलंपिक का प्रारंभ किया गया है। आज संभाग स्तरीय छत्तीसगढिया ओलंपिक का शुभारंभ दुर्ग जिले के ग्राम पुरई स्कूल प्रांगण में हुआ। इस तीन दिवसीय आयोजन में संभाग के दुर्ग, राजनांदगॉव, बालोद, बेमेतरा, कबीरधाम, मानपुर-मोहला अंबागढ़ चौकी और खैरागढ़ सहसपुर गंढई जिला के 2 हजार 686 प्रतिभागी खिलाड़ी संभागीय प्रतियोगिता में भाग ले रहे हैं। जिसमें गिल्ली- डंडा, पिट्ठूल, संखली, लंगड़ी दौड़ (लंगरची), कबड्डी, खो-खो, रस्साकसी, बांटी, बिल्लस, फुगड़ी, गेड़ी दौड़, भौरा, 100 मीटर दौड़ एवंलम्बी कूद , कुश्ती एवं रस्सी कूद शामिल है। इन खेलों में तीन आयु वर्ग 0-18, 18-40 एवं 40.महिला/ पुरुष आयु वर्ग के प्रतिभागी भाग लेंगे। शुभारंभ समारोह के मुख्य अतिथि गृह मंत्री साहू ने अपने संबोधन में कहा कि प्रदेश सरकार के मुखिया मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का कहना है कि सर्वहारा वर्ग के विकास को ध्यान में रखकर विकास के पैमाने तय करना है।

उन्होंने कहा कि इसी के आधार पर राज्य सरकर अधोसंरचनात्मक विकास के साथ यहां के संस्कृति को पूर्नजीवित करने और पारंपरिक ग्रामीण खेलों को बढ़ावा देने छत्तीसगढिया ओलंपिक के माध्यम से पारंपरिक खेल प्रतिभाओं को आगे लाने का प्रयास कर रही है। गृह मंत्री साहू ने छत्तीसगढिया ओलंपिक में शामिल अन्य जिलों के खिलाडियों को अवगत कराया कि दुर्ग जिले के पुरई को खेलगांव के नाम से जाना जाता है। यहां की खेल प्रतिभाओं ने राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई है। गृह मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री ने ग्राम पुरई के खिलाडियों की भावना को ध्यान में रखते हुए यहां पर खेल अकादमी बनाने की सहमति दी है। संभाग स्तरीय छत्तीसगढिया ओलंपिक के शुभारंभ अवसर पर संभागायुक्त जे.पी. पाठक ने स्वागत प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। उन्होंने आयोजन के उद्देश्यों को रेखांकित किया। नगर निगम भिलाई -चरौदा के महापौर निर्मल कोसरे ने भी कार्यक्रम को सम्बोधित किया। उन्होंने प्रतिभागी खिलाडियों से खेल को खेल भावना से खेलने की अपील की। इस अवसर पर नगर निगम रिसाली की महापौर श्रीमती शशि सिन्हा, जिला पंचायत की अध्यक्ष श्रीमती पुष्पा यादव एवं अन्य जनप्रतिनिधि तथा शिक्षा और खेल विभाग के अधिकारी, शिक्षकगण एवं प्रतिभागी खिलाड़ी उपस्थित थे।

# भिलाई इस्पात संयंत्र के विभिन्न विभागों में मनाया गया राष्ट्रीय हिन्दी दिवस

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**भिलाई, 16 सितंबर।** सेल- भिलाई इस्पात संयंत्र के विभिन्न विभागों में राष्ट्रीय हिन्दी दिवस का आयोजन किया गया। सिन्टर प्लांट-2 और 3 के द्वारा संयुक्त रूप से हिन्दी दिवस समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य महाप्रबंधक अनूप कुमार दत्त उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में महाप्रबंधक उमेश अवधिया और महाप्रबंधक एम आर के शरीफ उपस्थित थे। शुरुवात सरस्वती वंदना के साथ दीप प्रज्वलित कर की गई। दत्त ने सभी कार्मिकों को संबोधित करते हुए कहा कि हिंदी भाषा के प्रचार-प्रसार में योगदान देते हुए दूसरों को भी हिंदी में कार्य करने के लिये प्रेरित करें। हिंदी में काम करने से काम में सरलता आती है तथा पत्राचार में सुविधा होती है। कार्यक्रम में सिन्टर प्लांट-2 और 3 के सभी अनुभाग अधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम में सिंटर प्लांट के कर्मचारियों मनीष गुप्ता, चंदन, गंगाराम चौबे, रितम लाल साहू द्वारा काव्य पाठ किया गया। ठेका श्रमिकों के द्वारा मेरी माटी, मेरा देश को चरितार्थ करते हुए नाटक की प्रस्तुति दी गई। वितेश्वर नाथ के द्वारा हिंदी की महत्ता बताते हुए भारत भूमि के आजादी की गाथा का वर्णन किया गया।

भिलाई विद्यालय, सेक्टर-2 में राष्ट्रीय हिन्दी दिवस के अवसर पर विशेष प्रार्थना का आयोजन विद्यालय के सभागार में किया गया। मुख्य अतिथि भिलाई विद्यालय सेक्टर-2 के प्राचार्य विजय सिंह पवार थे। शिक्षिका श्रीमती संगीता मिश्रा के निर्देशन में हिंदी भाषा के महत्व पर नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन किया गया। छात्रा उमा सेन द्वारा हिन्दी दिवस पर मुख्य सामाचार का वाचन किया गया। कु. सिमरन ने महापुरुषों के सुविचारों का पठन किया तथा कु. मेघा ने हिंदी साहित्य पर प्रश्नोत्तरी के माध्यम से बच्चों का ज्ञानवर्धन जानकारी प्रदान की। कु. अमृतादीप ने संस्कृत श्लोकों का हिंदी में अनुवाद कर अर्थ समझाया। हिंदी के उद्भव एवं उनके सतत विकास पर कु. कशिश ने और हिंदी भाषा के क्षेत्र में हिंदी साहित्यकारों के योगदान पर कु. नैना ने भाषण की प्रस्तुत दी। शिक्षक एस के खोब्रागढे ने संचालन किया। कार्यक्रम में सरिता शाक्या, वंदना सोनवाने, निशी शिवप्पा, जी पी शर्मा, तनवीर, परवेज, डी एल जोशी, डी के साहू सहित विद्यालय के अन्य शिक्षकगण उपस्थित रहे।

# महापौर परिषद की बैठक में विभिन्न कार्यों की मिली मंजूरी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**भिलाई, 16 सितंबर।** भिलाई के हृदय स्थल में संचालित लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल का आधुनिकीकरण कर भवन को नया स्वरूप प्रदान दिया जायेगा एवं सुविधाओं का विस्तार तथा पार्किंग, उद्यान व्यवस्थित होगा। इसके अतिरिक्त अन्य 20 प्रस्ताव को महापौर परिषद ने दी स्वीकृति । महापौर परिषद की बैठक महापौर नीरज पाल की अध्यक्षता में अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी परिषद के सदस्यों की उपस्थिति में आहूत किया गया। परिषद् के समक्ष 21 प्रस्ताव विचारार्थ प्रस्तुत किये गये जिसमें सुपेला में संचालित लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल भवन का प्रथम चरण में नगर निगम भिलाई तथा छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेस कार्पोरेशन द्वारा मुख्यमंत्री घोषणा के अन्तर्गत अस्पताल परिसर में पार्किंग को व्यवस्थित कर उद्यान का निर्माण अस्पताल में अतिरिक्त कमरों का निर्माण, वर्तमान वार्ड का विस्तारीकरण, फाल सिलिंग कार्य के साथ वार्ड में लगे बेड को बदल कर नया किया जाएगा। अस्पताल के नये स्वरूप में लिफ्ट की व्यवस्था भी किया जाएगा ताकि अस्पताल में आने वाले मरीजों को कोई असुविधा न हो। बैठक में छत्तीसगढ़ शासन की महत्वकांक्षी योजना रोका छेका संकल्प अभियान अंतर्गत भिलाई निगम क्षेत्र के सड़कों में घूमन्तू मवेशी की धरपकड़ कार्यवाही की जा रही है और मवेशियों को गौठान में रखा जाता है जिसे छूड़ाने के लिए निर्धारित अर्थदण्ड में वृद्धि करते हुए प्रथम बार 2 हजार, द्वितीय 3000 तथा तृतीय और अंतिम बार 5000 रूपये लिए जाने और उसके बाद एफ.आई.आर दर्ज कराने के प्रस्ताव को सहमति प्रदान की गई है। इसी प्रकार निगम क्षेत्र में विभिन्न माध्यमों से उत्सर्जित कार्बन की गणना कर निगम को आर्थिक लाभ के लिए कार्बन क्रेडिट कार्य को स्वीकृति प्रदान दी गई है। निगम के अधिकारी कर्मचारियों को अवकाश नगदी करण एवं एरियर्स के लंबित राशि का भुगतान निगम कोष के संचित निधि की राशि में किये जाने, भिलाई में कार्यपालन अभियंता के अतिरिक्त पद की स्वीकृति, समयपाल अथवा कार्य सहायक ग्रेड 2 में कार्यरत कर्मचारियों को उप अभियंता के पद पर पदोन्नति किये जाने हेतु भर्ती नियम में संशोधन तथा योग्यता में छूट प्रदान करने व भिलाई निगम में उपअभियंता के पद पर संविलियन हेतु छ.ग. शासन को पत्र प्रेषित किये जाने की स्वीकृति प्रदान किया गया। बैठक में प्रस्तुत अन्य प्रस्ताव निगम की संपत्ति की सुरक्षा हेतु सुरक्षा गार्ड की व्यवस्था, स्वीपिंग मशीन क्रय, डबरापारा चौक में निर्माणाधीन वेंडिंग जोन में व्यवस्थापन, वार्ड 4 नेहरू नगर में समता उद्यान के पास सामुदायिक भवन का निर्माण, वार्ड 37 (पुराना वार्ड) शिवालय में डोम शेड निर्माण, जोन 4 खुर्सीपार क्षेत्र में 3 नग महिला पिंक टॉयलेट का निर्माण, छावनी उच्च स्तरीय पानी टंकी से 1.5 एम.एल.डी. फिल्टर प्लांट तक मुख्य पाईप लाईन बिछाने का कार्य, छत पर लगे विज्ञापन बोर्ड का प्रकाशन शुल्क में वृद्धि सहित सामाजिक भवन भूमि आबंटन हेतु अनापत्ति पत्र दिये जाने की स्वीकृति प्रदान किया गया। बैठक में परिषद के सदस्य सीजू एन्थोनी, लक्ष्मीपति राजू, केशव चौबे, संदीप निरंकारी, एकांश बंछोर, लालचंद वर्मा, मन्नान गफ्फार खान, श्रीमती नेहा साहू, रीता सिंह गेरा, मालती ठाकुर, मीरा बंजारे, निगम के विभागीय सचिव, जोन आयुक्त एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# संयंत्र ने अवैध कब्जे के खिलाफ कार्रवाई कर 65.11 एकड़ भूमि रिक्त करवाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 16 सितंबर।** भिलाई इस्पात संयंत्र के नगर सेवाएं विभाग के प्रवर्तन अनुभाग द्वारा इस्पात नगरी भिलाई में अवैध कब्जे को मुक्त करवाने के लिये बडी कार्यवाही की जा रही है। प्रर्वतन अनुभाग ने विगत दो वर्ष 2022-23 और 2023-24 के दौरान कुल 17 महीनों में अब तक कुल 65.11 एकड़ की संयंत्र की भूमि और 389 आवासों को रिक्त करवाया कर एक बडी सफलता अर्जित की है। नगर सेवा विभाग के इस अभियान से इस्पात नगरी में अवैध कब्जों में बढोतरी के प्रयासों में कमी आई है। भिलाई इस्पात संयंत्र अपनी इस्पात नगरी को हमेशा स्वच्छ, स्वस्थ और सुन्दर बनाने में प्रयासरत रहता है। इसमें अवैध कब्जों और असमाजिक तत्वों द्वारा किये जाने वाले गैर अनुशासित कदमों से होने वालें व्यवधान से निपटने के लिये निरंतर प्रयास करता रहता है। संयंत्र के नगर सेवाएं विभाग में प्रवर्तन अनुभाग जिसे इनफोर्समेंट विभाग से भी जाना जाता है ने विगत 2-3 वर्षो से अवैध कब्जे के खिलाफ लगातार बड़े पैमाने पर कार्यवाही की जा रही है। वित्त वर्ष 2022-23 में नगर सेवाएं विभाग ने संपदा विभाग और संपदा न्यायालय के सहयोग से प्रवर्तन अनुभाग ने 31.61 एकड़ भूमि में कुल 289 सम्पत्तियों को अवैध कब्जे से मुक्त करा कर संपदा विभाग और मैन्टेनेन्स आफिस को सुपुर्द किया है। इसमें संयंत्र की भूमि के 76 प्रकरण और 40 डिक्री पारित इस्पात नगरी के आवास शामिल है। चालू वित्त वर्ष में भी नगर सेवाएं विभाग के प्रवर्तन अनुभाग द्वारा अवैध कब्जा मुक्ति का अभियान पूरी गति से जारी रखा है। 1 अप्रैल, 2023 से 31 अगस्त, 2023 तक संयंत्र के अधिकार सीमा की कुल 100 आवासों को मुक्त कराया है। इसमें संपदा न्यायालय द्वारा डिक्री पारित 37 आवास के प्रकरण शामिल है। इसके साथ ही संपदा न्यायालय द्वारा 3 डिक्री पारित भूमि के प्रकरण भी रिक्त कराये गये है। वर्ष 2023-24 के प्रथम 5 माह में कुल 33.5 एकड़ भूमि रिक्त कराने का भी एक कीर्तिमान बनाया है। संयंत्र के नगर सेवाएं विभाग के प्रवर्तन अनुभाग द्वारा कुशल नेतृत्व, सुनियोजित कार्यवाही और व्यवस्थित कार्यवाही से विगत 17 महीनों में सात अवैध स्क्रैप फैक्ट्रियां, मिराज सिनेमा, चोपडा पेंट्रोल पम्प, शिवपारा में अवैध कालोनी, मरोदा में 24 से अधिक अवैध दुकानें, भिलाई इस्पात संयंत्र का पुराना प्रिंटिंग प्रेस की भूमि, सिविक सेंटर में नेहरू आर्ट गैलरी के बाजू की 22 अवैध अस्थाई व्यावसायिक शेड, सिविक सेंटर में रोड चौडीकरण के लिये 23 दुकानों को रिक्त करवाना और नंदिनी रोड़ में संयंत्र की भूमि में अवैध रूप से बनाये 3 फार्म हाउस जैसे प्रकरण शामिल है। मानवीय आधार को ध्यान में रखते हुए बारिश और डेंगू के कारण अवैध कब्जा हटाने की कार्यवाही पर विशेष जोर नहीं दिया जा रहा था। आगामी दिनों में इस अभियान में गति लाई जायेगी और सेक्टर-सेक्टर जांच कर कार्यवाही की जायेगी। इस्पात नगरी की व्यवस्था को व्यवस्थित और बेहतर बनाये रखने के लिये नगर सेवाएं विभाग इस अभियान में और कडाई लाने का प्रयास कर रही है।

## समाचार संक्षेप

### भाजपा में टिकट को लेकर भारी सस्पेंस ,लोगों को विधायक प्रत्याशी की घोषणा का इंतजार

**कवर्धा 16 सितंबर।** कबीरधाम जिले में कवर्धा और पंडरिया में बीस से अधिक प्रत्याशियों की दावेदारी की चर्चा की चर्चा जनमानस में दिख रही है । साहू और कुर्मी समाज में बहुत सारे प्रत्याशी होने के कारण और सामान्य वर्ग में भी कई प्रत्याशी होने के कारण टिकट तय होने में समय लग रही है । पटेल समाज भी बहुतायत में है इसलिए कई लोगो की चाह दिख रही है की पटेल समाज के प्रत्याशी को टिकट मिले । सामान्य वर्ग की भी चाह सामान्य वर्ग को टिकट मिले । साहू और कुर्मी समाज में भी कई लोगो की सोच मेरे समाज को टिकट मिले । टिकट के लिए अधिकतर प्रत्याशियों की दावेदारी के कारण बीजेपी के पदाधिकारी भी असमंजस में दिख रहे है और मंथन और बैठको का दौर जारी है लेकिन अभी तक एक राय पर सहमति नहीं बनी है । महामंत्री संतोष पटेल ने अधिकतर प्रत्याशियों की दावेदारी के सवाल पर कहा की हमारा प्रत्याशी कमल होगा और पार्टी जिस आम कार्यकर्ता को टिकट देगी उसके लिए बीजेपी के सभी कार्यकर्ता ईमानदारी से काम करेंगे और कांग्रेस को बुरी तरह हराएंगे । जनता ने तय कर लिया है की छत्तीसगढ़ में बीजेपी की सरकार बनानी है साथ ही कबीधाम जिले में कवर्धा और पंडरिया में कमल खिलाना है । वर्तमान राजनीति को देखकर कहा जा सकता है टिकट को लेकर भाजपा में भारी सस्पेंस है और जनता को इंतजार बीजेपी प्रत्याशी का है । जिलाध्यक्ष अशोक साहू ने कहा की कांग्रेस की सरकार ने इतना घोटाला किया है की कांग्रेस सरकार की विदाई तय है और कांग्रेस सरकार की उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है । वैसे पान दुकानों , होटलों में चर्चा बना हुआ है एक सामान्य चेहरा और एक ओबीसी या पूर्व सीएम डॉक्टर रमण सिंह या महिला चेहरा भी बीजेपी का प्रत्याशी बना सकती है ।



### विधायक ममता के प्रयास से पांच मिनी स्टेडियम की मिली स्वीकृति

**कवर्धा 16 सितंबर।** पंडरिया विधायक श्रीमती ममता चंद्राकर के प्रयास से मुख्यमंत्री समग्र योजना के अंतर्गत 256. 20 लाख रुपए के 5 मिनी स्टेडियम स्वीकृत हुआ पिछले कई वर्षों से क्षेत्रवासी लगातार मिनी स्टेडियम की मांग करते आ रहे हैं अब जाकर विधायक ममता के प्रयास से स्वीकृति मिल जाने पर क्षेत्र वासियों के द्वारा विधायक ममता एवं छत्तीसगढ़ सरकार भूपेश बघेल को धन्यवाद आभार व्यक्त किया गया जिसमें पंडरिया ब्लाक के ग्राम कुई कुकदूर मिनी स्टेडियम राशि 51.24लाख , ग्राम सुकली गोविंद में मिनी स्टेडियम राशि 51.24लाख, ग्राम कोलगांव में मिनी स्टेडियम राशि 51.24लाख लोहारा ब्लॉक के ग्राम चारभाठा मिनी स्टेडियम राशि 51.24लाख, ग्राम मोहगांव में मिनी स्टेडियम राशि 51.24लाख शामिल है पिछले 4- वर्षों में की पहल से स्वीकृत हुए हैं जिनका निर्माण हो चुका और होने वाला है एवं कुछ का निर्माण चल रहा है यह सभी कार्य वर्षों पुराने से क्षेत्र वासियों के द्वारा लगातार मांग किया जा रहा था अब उन लोगों का सपना सरकार हुआ है कुई कुकदूर तहसील, कुण्डा तहसील, इंदौरी नगर पंचायत पांडातराई हॉस्पिटल किशुनगढ हॉस्पिटल बहुत सारे नवीन धान खरीदी केंद्र सहित बहुत सारे ऐसे कार्य स्वीकृत हुए हैं जिससे पंडरिया विधानसभा में विकास की गंगा बह रही हैं ।



### भाषा हमारी भावनाओं के सम्प्रेषण का सशक्त माध्यमः नीरजा रानी

**भिलाई, 16 सितंबर।** हिन्दी भाषा के अधिकाधिक प्रयोग एवं उसके प्रति अनुराग बढ़ाने के उददेश्य से मचान्दुर महाविद्यालय में काव्य-गोष्ठी सह व्याख्यान का आयोजन हिन्दी विभाग एवं आईक्यूएसी के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। काव्य-गोष्ठी में कला,वाणिज्य एवं विज्ञान के विद्यार्थियों ने अपनी पसंदीदा कवितओं का सस्वर पाठ किया। गणित के प्राध्यापक विकास कुमार ने दुष्यंत की प्रसिध्द गजल एवं अर्थशास्त्र की प्राध्यापक डॉ कल्याणी ने स्वरचित कविता सुनाई। इस आयोजन में शासकीय महाविद्यालय गुंडरदेही के प्राध्यापक डॉ अभिषेक पटेल ने मुख्य वक्ता के रूप में कविता की समाज में भूमिका विषय पर अपना वक्तव्य दिया। उन्होंने आदिकवि वाल्मीकि,महाकवि तुलसीदास से लेकर आज के कवियों द्वारा रची जा रही कविताओं के सामाजिक अवदान और सामासिक संस्कृति के निर्माण में महती भूमिका को रेखांकित किया। अध्यक्षता कर रहीं महाविद्यालय प्राचार्य एवं अंग्रेजी की प्राध्यापक डॉ. नीरजा रानी पाठक ने बच्चों द्वारा प्रस्तुत कविताओं पर संतोष व्यक्त किया और कहा कि भाषा हमारी भावनाओं के सम्प्रेषण का सशक्त माध्यम है। हिंदी भाषा में रचित साहित्य को पढ़कर ही भाषा पर दक्षता हासिल की जा सकती है। कार्यक्रम का संयोजन एवं संचालन हिन्दी विभाग के प्राध्यापक डॉ अंबरीश त्रिपाठी ने किया। प्रो. एन एस एक्का ने आभार ज्ञापन किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक डॉ संगीता, डॉ नीलम, सुश्री वर्षा, सुश्री जागृति एवं मुकेश कुमार सहित समस्त विद्यार्थीगण उपस्थित रहे।






### निगम क्षेत्र में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा का शुभारंभ

**भिलाईनगर 16 सितंबर।** स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के तहत निगम के विभिन्न क्षेत्रों में स्वच्छता के कार्यक्रम आयोजित कर पखवाड़े की शुरूवात की गई, मुख्य आयोजन गुरूनानक सरोवर नेहरू नगर में किया गया। लोगों को जागरूक करने पावर हाउस मार्केट क्षेत्र में रैली निकाला गया। स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े की शुरूवात करते हुए महापौर नीरज पाल ने कहा कि स्वच्छता हमारे जीवन के अभिन्न कार्य है, शरीर स्वच्छ रहेगा तो मन स्वस्थ रहेगा। उसी प्रकार शहर स्वच्छ रहेगा तो नागरिक स्वस्थ रहेगें। शहर की हवा शुद्व रहेगी। नगर की स्वच्छता जन भागीदारी के बिना पुरा नहीं हो सकता। गुरूनानक सरोवर (भेलवा तालाब) नेहरू नगर में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के अंतर्गत महापौर नीरज पाल स्वास्थ प्रभारी लक्ष्मीपति राजू प्रभारी सदस्य चंद्रशेखर गंवई, नेहरू नगर के वरिष्ठ नागरिकों के साथ सरोवर के चारो ओर झाडू लगाकर किया तथा सफाई मित्रो के साथ रैली निकालकर लोगो को स्वच्छता कार्य से जोड़ने के लिए प्रेरित किये। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जारी परिपत्र के आधार पर निगम आयुक्त रोहित व्यास ने निगम क्षेत्र में 15 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा आयोजित किये जाने जोन आयुक्तों को कहा है।



# नवाचार, रचनात्मकता और आजीवन सीखने की भावना होनी चाहिए विद्यार्थियों में: राज्यपाल

**रायपुर, 16 सितम्बर।** शिक्षा एक आजीवन यात्रा है और सीखने की प्रक्रिया कभी नहीं रुकनी चाहिए। विद्यार्थियों में नवाचार, रचनात्मकता और आजीवन सीखने की भावना होनी चाहिए। विद्यार्थी अपने कौशल को लगातार बढ़ाने, अपने क्षितिज को व्यापक बनाने और अपने संबंधित क्षेत्रों में नवीनतम प्रगति से अवगत रहने के अवसरों की तलाश करें। राज्यपाल श्री विश्वभूषण हरिचंदन ने आज आई.टी.एम. विश्वविद्यालय रायपुर के दीक्षांत समारोह में यह उद्गार व्यक्त किए।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में आयोजित आई.टी.एम. विश्वविद्यालय के आठवें दीक्षांत समारोह में विद्यार्थियों को 13 गोल्ड मेडल सहित 377 उपाधियां वितरित की गई। केन्द्रीय भंडार के सीईओ और एमडी श्री मुकेश कुमार, आई.टी.एम के प्रोफेसर आर.एस.एस मनी और कर्नाटक संगीत विशेषज्ञ श्रीमती जी. शारदा



सुब्रमण्यम को विश्वविद्यालय की मानद उपाधि प्रदान की गई ।

कार्यक्रम में राज्यपाल श्री हरिचंदन बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। उन्होंने अपने सम्बोधन में कहा कि यह दीक्षांत समारोह न केवल विद्यार्थियों की सफलता का उत्सव है, बल्कि प्रत्येक के अंदर मौजूद अपार संभावनाओं का भी परिचायक है। शिक्षा सदैव सामाजिक प्रगति के लिए प्रेरक शक्ति रही है। इसमे बाधाओं को तोड़ने, मानदंडों को चुनौती देने और अवसर पैदा करने की शक्ति है। विश्वविद्यालय की शिक्षा यात्रा आपके भविष्य को आकार देगा, आपके द्वारा अर्जित ज्ञान का उपयोग राष्ट्र निर्माण के लिए होगा।

श्री हरिचंदन ने कहा कि हम एक तेज और गतिशील दुनिया में रह रहे हैं, जहां तकनीकी प्रगति और वैश्वीकरण, उद्योगों और व्यवसायों को नया आकार दे रहा है। अपने चुने हुए क्षेत्रों में प्रासंगिक बने रहने और आगे बढ़ने के लिए इन परिवर्तनों को अपनाना आवश्यक है। राज्यपाल ने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि अपनी शिक्षा और ज्ञान का उपयोग व्यक्तिगत विकास के साथ-साथ अपने आस-पास के लोगों के उत्थान के लिए भी करें। जिम्मेदार नागरिक बनें और हमारे महान राष्ट्र के विकास में सक्रिय रूप से योगदान दें। राज्यपाल श्री हरिचंदन ने विद्यार्थियों से कहा कि वे देश के गर्व को न भूलें। हमारा देश आज विश्व की पांचवी बड़ी अर्थव्यवस्था है और प्रधानमंत्री श्री मोदी जी के नेतृत्व में तीसरी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। बहादुर स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों और वीरों जिन्होंने देश के लिए अपना जीवन बलिदान दिया है ,उनके सम्मान में श्री मोदी जी की पहल पर मेरा माटी मेरा देश अभियान चलाया गया। हाल ही में भारत में जी-20 देशों के सम्मेलन के सफल आयोजन ने दुनिया में भारत की साख बढ़ाई। समारोह में दीक्षांत भाषण भाभा परमाणु रिसर्च इंस्टीट्यूट अंतर्गत स्कूल ऑफ एडवांस स्टडीज इन न्यूक्लियर एण्ड टेक्नोलॉजी के चेयरमेन (मानद) एवं पद्मविभूषण से सम्मानित डॉ. आर. चिदम्बरम ने दिया। कार्यक्रम में अध्यक्षीय उद्बोधन आई.टी.एम विश्वविद्यालय के कुलाधिपति प्रोफेसर डॉ. पी. वी. रमणा ने किया। कुलपति डॉ. सुमेन सिंह ने स्वागत उद्बोधन दिया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय नियामक आयोग के चेयरमेन डॉ. उमेश कुमार मिश्रा, विश्वविद्यालय की डायरेक्टर जनरल सुश्री लक्ष्मी मूर्ति, विश्वविद्यालय के अन्य प्रोफेसर, फैकल्टी मेंबर, विद्यार्थी एवं उनके पालकगण उपस्थित थे।

## एक नजर

### लीग फुटबॉल टूर्नामेंट संपन्न



**डोंगरगढ़ 16 सितंबर।** रेल्वे इंस्टीट्यूट डोंगरगढ़ एवं न्यू फ्रेण्ड्स क्लब डोंगरगढ़ के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित स्थानीय लीग फुटबॉल टूर्नामेंट का 14 सितम्बर गुरुवार को समापन हुआ जिसमें अन्ना एफ. सी. एवम सेंट डॉ. इलेवन के मध्य खेला गया जिसमें पहले हाफ में 1-1 से बराबर रही, उसके दूसरे हाफ में भी बराबरी रही । इसके साथ पेनल्टी शूट द्वारा 3 - 0 से अन्ना एफ. सी. ने अपनी जीत दर्ज कराई। मैच काफी रोमांचक रहा। रेफरी मयूर हथेल, एआर क्रिस्टोफर एवं तरूण बोपचे रहे। प्रतियोगिता में प्रथम विजयी टीम को 7001 रू. द्वितीय पुरस्कार 5001 रू. एवं चैलेंज ट्रॉफी दिया गया। टूर्नामेंट में 6 टीमो ने भाग लिया था । कार्यक्रम में वरिष्ठ खिलाडी एस. हनुमन्त राव, निल फासिस, रेलवे इंस्टिट्यूट के सचिव एस वेंकट स्वामी, अध्यक्ष न्यू फ्रेण्ड्स क्लब एन नागेन्द्र कुमार, जुनैद अली, पूर्वानंद कंवर, मनीष ग्वाला, अभय करसे, आकाश बघेल, नरेश वर्मा, तरण बोपचे, स्टेण्डली, अमिश मरकाम, सौरभ, अंकित, हेमंत कुमार, धन्नू वर्मा ,गुलशन, शशांक, रितेश हुमने एवं अन्य खिलाडीगण एवं दर्शकगण उपस्थित थे।

### बरसों पुरानी मांग हुई पूरी



**डोंगरगढ 16 सितंबर।** शहर के पश्चिम छोर में बने आदर्श नगर को बसकर लगभग 30 वर्ष हो चुके, तब से वहीं निवासरत वासियों के द्वारा कॉलोनी में बच्चों के खेलने एवं बुजुर्गो को बैठने-उठने एवं टहलने हेतु एक उद्यान की मांग होती रही है, लेकिन कॉलोनाइजर एवं वार्ड के जनप्रतिनिधियों ने इस और किसी प्रकार का कोई ध्यान नहीं दिया और लोनों की मांग को पूरा करने का कभी भी काई प्रयास नहीं किया गया। आदर्श नगर के वर्तमान पार्षद हरीश मोटघरे, वार्ड नं 20 में पहली बार ही पार्षद पद से निर्वाचित होते ही लोगों की बरसों पुरानी उक्त मांग संज्ञान में लेते हुये पूरे लगन एवं ईमानदारी से अपने पार्षद निधि से कॉलोनी में एक सुन्दर सा बाल उद्यान का निर्माण कराया गया। जो शायद शहर का एकमात्र बहुत ही खुबसूरत बाल उद्यान है। जिसका लोकार्पण पार्षद हरीश मोटघरे द्वारा वार्ड के सम्माननीय नागरिकों की उपस्थिति में 13 सितंबर को किया गया। जिसके बाद से कॉलोनी वासियों में एक खुशी का माहौल है और कालोनी के बच्चों से लेकर बड़े बुजुर्गो तक उक्त उद्यान का लुत्फ प्रतिदिन उठा रहे हैं।

### अवैध शराब बिक्री, पुलिस चौकी सुरगी की आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई



**राजनांदगांव 16 सितंबर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय श्री अभिषेक मीणा के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय श्री लखन पटले, नगर पुलिस अधीक्षक श्री अमित पटेल के मार्गदर्शन में अवैध शराब बिक्री पर पुलिस चौकी सुरगी से लगातार कार्यवाही की जा रही है, इसी क्रम में आज दिनांक 15/09/2023 को मुखबिर सूचना पर ग्राम भोथीपार खुर्द रोड राजाराम फैक्ट्री के सामने के खेत में अवैध रूप से मात्रा से अधिक शराब रखकर बिक्री करते हुए आरोपी ओमप्रकाश यादव पिता पिता बलदेव यादव उम्र 32 वर्ष निवासी बांसपई पारा वार्ड नंबर 39 शिव मंदिर के पास थाना बसंतपुर जिला राजनांदगांव के कब्जे से 80 पौवा देशी प्लेन शराब कुल 14.400 बल्क लीटर कीमती 6,400 रूपये जप्त किया गया ! आरोपी के विरुद्ध पुलिस चौकी सुरगी में में अपराध क्रमांक 00/23, धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत पंजीबद्ध कर विधिवत कार्यवाही की जा रही है। उक्त कार्यवाही में निरीक्षक पुरुषोत्तम ध्रुव, प्र.आर. 1206 लोकनाथ वर्मा, आर. 19 रूपेंद्र साहू एवं आर. 1538 दुष्यंत राणा पुलिस चौकी सुरगी की भूमिका सराहनीय रहा !

# देश को कांग्रेस मुक्त करने का दंभ भरने वाली भाजपा भूपेश के सामने बौनी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छूरिया 16 सितंबर।** राजनांदगांव जिला महिला कांग्रेस की सचिव एवं खुज्जी विधानसभा क्षेत्र की सक्रिय कांग्रेस नेत्री श्रीमती सीमा यादव ने भूपेश बघेल को देश के सबसे पसंदीदा मुख्यमंत्री बनने पर बधाई व शुभकामनाएं देते हुए कहा है कि भारत देश को कांग्रेस मुक्त करने का दंभ भरने वाली भारतीय जनता पार्टी के नेता श्री बघेल के सामने बौने साबित हो चुके हैं। सभी वर्ग के लोगों के कल्याण के लिए लागू की गई अपनी न्याय योजनाओं के चलते छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सबसे लोकप्रिय मुख्यमंत्री साबित हुए हैं, यह बात आईएएनएस सी-वोटर एंगर इंडेक्स में सामने आई है। श्रीमती सीमा यादव ने जारी बयान में कहा है कि बीते पांच वर्षों के दौरान मुख्यमंत्री



भूपेश बघेल के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में नागरिकों को सीधा लाभ पहुंचाने वाली अनेक तरह की योजनाओं का प्रभावी तरीके से क्रियान्वयन किया गया है। किसानों के लिए राजीव गांधी किसान न्याय योजना लागू की गई, जिसके तहत फसलों पर इनपुट सब्सिडी दिए जाने का प्रावधान है। इस योजना के तहत अभी तक 21 हजार 912 करोड़ रुपए की इनपुट सब्सिडी दी जा चुकी है। राज्य के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में 10 हजार 288 गौठानों का निर्माण कर उन्हें औद्योगिक पार्कों के रूप में विकसित किया जा रहा है. रीपा योजना के अंतर्गत 300 औद्योगिक पार्कों की स्थापना की गई है। इन पार्कों में छोटे-छोटे उद्योगों की स्थापना कर रोजगार के अवसरों का सृजन किया जा रहा है।

**छग में 40 लाख लोग गरीबी से बाहर आए:** उन्होंने कहा कि राजीव गांधी भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना के अंतर्गत 05 लाख 62 हजार लोगों को हर साल 07 हजार रुपए की सहायता दी जा रही है। इस योजना में अब तक 758 करोड़ 03 लाख रुपए का वितरण किया जा चुका है। राज्य के आवासहीन परिवारों को आवास उपलब्ध कराने के लिए छत्तीसगढ़ ग्रामीण आवास न्याय योजना संचालित की जा रही है। विभिन्न न्याय योजनाओं के माध्यम से पांच सालों में पौने दो लाख करोड़ रुपए का वितरण किया गया है। नीति आयोग की रिपोर्ट के अनुसार इसी अवधि में छत्तीसगढ़ के 40 लाख लोग गरीबी से बाहर आए हैं। बीते पांच सालों में छत्तीसगढ़ में बेरोजगारी दर लगातार कई महीनों तक देश में न्यूनतम बनी रही। भूपेश सरकार की नीतियों के कारण कोरोना काल के दौरान भी राज्य की अर्थव्यवस्था गतिशील रही। योजनाओं के माध्यम से रोजगार के लाखों अवसरों का सृजन करने के साथ-साथ शासन ने 42 हजार शासकीय पदों पर भर्तियां निकाली। 30 हजार से ज्यादा शिक्षकों की नियुक्तियां की गई। शिक्षित बेरोजगारों को 2500 रुपए हर माह आर्थिक संबल प्रदान करने के लिए बेरोजगारी भत्ता योजना शुरू की गई। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय योजना के तहत अंग्रेजी और हिंदी माध्यम से उत्कृष्ट स्कूलों और अंग्रेजी माध्यम के उत्कृष्ट कॉलेजों की शुरुआत की गई। राज्य में आठ नए मेडिकल कॉलेज खोलने के लिए पहल की गई।

# आबकारी एक्ट के तहत आरोपी गिरफ्तार



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 16 सितंबर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजनादगांव श्रीमान् अभिषेक मीना के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री लखन पटले तथा नगर पुलिस अधीक्षक श्री अमित पटेल राजनादगांव के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी निरीक्षक एमन साहू के नेतृत्व मे असामाजिक तत्वों एवं अवैध शराब बिक्री करने वालो के विरूद्व चलाये जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 15.09.2023 को मुखबीर की सूचना पर रेड कार्यवाही किया जिसमे घटना स्थल लखोली नाका चैक के पास राजनांदगांव आम स्थान में आरोपी अजय यादव पिता स्व0 रामदास यादव उम्र 26 वर्ष साकिन चक्की पारा शीतला मंदिर के पास लखोली थाना कोतवाली राजनांदगॉव (छ0ग0) के कब्जे से 19 पौवा देशी प्लेन शराब मात्रा 3.420 बल्क लीटर कीमती 1520 रूपये जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया।आरोपी का कृत्य आबकारी अधिनियम के धारा 34 (1) के तहत अपराध सबूत पाये जाने से आरोपियों के खिलाफ अपराध क्रमांक 728/23, धारा 34 (1) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया। उपरोक्त कार्यवाही में प्र0आर0 संदीप चैहान, आरक्षक प्रख्यात जैन, अविनाश झा एंव थाना स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही।

### पुलिस अधीक्षक पदोन्नत

**रायपुर 16 सितंबर।** विभागीय पदोन्नति प्रक्रिया के तहत आज दिनांक 15.09.2023 को कार्यालय पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री अभिषेक मीना द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पदस्थ 01 उप निरीक्षक (अ) श्री नरेंद्र कुमार गजभिये को स्टार लगाकर निरीक्षक के पद् पर 04 सहायक उप निरीक्षकों (01) श्रीमती संतोषी ध्रुव, (02) श्री लिखेश वैष्णव, (03) श्री ओकेश कुमार यादव, (04) श्री सत्यम खलखो को स्टार लगाकर उप निरीक्षक (अ) के पद पर पदोन्नत किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा निरीक्षक (अ) एवं उप निरीक्षकों (अ) को उनके उज्जवल भविष्य की कामना कर बधाई दी गई। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री लखन पटले, रक्षित निरीक्षक श्री अरविंद साहू एवं पुलिस अधीक्षक कार्यालयिन स्टाफ उपस्थित थे।

# क्षमता से अधिक शराब परिवहन करने वाले को पुलिस ने पकड़ा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़ 16 सितंबर।** शराब तस्करों पर पैनी नजर रखे पुलिस को मात्रा से अधिक शराब परिवहन करने वाला आरोपी पुलिस के चंगुल में फंस गया। 15 सितम्बर 2023 को डोगरगढ़ पुलिस को सूचना मिला की एक व्यक्ति सफेद रंग के स्कूटी क्रमांक सी. जी. 08 आर 2198 में कटली शराब दुकान से अधिक मात्रा में शराब खरीद कर डोंगरगढ के रास्ते ग्राम गाजमर्रा की ओर जा रहा है कि सूचना पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर टीम गठित कर तत्काल मुखबीर के बताये स्थान पर पुलिस टीम रवाना कर नाकाबंदी कर वाहनो को चेक करने के लिये निर्देशित किया गया। अवैध शराब परिवहन की सूचना पर थाना प्रभारी रामअवतार ध्रुव के नेतृत्व में ग्राम गाजमर्रा रोड के सामने चेक पोस्ट लगाकर आने जाने वाहनो की चेकिंग किया जा रहा था। इसी दौरान चेकिंग एक सफेद रंग का स्कूटी क्रमांक सी.जी. 08 आर 2198 को रोक कर चेक किया गया जिसमें 01 व्यक्ति मिले पूछताछ करने पर अपना नाम खेमचंद अग्रवाल पिता स्व शिव प्रसाद अग्रवाल उम्र 60 साल निवासी लालबहादुर नगर पुलिस चौकी चिचोला थाना छुरिया जिला राजनांदगांव का रहने वाला बताया। स्कूटी वाहन में रखे प्लास्टिक बोरी व गाडी की डिग्गी को चेक करने पर 44 पौवा जम्मू स्पेशल व्हीस्की अंग्रेजी शराब व 14 पौवा देशी प्लेन शराब जुमला मात्र 10.440 बल्क लीटर मिला। जिस संबंध में पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया। आरोपी के कब्जे से 44 पौवा जम्मू स्पेशल व्हीस्की अंग्रेजी शराब व 14 पौवा देशी प्लेन शराब जुमला मात्र 10.440 बल्क लीटर, 01 नग स्कूटी वाहन को जप्त किया गया। आरोपी का उक्त कृत्य आबकारी एक्ट की परिधि में आने पर आरोपी के विरूध्द थाना डोंगरगढ में अपराध क्रमांक 567/23 धारा 34 (2) आबकारी एक्ट का अपराध पंजीबध्द किया गया मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया जंहा से जेल वारंट प्राप्त कर जेल भेजा गया।

# नगर निगम में अभियंता दिवस

**राजनांदगांव 16 सितम्बर।** अभियंता दिवस के अवसर पर आज शुक्रवार 15 सितम्बर 2023 को नगर निगम के कार्यपालन अभियंता कक्ष में आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में आयुक्त सहित कार्यपालन अभियंता श्री यू.के. रामटेके एवं निगम के इंजीनियरों ने भारत रत्न श्री मोक्षगुणम विश्वेस्वरैय्या के तैल चित्र पर माल्यापर्ण कर पूजा अर्चना किये और एक दूसरे को अभियंता दिवस की बधाई दिये। कार्यक्रम में अभियंता दिवस की शुभकामनाएं देते हुये आयुक्त श्री गुप्ता ने उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुये कहा कि सिविल इंजीनियर एम. विश्वेश्वरैया ने आधुनिक भारत में बांध, जलाशय और जल विद्युत परियोजना के निर्माण में महती भूमिका निभाई थी। साथ ही उन्होने मैसूर सरकार के साथ मिलकर कई शैक्षणिक संस्था और कारखानों की स्थापना करवाई थी, उनके योगदानों को देखते हुये सरकार ने उन्हें 1955 में भारत रत्न से सम्मानित किया था। उन्ही की याद में हम आज अभियंता दिवस मना रहे है। उन्होने कहा कि, सभी तकनीकी अधिकारियों को उनके कार्यो का अनुसरण कर कार्य करना चाहिये, तभी अभियंता दिवस मनाने की सार्थकता है। कार्यपालन अभियंता श्री रामटेके ने भी अभियंता दिवस की बधाई देते हुए उनके द्वारा किये कार्यो का अनुसरण करने की अपील की। कार्यक्रम में प्र. सहायक अभियंता श्री दिलीप मरकाम, महापौर परिषद के सचिव श्री संजीव कुमार मिश्रा, उपअभियंतागण सुश्री सुषमा साहू, श्रीमती ज्योति साहू, सुश्री पिंकी खाति, अशोक देवांगन, अनिमेष चन्द्राकर, अनुप पाण्डे, तिलकराज ध्रुव, सुश्री आयुषी सिंह, डागेश्वर कर्ष आदि उपस्थित थें।



### आशानगर में सुविधा विस्तार के तहत् रोड, इंटरलॉकिंग व नाली निर्माण के लिये महापौर ने किया भूमिपूजन



**राजनांदगांव 16 सितम्बर।** शहर विकास की कडी में वार्ड नं. 22 आशानगर में अधोसंरचना मद अंतर्गत 90.00 लाख रूपये की लागत से सीमेन्ट कांक्रिटिंग रोड, इंटरलॉकिंग एवं नाली निर्माण कराया जाना है, जिसके लिए महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख ने पूजा अर्चना कर श्रीफल फोड कर भूमिपूजन किया। कार्यक्रम में जल विभाग के प्रभारी सदस्य श्री सतीश मसीह, कनिष्ट सभापति व वार्ड पार्षद श्री गामेन्द्र नेताम तथा पूर्व पार्षद श्री जितेन्द्र शर्मा विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम के प्रारंभ में रिखी क्षत्री, भाऊराव मेश्राम, अनुज यादव, अखिल अंबादे, श्रीमती स्वाती मानकर, श्रीमती कुमारी ध्रुव, श्रीमती अंजू सिन्हा, जितेन्द्र गौतम ने अतिथियों का पुष्प गुच्छ से स्वागत किया। तत्पश्चात अतिथियों द्वारा वार्ड मे आयोजित कार्यक्रम में पी.सी.सी. रोड, इंटरलॉकिंग व नाली निर्माण कार्य का पूजा अर्चना कर भूमिपूजन किया गया।कार्यक्रम में अपने उद्बोधन में महापौर हेमा देशमुख ने कहा कि राज्य शासन द्वारा द्वारा शहर में मूलभूत सुविधा रोड, नाली के लिये राशि उपलब्ध कराये थे, जिससे वार्डो में विकास कार्य कराये जा रहे है, इसी कडी में आज आशानगर में 90.00 लाख रूपये की लागत से सीमेन्ट रोड, इंटरलॉकिंग तथा नाली का निर्माण कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि उक्त कार्य हो जाने से आशानगर वासियों को आवागमन में सुविधा होगी, इसी प्रकार विकास कार्य वार्ड में प्राथमिकता के आधार पर कराये जायेगे। इस अवसर उप अभियंता श्री अशोक देवांगन सहित आशानगर वासी उपस्थित थे।

### अवैध शराब बिक्री पर अंकुश लगाने कार्रवाई जारी

**राजनांदगांव 16 सितंबर।** थाना डोंगरगांव ङ्क दिनांक 15.09.2023 को श्रीमान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय, जिला राजनांदगांव श्री अभिषेक मीणा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री लखन पटले , अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक,आईयुसीएडब्ल्यु राज0 श्रीमती नेहा वर्मा, के मार्गदर्शन मे थाना प्रभारी निरी0 उपेन्द्र कुमार शाह के नेतृत्व मे डोगरगांव पुलिस द्वारा अवैध शराब बिक्री करने व ले जाने वालो के खिलाफ जारी अभियान के तहत रेड कार्यवाही के दौरान आरोपी महेश निर्मलकर पिता कृपाराम निर्मलकर, उम्र- 32 साल, पता-मचानपार,थाना लालबाग जिला राजनांदगांव को ग्राम आरी-कोनारी चौंक के पास अवैध रूप से अवैध शराब बिक्री करते हुये आरोपी के पास से 40 पौवा देशी प्लेन शराब, किमती 3200/-रूपये को जप्?त कर आरोपी के विरूद्ध विधिवत धारा- 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई ।



### 19 सितम्बर को गणेश चतुर्थी, पर्यूषण पर्व संवत्सरी व उत्तम क्षमा पर पशुवध गृह व मटन मार्केट रहेंगे बंद

**राजनांदगांव 17 सितम्बर।** राज्य शासन के निर्देशानुसार गणेश चतुर्थी एवं पर्यूषण पर्व संवत्सरी व उत्तम क्षमा के उपलक्ष्य में दिनांक 19 सितम्बर 2023 दिन मंगलवार को नगर निगम सीमाक्षेत्र में स्थित पशुवध गृह एवं मटन मार्केट पूर्णरूपेण बंद रहेंगे। महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख एवं नगर निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता ने स्वास्थ्य विभाग को उक्त दिवस पर पशुवध एवं विक्रय कार्य पूर्णतः प्रतिबंधित सुनिश्चित करने कहा है। उन्होने स्वास्थ्य विभाग को उक्त दिवस पर मांस विक्रय करते पाये जाने पर मांस जप्त करने, 5000 रूपये अर्थदण्ड वसूलने एवं संबंधित के विरूद्ध यथोचित कानूनी कार्यवाही करने के निर्देश दिये है।

# मोहारा मेला स्थल का मुख्यमंत्री घोषणा अंतर्गत 2 करोड़ से होगा विकास कार्य

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 16 सितम्बर।** मुख्यमंत्री माननीय भूपेश बघेल जी ने नगर विकास के लिए मूलभूत सुविधा के अलावा भवन, मुक्तिधाम, उद्यान, खेल मैदान, सौन्दर्यीकरण के लिए राशि उपलब्ध कराये है। जिससे वार्डो में विकास कार्य कराया जा रहा है। विकास कार्य की कड़ी में लोगो की मांग पर मोहारा मेला स्थल में विकास कार्य कराने मुख्यमंत्री जी ने 02.00 करोड़ रूपये राशि उपलब्ध कराए है। जिससे मोहारा मेला स्थल में विभिन्न विकास कार्य कराया जाना है। उक्त उद्गार महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख ने भूमिपूजन के अवसर पर दिए। उन्होने कहा कि, संस्कारधानी का मोहारा मेला पूरे प्रदेश में प्रसिद्ध है। जो प्रतिवर्ष कार्तिक पूर्णिमा के दिन आयोजित किया जाता है। प्रातः लोग शिवनाथ नदी में स्नान कर दीप दान करते है, और दोपहर में भव्य मेला लगता है, आज कल तो तीन दिनों का मेला होता है। उन्होने कहा कि, मेला स्थल मे सुविधा विस्तार के लिए मुख्यमंत्री माननीय भूपेश बघेल जी ने 02.00 करोड़ रूपये की स्वीकृति दिए है। जिससे मेला स्थल में सीमेन्ट कांक्रिटिंग रोड़, इंटरलॉकिंग, मंच, शौचालय, निर्माण के अलावा विद्युतीकरण कर सौन्दर्यीकरण किया जायेगा। उक्त कार्य प्रारंभ कर समय सीमा में पूर्ण किया जायेगा, ताकि इस वर्ष के मेला मे इसका लाभ लोगो को मिल सकें।



मुख्यमंत्री घोषणा अंतर्गत स्वीकृत राशि 02.00 करोड़ रूपये से मोहारा मेला स्थल में विकास कार्य कराने महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख ने आज महापौर परिषद् के प्रभारी सदस्यों श्री सतीश मसीह, श्री भागचंद साहू, श्रीमती दुलारी बाई साहू, पूर्व पार्षद श्री अवधेष प्रजापति व श्री गुरूमुखदास वाधवा एवं वरिष्ठ नागरिक श्री डी.सी. जैन की उपस्थिति में पूजा अर्चना कर श्रीफल फोडकर, गैती चलाकर भूमिपूजन किया।

कार्यक्रम में हरभजन सिंह, शैलेन्द्र तिवारी, विजय हरिहारनों, किशोर शर्मा, भागी प्रजापति, राजू प्रजापति ने अतिथियों का पुष्प गुच्छ से स्वागत किया। स्वागत के पूर्व अतिथियों ने भगवान भोलेनाथ के मंदिर में पूजा अर्चना किया, पूजा पश्चात् स्वागत उपरांत भूमिपूजन किया गया। इस अवसर पर उपअभियंता श्री तिलकराज ध्रुव सहित वार्डवासी उपस्थित थें।

# राजीवलोचन फाउंडेशन का हास्य व्यंग्य, संस्मरण, व काव्य गोष्ठी संपन्न

**रायपुर 16 सितंबर।** सुंदर नगर स्थित रवि सदन में राजीवलोचन फाउंडेशन के तत्वावधान में गीत, गजल, संस्मरण, हास्य व्यंग्य तथा काव्य गोष्ठी का आयोजन हुआ । कवि एवं पत्रकार नरेंद्र मिश्रा ने रूस में लाल क्रांति को विस्तार से बताते हुए शेर प्रस्तुत किया- ऐ जिंदगी गम ही सही, आती तो है,,,,

अजय मिश्रा की शेर ना पूछो कि मैं क्या मांगता हूं,,, ना मांगू किसी से, यही मांगता हूं से अच्छा खासा माहौल बन गया।

साहित्यकार अरविंद मिश्रा की पंक्तियां ÷खुदा का कभी कायल नहीं था,,, पर आपकी बातें सुनकर खुदा का कायल हो गया÷,,, ने खूब वाहवाही



बटोरी। कवि एवं साहित्यकार ललित मिश्रा ने छत्तीसगढ़ी हास्य व्यंग्य की अपनी मौलिक पंक्तियां -÷नानचुन मुसुआ ओखर संगवारी छुछुआ,,, दूनों खेलिन छुवी छुवौल,,, से वातावरण हंसी से भर गया । बाल्को के पूर्व जनरल मैनेजर इंजी रवि प्रकाश शुक्ला ने अपने दोस्तों के साथ बीते हुए हंसी मजाक के पलों को बताकर खूब हसाया। वही पूर्व डीएसपी विनोद मिश्रा तथा प्रदीप मिश्रा ने अपने संस्मरण प्रस्तुत किया । सिंचाई विभाग के पूर्व चीफ इंजीनियर प्रमोद मिश्रा ने अपने बचपन के शरारत पूर्ण पुरानी यादों को प्रस्तुत किया। संजय मिश्रा ,आलोक मिश्रा तथा अतुल मिश्रा ने जोक्स प्रस्तुत किये । अरुण मिश्रा तथा आशीष मिश्रा ने गीत गाकर सुनाया ।

संचालन फाउंडेशन के अध्यक्ष ललित मिश्रा तथा आभार महासचिव अतुल मिश्रा ने किया ।

### राजीव युवा मितान क्लब कुम्हारी का पोला पर विभिन्न कार्यक्रम

**अंवरी 16 सितंबर।** ग्राम कुम्हारी में राजीव युवा मितान क्लब ने पोला पर्व के पावन पर्व पर विभिन्न प्रकार के खेलो का आयोजन कराई। राजीव मितान क्लब के अध्यक्ष अनेश्वर यादव,सचिव डोमन सिंह सोनवानी ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार के इस प्रोत्साहन से छत्तीसगढ़ खेलकूद के आयोजनों से छत्तीसगढ़ पारंपरिक खेलों को बढ़ावा मिलेगा। इससे हमारे आने वाली पीढ़ियों को भी छत्तीसगढ़ की पारंपरिक खेलों को जानने समझने और खेलने का अवसर प्राप्त होगा। पोला पर्व के सांस्कृतिक कार्यक्रम के प्रतियोगिता श्रेणी में एकल खेल बिल्लस, फुगड़ी, गेड़ी दौड़, भंवरा, 100 मीटर दौड़, लंबी कूद हैं।

संपादकीय

## मीडिया को स्वतंत्र रहना चाहिए

किसी भी देश में मीडिया को स्वतंत्र रहना चाहिए। उस पर किसी तरह का कोई दवाब किसी राजनीतिक संगठन या सरकार की तरफ से नहीं होना चाहिए। उसे किसी भी दल से, किसी भी नेता से, किसी भी संस्था से सवाल पूछने का अधिकार होना चाहिए। तब ही वह लोकतंत्र में अपना धर्म निभा सकेगा। लोकतंत्र में मीडिया ही तो है जो दलो,नेताओं व संस्थाओं को उनकी कमी बताता है, उनकी आलोचना करता है। जिससे वह अपनी गलती को सुधार पाते हैं। मीडिया तो एक आईना है जिसमें वही छबि दिखाई देती है जो है। अन्य संस्थाओं की तरह मीडिया भी लोकतंत्र का रक्षक है। उसके होने से ही लोकतंत्र की रक्षा होती है। मीडिया पर किसी तरह का दवाब बनाया जाएगा तो वह निष्पक्ष रूप से कैसे अपनी बात कह सकेगा। कैसे वह किसी को कह सकेगा यह आप गलत कर रहे हो, आपका यह आचरण लोकतंत्र के लिए ठीक नहीं है। लोकतंत्र में न्यायपालिका व मीडिया किसी के प्रति कमिटेड नहीं हो सकते। यदि वह किसी के प्रति कमिटेड हो गए तो वह सच नहीं कह सकेंगे। मीडिया के सच कहने के लिए उसका स्वतंत्र रहना जरूरी है। इस देश में मीडिया की स्वतंत्रता कई लोगों को पसंद नहीं आती है क्योंकि चाहते हैं कि मीडिया वही कहे जो वह चाहते हैं। मीडिया उसे ही सच माने जो वह कहते हैं। मीडिया वैसा ही कहे जैसा वह चाहते हैं। यह फिर मीडिया कहां रहा, यह तो किसी का भोंपू हो गया। मीडिया को भोंपू बनाने की कोशिश इस देश में दूसरी बार इंडी अलायंस ने किया। सबसे पहले इमरजेंसी के वक्त मीडिया को भोंपू बनाने का प्रयास किया गया। उसके बाद अब इंडी अलायंस की समन्वय समिति ने देश के चैनलों के 14 एंकरों के नामों की सूची जारी कर उनके शो का बहिष्कार करने का फैसला किया है। यह तो मीडिया की स्वतंत्रता को बाधित करना है। मीडिया पर दवाब डालनाहै कि हम जैसा चाहते हैं आप वैसा ही करो। आप ऐसा नहीं कर रहे हो तो हम आपका बहिष्कार कर ऐसा करने के लिए मजबूर कर देंगे। यह समन्वय समिति इंडी अलायंस की है, इसलिए यह काम भी इंडी अलायंस का माना जाएगा। यह अलायंस सनातन को समाप्त करने के नाम पर वैसे ही विवादों में है। इसे कोई अच्छा नहीं कह रहा है। सब सनातन की आलोचना की लिए अलायंस की निंदा कर रहे हैं। इससे हिंदी बेल्ट के दलों को असुविधा हो रही है,उन्हें कहना चाहिए जो लोग सनातन का आलोचना कर रहे हैं, वह गलत कर रहे हैं। वह कह नहीं पा रहे हैं, अब तो उनको तो यह कहने की जरूरत है कि समन्वय समिति का कुछ एंकरों के शो का बहष्किार का फैसला गलत है, लेकिन वह यह भी नहीं कह पा रहे हैं। एलायंस के मीडिया के बहिष्कार के फैसले को कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेडा ने यह कहकर सही साबित करने की कोशिश की है कि यह चैनल देश में नफरत फैला रहे हैं। इसलिए इनका बहिष्कार करने का फैसला ठीक है। यह फैसला किसी तरह से ठीक नहीं है, यह फैसला वास्तव में मीडिया ठीक करने का है। उसे दवाब में लाने का है ताकि वह विपक्ष से सवाल न पूछे। विपक्ष को पीएम मोदी से सीखना चाहिए कि मीडिया का सम्मान कैसे किया जाता है। 2002 से 2012 तक मीडिया ने गुजरात दंगों को लेकर उनसे रोज सवाल पूछे, उन्हें दंगों के लिए दोषी ठहराने का प्रयास किया। लेकिन मोदी ने कभी मीडिया का अपमान नहीं किया, कभी नहीं कहा कि मीडिया ऐसा करके गलत कर रहा है। अलायंस को बने अभी कुछ महीने ही हुए हैं और अलायंस को मीडिया का बहिष्कार करना पड़ रहा है कि वह हमसे सवाल पूछता है। अलांयस की समन्वय समिति का यह फैसला गलत है तो उसे वापस लेना पड़ेगा। अच्छा तो यह है कि वह जल्द से जल्द वापस ले ले।

## आज का राशिफल

मेष राशि- आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज आपको आपनी मेहनत का उचित परिणाम मिलेंगा। इस दौरान आपको कहीं बाहर की यात्रा करने की जरूरत पड़ सकती है। यात्रा विदेश की भी हो सकती है। इसके साथ ही आप परिवार में सबको खुश रखने की कोशिश में लगे रहेंगे आपको अच्छा लगेगा। आज आपके अंदर त्याग और सहयोग की भावना रहेगी। आज आपको किसी महत्वपूर्ण चर्चा में शामिल होने का मौका मिलेगा, जिसमें आपकी सहभागिता अच्छी खासी रहेगी। कोई प्रिय मित्र आपसे किसी विशेष विषय को लेकर बातचीत कर सकता है।

वृष राशि- आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आप अपने कामों पर पूरा फोकस बनाए रखें। आज आपको एक से अधिक स्रोतों से लाभ होने के योग बन रहे हैं। आज कार्यक्षेत्र में आप कुछ नया अनुभव करेंगे, इससे आपका कॉन्फिडेंस बढ़ेगा। आप काम को पूरा करने के लिए नए उपकरणों को भी शामिल कर सकते हैं। आपके धन प्राप्ति के मार्ग में यदि कुछ बाधाएं आ रही थी, तो वह आज दूर होगी। आज परिवार का कोई संपत्ति संबंधित समस्या सुलझ सकता है, जिसमें आपको वरिष्ठ सदस्यों की मदद भी मिलेगी । भाई व बहनों का सहयोग आपको भरपूर मिलेगा। मां की किसी इच्छा को पूरा करने में सफल होंगे।

मिथुन राशि- आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है।आज का दिन आपके लिए किसी संपति संबंधित मामले में जीत दिलाने वाला रहेगा। आपको शासन व सत्ता का पूरा लाभ मिलेगा और आपके प्रभाव में वृद्धि होने से आपको खुशी होगी । किसी अजनबी पर भरोसा करने से आपको बचना चाहिए। आज व्यापार कर रहे लोगों को अपने काम के गति को बढ़ाने का अच्छा मौका मिलेगा। आज आपका दाम्पत्य जीवन बेहतरीन रहने वाला है। छात्रों को आज कैंपस सिलेक्शन द्वारा किसी अच्छी कंपनी में जॉब मिलेगी।

कर्क राशि- आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आप अपने कामों में जल्दबाजी दिखाने से बचेंगे तो आप समस्या से बच जायेंगे। आपका कोई मित्र आपसे आर्थिक मदद मांग सकता है, जिसकी आप अपनी क्षमता के अनुसार मदद करेंगे। आज आपको घर की कोई जिम्मेदारी मिलेगी, जिसे पूरा करने में आप सफल होंगे। नौकरी कर रहे लोगों को कोई बड़ी उपलब्धि मिलने से खुशी होगी। आज आप किसी बड़े लक्ष्य को ध्यान में रखकर प्लान बनाएंगे। आज आप दान पुण्य के कार्य में भी खर्च करेंगे। नवविवाहित दंपत्ति आज एक दूसरे से अपने मन की बात शेयर करेंगे।

सिंह राशि- आज का दिन आपके लिए निश्चित रूप से फलदायक रहने वाला है। आपको अपने व्यवसाय के कार्यो में कुछ अडचनों का सामना करना पड़ सकता है, लेकिन आप अपनी सूझ-बुझ से उनसे छुटकारा पाने में सफल होंगे। आज संतान के करियर को लेकर आप कुछ नया प्लान करेंगे किसी अनुभवी व्यक्ति से सलाह भी लेंगे। आज आपकी किसी संपत्ति का सौदा हो सकता है। आपका नया वाहन खरीदने का सपना पूरा होगा। माता-पिता को आप किसी धार्मिक यात्रा पर लेकर जा सकते हैं। आज आप अपनी मेहनत और समझदारी से हर मुश्किल आसान बना लेंगे। आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा।

कन्या राशि- आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। साझेदारी में किसी डील को फाइनल करना आपके लिए अच्छा रहेगा। आज आपके दांपत्य जीवन में सुख समृद्धि बनी रहेगी। आज आपके पद व प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। जीवनसाथी के साथ आप किसी बड़ी डील को फाइनल करेंगे। आज भावुकता में लिए गए किसी निर्णय पर फिर से विचार करना पड़ सकता है। लवमेट्स आज लॉन्ग ड्राइव पर जाएंगे, रिश्ते में मधुरता बनी रहेगी। आज आपके काम करने की शैली को लोग नोटिस करेंगे, आपसे सीखना भी चाहेंगे। व्यापार में अच्छी सफलता के योग बने हुए हैं।

तुला राशि- आज का दिन आपके लिए खास होने वाला है। आज ऑफिस में सीनियर्स और बॉस के द्वारा कुछ बताया जा रहा है तो उसे गंभीरता से सुने और अपनी कमियों को जानकर उसे सुधारने का प्रयास करें। आज बिजनेस को बढ़ाने के लिए कुछ निवेश करने का प्लान बनाएंगे। किसी प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे लोगों को सफलता मिलने के योग बने हुए हैं। फैमिली की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए खर्च और खरीदारी करते समय संतुलन बनाकर चलना होगा। आज सेहत के मामले में सावधान रहें।

वृश्चिक राशि- आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज बिजनेस को लेकर आपको कुछ नयी योजना बनानी पड़ सकती है। आज विद्यार्थियों को किसी टॉपिक को समझने के लिए शिक्षकों का सहयोग मिलेगा। आज किसी पारिवारिक समस्या को शांत रहकर सुलझाने का प्रयास करें। अचानक धन लाभ होने से आपकी आर्थिक स्थिति अच्छी होगी। लवमेट्स आज किसी अच्छे रेस्टोरेंट में डिनर के लिए जायेंगे, रिश्ते में और मजबूती आएगी। वाहन चलाते समय सावधानी बरते। आज आप नया घर लेने में सफल होंगे।

धनु राशि- आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। कार्यस्थल पर अच्छे प्रदर्शन को दोहराने के लिए एकाग्रता बनाएं रखनी होगी। बिजनेसमैन के लिए दिन अच्छा रहने वाला है। व्यापारिक लेन-देन में आज आपको सावधानी बरतने की जरूरत है। आज आपका मन आध्यात्म में अधिक लग सकता है। आज किसी धार्मिक स्थल पर दर्शन के लिए जा सकते हैं। आज हर काम को धैर्य और समझदारी से पूरा करने की कोशिश करेंगे। आज आपको कुछ महत्वपूर्ण अवसर मिलेंगे, जिससे आपके जीवन में अच्छा बदलाव आएगा।

मकर राशि- आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आपका पूरा ध्यान अपने कार्यो में सुधार करने में रहेगा। आज बच्चे आपने माता पिता का ज्यादा ध्यान रखेंगें । मन में चल रही कोई बात शेयर भी करेंगे। उधार दिया हुआ पैसा आज अचानक वापस मिलेगा। बिजनेस में कोई बड़ी सफलता हाथ लग सकती है। आज आप कुछ नया काम शुरू करने की सोच सकते है, लेकिन शुरू करने से पहले अपनों से बड़ों की सलाह जरूर लेनी चाहिए । पारीवारिक मामले में आज आपका निर्णय कारगर साबित होगा।

कुंभ राशि- आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज किसी मामले में अपनी समझ से काम करना होगा, तभी काम का परिणाम अच्छा मिलेगा। आज आपकी सोच सकारात्मक बनी रहेगी। समाज में आपका मान- सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक कार्य में आपकी रूचि बढ़ेगी, आज आप घर पर कोई धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन कर सकते हैं। आज घर के बड़े बुजुर्गों का खास ख्याल रखें। लवमेट्स एक दूसरे के भावनाओं की कद्र करेंगे। अविवाहित जातकों के लिए विवाह के अच्छे रिश्ते आयेंगे। आज आपकी आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी।

मीन राशि- आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आया है। आज ऑफिस में वर्कलोड बढ़ सकता है लेकिन आपके द्वारा किया गया काम आपके बॉस को इम्प्रेस करेगा। रुपए-पैसों के मामले में लापरवाही करने से बचे। टूर-एंड-ट्रेवल्स संबंधी बिजनेस में नया मोड़ आ सकता है, आपके व्यापार की गति बढ़ेगी। आज अपको किसी करीबी से कोई ऐसी सलाह मिलेगी, जिससे आपको काफी फायदा होगा।

# एक देश-एक चुनाव से खुलेगा देश की प्रगति का मार्ग

मुद्दा

डॉ सूर्यकांत मिश्रा,राजनांदगांव



एक देश एक चुनाव की सोच को वास्तव में पुख्ता करने की जरूरत है । सुरक्षा और खर्चो की बात को ध्यान में रखते हुए देश के शीर्षस्थ राजनीति कारों को एक देश एक ,एक चुनाव पर ठप्पा लगाने से पीछे नहीं रहना चाहिए , क्योंकि भारतवर्ष विश्व का एक बड़ा देश है जहां की जनसंख्या पूरी दुनिया से अधिक है । इसलिए लोकसभा और विधानसभाओं के लिए एक साथ चुनाव प्रक्रिया संपन्न होना आर्थिकता की दृष्टिकोण से गलत नहीं हो सकती । स्थानीय निकायों के लिए दूसरे चरण के रूप में चुनाव संपन्न कराए जाने चाहिए । हमारे विराट भारतवर्ष में लोकसभा की 500 से ऊपर सीटें और विधानसभा की हजारों सीटों के लिए एक साथ चुनाव कराने का मार्ग अगर प्रस्तुत हो जाता है , तो हमें नगरीय निकायों के चुनाव के लिए अलग से दूसरे चरण में व्यवस्था करनी होगी । कारण यह की जहां खर्चों की बड़ी व्यवस्था करनी होगी वहीं सुरक्षा बल एक साथ तैनात करना भी सरकार के लिए संभव नहीं हो सकेगा । इसलिए लोकसभा और विधानसभा के चुनाव पहले चरण में पूरे कराए जाने चाहिए जबकि दूसरे चरण में स्थानीय निकायों के लिए चुनाव प्रक्रिया संपन्न की जानी चाहिए ।

भारतवर्ष के स्वतंत्र होने के बाद से ही इस बात की चर्चा की जाती रही है कि एक देश , एक चुनाव प्रणाली पर देश के चुनाव कराए जाने चाहिए । लंबा समय बीत जाने के बाद हमारे देश के राजनीतिकारों ने न जाने क्यों इस पद्धति को अमल में नहीं लाया । अब जरूरत प्रबलता के साथ सामने आ रही है , कि एक देश , एक चुनाव को अपनाकर चुनाव में होने वाली फिजूल खर्ची और सुरक्षा बलों को मजबूती प्रदान की जाए । पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में इस हेतु बनाई गई समिति अपनी रिपोर्ट पेश करने की तैयारी में है । मैं इसे एक अच्छा कदम मानता हूं । भारतवर्ष में ऐसे भी गरीबों की संख्या कम नहीं है । चुनाव में खर्च होने वाली बड़ी राशि को एक देश ,एक चुनाव के माध्यम से बचाकर हमारे देश की गरीबी को दूर करने में सहायता मिल सकती है । एक देश एक चुनाव प्रक्रिया जहां देशवासियों के लिए सुखद परिणाम दे सकती है वही राजनीति के क्षेत्र में अपनी कुर्सी के लिए तड़प महसूस करने वाले राजनीतिज्ञो के लिए यह एक अभिशाप हो सकता है ! कारण यह की एक साथ चुनाव होने से उन्हें लोकसभा या विधानसभा में से किसी एक को ही चुनना पड़ेगा । ऐसी स्थिति में मैं समझता हूं कि एक देश , एक चुनाव वाले नियम को ध्वनि मत से पास होने में कहीं ना कहीं बड़ी समस्या सामने आ सकती है ।

मुझे संदेह है एक देश , एक चुनाव को लेकर हमारे देश के राजनीतिक कारों के एक मत होने की । कारण यह की हमारे देश में लोकसभा से लेकर विधानसभा चुनाव में एक प्रत्याशी एक से अधिक चुनाव मैदान से अपनी चुनौती पेश करता आ रहा है । एक देश , एक चुनाव प्रणाली लागू हो जाने से ऐसे अवसरवादी नेताओं को एक से अधिक सीट से चुनाव लड़ने का मौका नहीं मिल पाएगा , और उनका सपना चूर-चूर हो सकता है । देश का एक जागरूक नागरिक होने के साथ मैं यह समझता हूं कि एक से अधिक स्थान से चुनाव लड़ने की प्रक्रिया एक देश , एक चुनाव के माध्यम से ही समाप्त की जा सकती है । यह प्रणाली अवसरवादियों से लेकर चुनाव के बड़े खर्च को रोकने में कारगर सिद्ध होगी । हमारे देश में विधानसभा से लेकर लोकसभा के चुनाव में एक ही पार्टी के प्रत्याशी एक स्थान के अलावा दो और तीन स्थानों से भी चुनाव लड़ते आ रहे हैं ! इस स्थिति में यदि वह सभी स्थानों से चुनाव जीत जाते हैं तो उन्हें एक स्थान को चुनते हुए अन्य स्थानों से विधायकी अथवा सांसदी से इनकार करना कानूनी रूप से जरूरी हो जाता है । अब एक या दो स्थान से छोड़ी गई विधायकी अथवा सांसदी के लिए पुनः चुनाव कराने की जरूरत निश्चित रूप से महसूस की जाती है । फिर से वही चुनाव खर्च और फिर से वही चुनाव प्रक्रिया । पुलिस सुरक्षा और मतदान से लेकर मतगणना तक चाक चौबंद व्यवस्था में देश का पैसा पानी की तरह बहाया जाता है ! यदि देश में एक देश , एक चुनाव प्रक्रिया को अपनाया जाना सुनिश्चित हो जाता है , तो हमारे देश के चुनाव आयोग को यह नियम भी सख्ती के साथ बना देना चाहिए , कि कोई भी प्रत्याशी एक से अधिक स्थान से चुनाव नहीं लड़ सकेगा । इस संबंध में दूसरा सुझाव यह भी हो सकता है कि यदि कोई प्रत्याशी एक से अधिक स्थान जीतने के बाद नियम के अनुसार स्थान को रिक्त करता है तो उस स्थान पर उस प्रत्याशी को विजय घोषित किया जाना चाहिए जो द्वितीय क्रम पर मतगणना के समय स्थान रखता था ।

नगर निगम से लेकर नगर पालिका पंचायत, जनपद और हमारे देश में कई तरह के होने वाले स्थानीय निकायों के चुनावों को दूसरे चरण के माध्यम से संपन्न किया जा सकता है । इस तरह कुल दो चरणों में देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती के साथ अन्य विकास के कामों में उपयोग करना हमारे लिए आसान हो सकता है । एक देश , एक चुनाव प्रक्रिया को अपनाते हुए प्रथम चरण के लोकसभा और विधानसभा के चुनाव में होने वाले खर्च में से एक बड़ी रकम बचाकर जहां देश के विकास में लगाया जा सकता है , वहीं गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन कर रहे लोगों को मूलभूत सुविधाएं प्रदान की जा सकती हैं ! साथ ही चुनाव खर्च से बचाई गई रकम के सहयोग से रोड , सड़क , नाली की व्यवस्था करते हुए साफ सफाई पर भी समुचित ध्यान दिया जा सकता है । इस प्रकार की व्यवस्था से देश की जनता पर पड़ने वाला करों का बोझ भी कुछ मायनों में कम किया जा सकता है ।

भारतवर्ष के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सुझाव , जो एक देश , एक चुनाव के रूप में सामने आया है, उसे सहर्ष स्वीकार किया जाना जनता तथा देश के हित में है । क्या हमारे देश की जनता इस बात से वाकिफ नहीं है कि चुनाव चाहे किसी भी स्तर का हो बार-बार चुनाव आचार संहिता लगने से विकास कार्यों पर रोक लग जाती है । दूसरी ओर शैक्षणिक कार्य प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित होता है । सारे शिक्षकों की ड्यूटी चुनाव कार्य में लगा दी जाती है । शासकीय कार्यालय में भी काम ठप हो जाते हैं । अधिकारियों , कर्मचारियों को भी चुनाव प्रक्रिया में झोंक दिया जाता है । यह कहने में कोई संकोच नहीं की चुनाव के दौरान देश का विकास भले ही कुछ समय के लिए लेकिन रुक तो जाता ही है । हर प्रकार की असुविधा से बचने और देश को विकास के पथ पर अग्रसर करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक देश, एक चुनाव , सुझाव को मानना ही वर्तमान की जरूर दिखाई पड़ रही है ।

# नये भारत के निर्माता हैं कर्मयोद्धा नरेन्द्र मोदी

जन्म दिवस विशेष

ललित गर्ग



एक महान् कर्मयोद्धा के रूप में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राजनैतिक, सामाजिक, आध्यात्मिक, सामरिक और आर्थिक सशक्तता की छाप छोड़ते हुए भारत को विश्वगुरु बनाने को तत्पर है, यह इतिहास के निर्माण का भाव है। निश्चित ही उनकी दृष्टि एवं दिशा भारत के नवशिल्प का आधार है। उन्होंने अंधेरों, अवरोधों एवं अक्षमताओं से संघर्ष करने की एक सार्थक मुहिम वर्ष 2014 में शुरू की। वे राजनीति में शुचिता के प्रतीक, अध्यात्म एवं विज्ञान के समन्वयक, कुशल राजनेता, प्रभावी प्रशासक, विलक्षण व्यक्तित्व के धनी हैं। उनके 73वें जन्म दिवस पर सुखद एवं उपलब्धिभरी प्रतिध्वनियां सुनाई दे रही है, जिनमें नये भारत एवं आत्मनिर्भर भारत के अमृतमय स्वर गूंज रहे हैं। हमने हाल ही में उनके नेतृत्व में भारत की अध्यक्षता में हुई जी-20 के समिट में विश्व मंच पर भारत की अमिट छाप छोड़ी है। उनका करिश्माई व्यक्तित्व एवं कृतित्व ही है कि नयी दिल्ली में आयोजित जी-20 शिखर सम्मेलन के घोषणापत्र पर आम सहमति बनी। वैश्विक विश्वास की कमी को पाटने तथा दुनिया में भरोसा विकसित करने की दिशा में यह एक ऐतिहासिक मील का पत्थर है। उनके जीवन का प्रत्येक पल नये आयाम एवं नयी दिशाएं उद्घाटित करता रहा है, हमने मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम के मन्दिर के शिलान्यास का दृश्य देखा तो भारत को दुनिया की तीसरी आर्थिक ताकत बनने की ओर अग्रसर होते हुए देख रहे हैं। मोदी के नेतृत्व में राजग सरकार के 9 वर्ष पूरे हो गए। इस दौरान उनके अनेकों यशस्वी कीर्तिमानों एवं उपलब्धियों में जो दो विशेष उपलब्धियां भारत के हर नागरिक के मन को अधिक छूती हैं, उनमें पहली है दुनिया में 'भारत का इकबाल' स्थापित होना। दूसरी- देश के भीतर 'भारत भी कर सकता है' भावना का संचार होना। अर्थात 'सब चलता है' वाला दृष्टिकोण अब भूतकाल के गर्त में है।

नरेन्द्र मोदी ने उद्देश्यपूर्ण जीवन जीकर जो ऊंचाइयां एवं उपलब्धियां हासिल की हैं, वे किसी कल्पना की उड़ान से भी अधिक है। अपने जीवन के सार्थक प्रयत्नों से उन्होंने इस बात को सिद्ध किया है कि साधारण पुरुष वातावरण से बनते हैं, किन्तु महामानव वातावरण बनाते हैं। समय और परिस्थितियां उनका निर्माण नहीं करती, वे स्वयं समय और परिस्थितियों का निर्माण करते हैं। साधारण पुरुष जहां अवसर को खोजते रहते हैं, वहां मोदी जैसे महापुरुष नगण्य अवसरों को भी अपने कर्तृत्व की छेनी से तराश कर उसे महान् बनाते हैं। उम्र के जिस मोड़ पर व्यक्ति पूर्ण विश्राम की बात सोचता है, उस स्थिति में मोदी जैसे राष्ट्रनायक नव-निर्माण, नव-सृजन करने एवं दूसरों को प्रेरणा देने में अहर्निश लगे हैं। विरोध को समभाव से सहकर वे जिस प्रकार उसे विनोद के रूप में बदलते रहते हैं। निश्चित ही एक प्रेरक पृष्ठ है नरेन्द्र मोदी।

नरेन्द्र मोदी के प्रभावी एवं चमत्कारी नेतृत्व में हमने आजादी का अमृत महोत्सव मनाने के बाद वास्तविक आजादी का स्वाद चखने लगे हैं, आतंकवाद, जातिवाद, क्षेत्रीयवाद, अलगाववाद की कालिमा धूल गयी है, धर्म, भाषा, वर्ग, वर्ण और दलीय स्वार्थो के राजनीतिक विवादों पर भी नियंत्रण हो रहा है। इन नवनिर्माण के पदचिन्हों को स्थापित करते हुए कभी हम मोदी के मुख से स्कूलों में शोचालय की बात सुनते है तो कभी गांधी जयन्ती के अवसर पर स्वयं झाडू लेकर स्वच्छता अभियान का शुभारंभ करते हुए उन्हें देखते हैं। मोदी कभी विदेश की धरती पर हिन्दी में भाषण देकर राष्ट्रभाषा को गौरवान्वित करते है तो कभी ÷मेक इन इंडिया÷ का शंखनाद कर देश को न केवल शक्तिशाली बल्कि आत्म-निर्भर बनाने की ओर अग्रसर करते हैं। नई खोजों, दक्षता, कौशल विकास, बौद्धिक संपदा की रक्षा, रक्षा क्षेत्र में स्वदेशी उत्पादन, श्रेष्ठ का निर्माण-ये और ऐसे अनेकों सपनों को आकार देकर सचमुच मोदीजी लोकतंत्र एवं राष्ट्रीयता को सुदीर्घ काल के बाद सार्थक अर्थ दे रहे हैं।



नरेन्द्र मोदी एक कर्मयोद्धा है, विकास एवं जनकल्याणकारी योजनाओं उनके नेतृत्व में सरकार और सेना ने सर्जिकल स्ट्राइक/एयर स्ट्राइक कर जबरदस्त पराक्रम का प्रदर्शन कर दिखाया है कि भारत की रक्षा शक्ति दुनिया के किसी विकसित देश से कम नहीं है। भारत पारंपरिक लड़ाई के साथ-साथ माडर्न लड़ाई में दुनिया की पेशेवर सेनाओं में से एक है। भारतीय जवानों द्वारा पाकिस्तान की सीमा में घुसकर आतंकियों के ठिकानों को तबाह कर देना भारत की बड़ी शक्ति एवं सामर्थ्य का परिचायक है। मोदी सरकार ने अपने दूसरे कार्यकाल में सबसे बड़ा एवं साहसिक ऐतिहासिक फैसला जम्मू-कश्मीर को लेकर लिया जो जनसंघ के जमाने से उसकी प्राथमिकता रहा है। जम्मू कश्मीर में अनुच्छेद 370 को निष्प्रभावी बनाने का कदम उठाने के साथ-साथ राज्य को दो हिस्सों में बांटने का काम भी इसी कार्यकाल में हुआ। मोदी सरकार के फैसले के बाद कश्मीर में एक देश, एक विधान और एक निशान लागू हो गया है। मोदी की विकास की योजनाएं, नीतियां, सिद्धान्त और संकल्प सही परिणामों के साथ सही लोगों तक पहुंच रहे हैं। श्री मोदी का जन्म 17 सितंबर 1950 को गुजरात के एक छोटे से शहर में हुआ था। वे 'अति पिछड़ा वर्ग' परिवार से आते हैं, जो समाज के हाशिए पर पड़े वर्गो में से है। वह बेहद गरीब, लेकिन प्यार देने वाले परिवार में पले बड़े। जीवन की शुरुआती कठिनाइयों ने न केवल उन्हें कड़ी मेहनत के मूल्य को सिखाया बल्कि उन्हें आम लोगों के कष्टों से भी अवगत कराया। आम जन की गरीबी ने उन्हें बहुत कम उम्र में ही लोगों और राष्ट्र की सेवा में डूबने के लिए प्रेरित किया। अपने प्रारंभिक वर्षों में उन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के साथ काम किया, जो राष्ट्र निर्माण के लिए समर्पित एक राष्ट्रवादी संगठन है और बाद में राष्ट्रीय और राज्य स्तर पर भारतीय जनता पार्टी के संगठन में काम करने के लिए खुद को राजनीति में समर्पित किया।

नरेंद्र मोदी विश्व के चर्चित एवं शिखर नेता होकर भी जन-जन के एवं जमीनी नेता हैं और वे आमजन के बीच जाने, उनकी समस्याओं को हल करने और उनके जीवन स्तर में सुधार करने के लिए समर्पित हैं। लोगों के बीच रहने, उनके साथ खुशियाँ साझा करने और उनके दुखों को दूर करने से ज्यादा कुछ भी उनके लिए संतोषजनक नहीं है। जमीनी स्तर पर तो उनका लोगों के साथ एक मजबूत व्यक्तिगत जुड़ाव तो है ही साथ ही साथ सोशल मीडिया पर भी उनकी मजबूत उपस्थिति है। राजनीति से परे नरेंद्र मोदी को लिखना पसंद है। उन्होंने कई कविता और कई किताबें लिखी हैं। उनके विचारों में राष्ट्रवादी, सामाजिक एवं व्यक्तिगत उन्नयन के क्रांति-बीज मिलते हैं। मन की बात कार्यक्रम में वे राष्ट्र उन्नयन, सामाजिक-क्रांति, आडम्बरप्रधान विकृत प्रवृत्तियों को बदलने एवं समाज-राष्ट्र-निर्माण में उल्लेखनीय कार्य करने के उपाय निर्दिष्ट करते हैं। वे अपने दिन की शुरुआत योग से करते हैं। योग उसके शरीर और दिमाग को मजबूत बनाता है और तेज गति चलने वाली दिनचर्या में शांति का भाव पैदा करता है। वे प्रकृति प्रेमी हैं। नरेन्द्र मोदी विश्वनेता के रूप में प्रतिष्ठित है, उन्हें अनेक देशों ने अपने सर्वोच्च सम्मान प्रदत्त किये हैं। सऊदी अरब के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'किंग अब्दुलअजीज सैश' से तो रूस के शीर्ष सम्मान 'द ऑर्डर ऑफ सेंट एंड्रयू द एपोस्टले सम्मान', फिलिस्तीन के 'ग्रैंड कॉलर ऑफ द स्टेट ऑफ फिलिस्तीन' सम्मान, अफगानिस्तान के 'अमीर अमानुल्ला खान अवॉर्ड', यूएई के 'जायेद मेडल' और मालदीव के 'निशान इज्जुद्दीन' सम्मान से सम्मानित किया गया है। 2018 में प्रधानमंत्री मोदी को शांति और विकास में उनके योगदान के लिए प्रतिष्ठित सियोल शांति पुरस्कार भी दिया गया।

नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद दुनिया के तमाम देशों के साथ भारत के संबंध प्रगाढ़ हुए हैं और देश का सिर सम्मान से ऊंचा उठा और अंतरराष्ट्रीय पहचान मिली है। मोदी-दर्शन कहता है-जो आदमी अभय से जुड़ता है वह अकेले में जीने का साहस करता है। जो अहिंसा को जीता है वह विश्व के साथ मैत्री स्थापित करता है। जो अनेकांत की भाषा में सोचता है वह वैचारिक विरोधों को विराम देता है। उनका आत्मविश्वास उन्हें नित-नवीन रोशनी देता है। यही पुरुषार्थ और निष्ठा उनको सीख और समझ देती है कि सिर्फ कुर्सी पर बैठने वालों का कर्तृत्व ही कामयाबी पर नहीं पहुंचता, सामान्य कागजों पर उतरने वाले आलेख भी इतिहास की विरासत बनते देखे गये हैं। समय से पहले समय के साथ जीने की तैयारी का दूसरा नाम है मोदी। दुनिया का कोई सिकंदर नहीं होता, वक्त सिकंदर होता है

# अगले चुनाव में संस्कृतियों का संघर्ष भी!

अजीत द्विवेदी

सबसे पहले यह साफ कर देना जरूरी है कि संस्कृतियों का संघर्ष और सभ्यताओं का संघर्ष बिल्कुल अलग अलग चीजें हैं। ढेर सारी संस्कृतियों को मिला कर एक सभ्यता या एक देश का निर्माण होता है। भारत इसकी मिसाल है। यह अनेक संस्कृतियों का समुच्चय है और सामाजिक स्तर पर इन संस्कृतियों के बीच सतत टकराव चलता रहता है, जिससे सामाजिक सुधारों का रास्ता बनता है। लेकिन शायद ही कभी ऐसा हुआ हो कि संस्कृतियों का सवाल राजनीति और चुनाव का मुद्दा बना हो। यह संभवतः पहली बार है, जब संस्कृति के सवाल राजनीति के केंद्र में हैं और बहुत संभव है कि अगले चुनाव में सांस्कृतिक मुद्दे प्रमुखता से उठाए जाएं। 2024 के लोकसभा चुनाव में राजनीतिक मुद्दों से इतर संस्कृति, भाषा, परंपरा, खान-पान और मान्यताओं से जुड़े मुद्दे भी मुख्य भूमिका में होंगे।

सतह के नीचे ये मुद्दे बहुत दिन से मौजूद थे और खदबदा रहे थे लेकिन हाल की कुछ घटनाओं ने इसे सतह के ऊपर ला दिया और लोकप्रिय राजनीतिक विमर्श का मुद्दा बना दिया है। पहली घटना विपक्षी पार्टियों के गठबंधन द्वारा अपना नाम 'इंडिया' रखने की है। इसके बाद इंडिया बनाम भारत की बहस छिड़ी, जो जी-20 शिखर सम्मेलन में चारों तरफ दिखाई दी। ध्यान रहे यह कोर राजनीतिक सवाल नहीं है। यह सभ्यता और भाषा दोनों का सवाल है। जिस दिन से यह विवाद सार्वजनिक स्पेस में पहुंचा है उस दिन से व्हाट्सऐप पोस्ट शेयर हो रहे हैं कि जब दुनिया के किसी देश का नाम अंग्रेजी और हिंदी में अलग अलग नहीं है तो भारत का भी नहीं होना चाहिए। इससे अपने आप अंग्रेजी और हिंदी की बहस छिड़ी है, जिसमें दक्षिण भारत के राज्य स्वाभाविक रूप से शामिल होंगे। जिस तरह जी-20 शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री की कुर्सी के आगे भारत लिखा गया था या प्रधानमंत्री ने जिस तरह से अपने संबोधन में हर बार सिर्फ भारत का इस्तेमाल किया या जिस तरह आयोजन स्थल यानी भारत मंडपम से लेकर पूरे कार्यक्रम में हर तरफ सिर्फ भारत लिखा दिखा उससे यह बहस आगे बढ़ेगी। अगला चुनाव आते आते यह भाषा का बड़ा सवाल बनेगा। इस तरह इस एक मुद्दे में दो मुद्दे हो गए। पहला मुद्दा इंडिया बनाम भारत का है और दूसरा भाषा का है। इंडिया बनाम भारत में आधे-अधूरे या झूठे-सच्चे तथ्यों और तर्कों के आधार पर यह साबित किया जा रहा है कि इंडिया नाम अंग्रेजों या यूरोपीय लोगों का दिया हुआ है और गुलामी का प्रतीक है, जबकि भारत स्वदेशी नाम है, जिसकी जड़ें धार्मिक मान्यताओं में निहित हैं और सदियों से यह नाम प्रचलित है। यह अलग बात है कि इंडिया और भारत दोनों नाम जब चलन में आए तो विंध्य पार का हिस्सा इनमें शामिल नहीं था। हकीकत यह है कि दोनों की उत्पति उत्तर भारत में है। इंडिया नाम की उत्पति सिंधु से हुई है। वह लंबी कहानी है कि कैसे सिंधु से हिंदू हुआ और फिर उसे इंडस, इंडिका या इंडिया हुआ। इसी तरह भारत को लेकर धार्मिक मान्यता है कि दुष्यंत व शकुंतला के पुत्र भरत के नाम पर यह नाम पड़ा या अयोध्या के राजा दशरथ के दूसरे पुत्र भरत के नाम से पड़ा। लेकिन ऐतिहासिक तथ्य मौजूदा समय की रावी नदी के तट पर 10 राजाओं को पराजित करने वाले राजा के नाम से देश का नाम भरत होने का संकेत देते हैं। सो, इंडिया और भारत दोनों नामों की उत्पत्ति उत्तर भारत से है। अगर मोटा-मोटी कहें तो यह विवाद इस बात का है कि भारत सनातन का प्रतीक है और इंडिया सनातन का कंट्रास्ट या उसका विरोधी है।

तभी यह अनायास नहीं है कि तमिलनाडु के खेल मंत्री उदयनिधि स्टालिन ने सनातन धर्म को लेकर बेहद तीखा बयान दिया। उदयनिधि के साथ साथ उनकी पार्टी के सांसद ए राजा ने भी सनातन पर बेहद अपनाजनक बयान दिया। लेकिन दिलचस्प बात है कि भाजपा और कुछ हिंदू संगठनों को छोड़ कर किसी ने उनके बयानों की तीखी आलोचना नहीं की। दक्षिण में तो कहीं आलोचना सुनने को नहीं मिली। उलटे इस आधार पर उदयनिधि के बयान को न्यायसंगत ठहराया गया कि उन्होंने सनातन का विरोध यह कहते हुए किया कि वह दलितों, पिछड़ों, वंचितों, आदिवासियों, महिलाओं के प्रति पूर्वाग्रह और भेदभाव वाला है। उन्होंने जातिप्रथा और पितृसत्तात्मक मान्यताओं के उन्मूलन की बात कही, जो सनातन की पहचान है। तमिलनाडु में उदयनिधि ने जो किया वह काम बिहार में शिक्षा मंत्री चंद्रशेखर और उत्तर प्रदेश में स्वामी प्रसाद मौर्य पहले शुरू कर चुके हैं। सनातन के केंद्र में ब्राह्मण और अन्य अगड़ी जातियां हैं तो उसके कंट्रास्ट में पिछड़े, दलित, आदिवासी हैं। सो, यह संस्कृतियों के संघर्ष का तीसरा मुद्दा है। पहला, इंडिया बनाम भारत, दूसरा, हिंदी बनाम अंग्रेजी और तीसरा, सनातन बनाम पिछड़ा-दलित-आदिवासी-महिला आदि।

## एक नजर

### मुख्य सचिव ने वीडियो कांफ्रेंसिंग से की गिरदावरी और किसान पंजीयन की समीक्षा

**जगदलपुर, 16 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़)।** मुख्य सचिव श्री अमिताभ जैन ने शुक्रवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से गिरदावरी, खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 के तहत किसान पंजीयन की प्रगति, बारदाने की व्यवस्था, खरीफ विपणन वर्ष 2022-23 के तहत चावल उपार्जन की प्रगति इत्यादि की विस्तृत समीक्षा कर इस दिशा में निर्धारित अवधि तक कार्यवाही सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने गिरदावरी कार्य को त्रुटिरहित बनाने पर बल देते हुए कहा कि गिरदावरी की शुद्धि जरूरी है इस ओर राजस्व अधिकारियों द्वारा क्षेत्र भ्रमण पर पटवारी हल्के में निरीक्षण किया जाये और इस दौरान किसानों से चर्चा कर जानकारी भी ली जाये। उन्होंने किसान पंजीयन में भी अद्यतन प्रगति लाये जाने के लिए प्लान तैयार कर हर दिन के लिए लक्ष्य निर्धारित कर कार्य किये जाने के निर्देश दिये। वहीं धान खरीदी हेतु किसान पंजीयन सुविधा, नामिनी एवं ट्रस्टेड पर्सन की नियुक्ति इत्यादि के बारे में किसानों को अवगत कराने के लिए समिति स्तर पर बैठक,किसान संगोष्ठी के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार किये जाने के निर्देश दिये। बैठक में अपर मुख्य सचिव श्री सुब्रत साहू, सचिव सामान्य प्रशासन श्री डीडी सिंह, खाद्य विभाग के सचिव श्री टोपेश्वर वर्मा और राज्य शासन के वरिष्ठ उच्चधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान कलेक्टोरेट बस्तर के एनआईसी कक्ष में कमिश्नर बस्तर संभाग श्री श्याम धावड़े, कलेक्टर श्री विजय दयाराम के. सहित संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### सहायक शिक्षक भर्ती का सूचना पत्र संयुक्त संचालक शिक्षा ने जारी नहीं किया

**जगदलपुर, 16 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़)।** सोशल मिडिया, व्हाट्स एप के माध्यम से एक पत्र जिसे कार्यालय संयुक्त संचालक, शिक्षा, संभाग बस्तर जगदलपुर (छत्तीसगढ़) के पत्र कमाक 801 संस शिक्षक भर्ती 2023 जगदलपुर 13 सितम्बर 2023 से सहायक शिक्षक भर्ती के सम्बन्ध में सूचना पत्र जारी किया गया है। उक्त पत्र फर्जी है और ऐसा कोई पत्र सयुक्त संचालक शिक्षा संभाग बस्तर द्वारा जारी ही नहीं किया गया है। सयुक्त संचालक शिक्षा संभाग बस्तर द्वारा उक्त पत्र का कार्यालयीन अभिलेखों से परीक्षण किया गया। जिसमें उल्लेखित जावक क्रमांक 801 13 सितम्बर .2023 एवं हस्ताक्षर इस कार्यालय द्वारा जारी नहीं किया गया है। पत्र में संयुक्त संचालक, शिक्षा के हस्ताक्षर को स्कैन करके अथवा फर्जी हस्ताक्षर से जारी किया गया है। यह पत्र पूर्णतः फर्जी है। संयुक्त संचालक शिक्षा संभाग बस्तर ने इस बारे में अवगत कराया है कि वर्तमान में सहायक शिक्षक तथा शिक्षक पदों पर सीधी भर्ती की प्रक्रियाधीन है इस प्रकार के फर्जी पत्रों से बेरोजगारों को गुमराह कर ठगा जा सकता है। इस प्रकार के पत्र प्राप्त होने पर इसकी पुष्टि इस कार्यालय से अनिवार्य रूप से कर ली जाये। जारी पत्र के संबंध में वस्तुस्थिति सम्बन्धी समाचार जारी कर लोगों को सतर्क होने का आग्रह किया जा रहा है साथ ही इस फर्जी पत्र के संबंध में स्थानीय पुलिस थाना में एफ. आईआर भी दर्ज कराई जा रही है।

### शांति समिति की बैठक 18 सितम्बर को

**उत्तर बस्तर कांकेर , 16 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़)।**गणेशोत्सव का पर्व 19 सितम्बर से गणेशजी की मूर्ति प्रतिस्थापना के साथ शुभारंभ हो रहे हैं। गणेशोत्सव पर्व के अवसर पर जिले में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी डॉ. प्रियंका शुक्ला की अध्यक्षता में 18 सितम्बर को दोपहर 12 बजे से जिला कार्यालय के सभाकक्ष में शांति समिति की बैठक आयोजित किया जायेगा। बैठक में संबंधित जनप्रतिनिधि, संबंधित अधिकारी-कर्मचारियों को उपस्थित होने कहा गया है।

### रेत एवं अन्य खनिजों का अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण पर होगी सजा

**सुकमा, 16 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़)।** कलेक्टर श्री हरिस.एस के निर्देशानुसार जिले में रेत एवं अन्य खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण पर प्रभावी रोकथाम के लिए अवैध उत्खनन प्रभावित एवं संवेदनशील क्षेत्रों को चिन्हित किया जा रहा है। इन क्षेत्रों में अवैध उत्खनन करते पाये जाने पर खान और खनिज अधिनियम के तहत अर्थदण्ड एवं कारावास की सजा होगी। प्रभारी जिला खनिज अधिकारी ने बताया कि खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण करते पाए जाने पर खान और खनिज अधिनियम (विकास और विनियमन) 1957 की धारा 21 के तहत कार्यवाही की जायेगी। इसके अनुसार अधिकतम दण्ड 5 वर्ष अथवा 2 वर्ष का कारावास एवं पाँच लाख रुपये का अर्थदंड और प्रत्येक दिन के लिए अर्थदण्ड 50 हजार रुपये प्रावधानित है।

### वॉक इन इंटरव्यू 25 सितम्बर को

**सुकमा, 16 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़)।** जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज सुकमा में अनार्म्ड सिक्योरिटी गार्ड, सोइंग मशीन ऑपरेटर, प्लंबर( सामान्य), ड्राइविंग असिस्टेंट कोर्स में प्रशिक्षण संचालन हेतु क्रमशः 01-01 मास्टर ट्रेनर का चयन 25 सितम्बर 2023 को वॉक इन इंटरव्यू के माध्यम से चयन किया जाएगा। इच्छुक अभ्यर्थी अपने आवश्यक दस्तावेज के साथ कार्यालयीन समय में शामिल हो सकते है। विस्तृत जानकारी हेतु सुकमा जिले की वेबसाईट डबल्यू डबल्यू डबल्यू डॉट सुकमा डॉट जीओवी डॉट इन से प्राप्त कर सकते है अथवा जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज सुकमा के सूचना पटल का अवलोकन कर सकते है।

# कबाड़ से जुगाड़ मेला बकावंड में सम्पन्न

**बकावंड,16 सितंबर ■ तरुण छत्तीसगढ़**



स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा खेल-खेल में बच्चों की पढ़ाई कराने और कबाड़ सामग्री से नवाचार के माध्यम से शिक्षा को रुचिकर बनाने के उद्देश्य से राष्ट्रीय अविष्कार अभियान के अंतर्गत सद्भावना भवन बकावंड में विकास खंड स्तरीय कबाड़ से जुगाड़ मेले का आयोजन किया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार विकासखंड स्तरीय कबाड़ से जुगाड़ मेले में भाषा, गणित तथा विज्ञान विषय पर आधारित अनुपयोगी सामग्री से स्व निर्मित करीब 100 से अधिक मॉडलों की प्रदर्शनी लगाई गई। ये सभी माडल 12 सितंबर को जोन स्तर हुए स्पर्धा से चयनित होने उपरांत ब्लाक स्तर पर प्रदर्शनी लगाई गई। विकासखंड बकावंड के बीआरसी अनिल पांडे ने इस दौरान बताया कि शिक्षकों व विद्यार्थियों के द्वारा बच्चों में शिक्षा की गुणवता बढ़ाने और विज्ञान तथा गणित की कठिन अवधारणाओं को स्पष्ट करने के लिए सहायक शिक्षण सामग्री का निर्माण किया गया है। यह सामग्री विषय एवं विषय वस्तु के अनुरूप लो कॉस्ट, नो कॉस्ट मटेरियल से निर्मित की गई है। इस तरह यह सामग्री कबाड़ से जुगाड़, बेकार वस्तुओं से, प्राकृतिक और कम लागत सामग्री से विकसित की जाती है। कबाड़ से जुगाड़ मेले में आयोजित मेले में प्राथमिक स्तर पर गणित माडल में बोरपदर जोन प्रथम तथा सरगीपाल जोन द्वितीय स्थान तथा माध्यमिक स्तर पर सरगीपाल जोन तथा बकावंड द्वितीय स्थान पर रहे। भाषा के मॉडल में प्राथमिक स्तर पर तोंगकोंगरा जोन प्रथम तथा बकावंड जोन द्वितीय स्थान पर तथा माध्यमिक स्तर पर बकावंड प्रथम तथा मूली जोन द्वितीय स्थान पर रहे। विज्ञान मॉडल में माध्यमिक स्तर पर बकावंड जोन प्रथम तथा सरगीपाल जोन द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं क्विज स्पर्धा के अंतर्गत प्राथमिक स्तर पर भाषा में सरगीपाल प्रथम व पहुरबेल जोन द्वितीय स्थान, गणित में बोरपदर प्रथम व सरगीपाल जोन द्वितीय स्थान पर रहे। इस दौरान सांसद प्रतिनिधि जगमोहन बघेल, बीआरपी चंद्रशेखर नायडू, ब्लॉक पीएलसी नोडल एच बघेल, रामलाल, गंगाराम, महेशराम, अनंत देवांगन, फूल दास नागेश, चंद्रशेखर पांडे, चिंगडू राम, परमेश्वर जोशी, संजय ध्रुव, फैंकलिन बर्लिन, मधुसूदन कश्यप, दिलीप बैस, नीलमणि साहू, कुरसो राम ठाकुर, सितेंद्र साहू आदि उपस्थित रहे।

## कलेक्टर ने ली रावघाट रेल परियोजना के अधिकारियों की बैठक

**■ तरुण छत्तीसगढ़**



**उत्तर बस्तर कांकेर 16 सितम्बर ।** कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला की अध्यक्षता में आज रावघाट रेल परियोजना एवं इस्पात परियोजना के अधिकारियों की समीक्षा बैठक आयोजित किया गया।

उन्होंने बीएसपी तथा रेलवे द्वारा किए गये सामाजिक कल्याण एवं विकास से संबंधित कार्यो की समीक्षा की तथा पूर्व में आयोजित बैठक में उनके द्वारा दिये गये निर्देशानुसार रावघाट क्षेत्र के अंतागढ़ में संचालित सेल डीएव्ही स्कूल में 40 नए बच्चों का प्रवेश, नर्सिग कोर्स हेतु 10 बालिकाओं का चयन किया गया।

दल्लीराजहरा रावघाट रेल्वेलाईन से प्रभावित परिवारों को रोजगार देने के संबंध में भी चर्चा की गई। कलेक्टर द्वारा बीएसपी को रावघाट खदान क्षेत्र में नया स्कूल तथा अस्पताल भवन बनाए जाने हेतु निर्देशित किया गया तथा पाडरगांव से कोसोरोण्डा तक की दूरी 03 किलोमीटर में पक्की सड़क निर्माण हेतु भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा 04 करोड 11 लाख रूपये उपलब्ध कराये जाने हेतु सहमति दी गई है। कलेक्टर के निर्देशानुसार 03 ग्रामों चपई एवं कोहरापारा, घोटिया (गब्दी) और हरायनार (भैंसगांव) में विद्युतीकरण के लिए बीएसपी द्वारा 55 लाख रूपये जिला प्रशासन कांकेर को प्रदाय किया गया है।

खनिज विभाग के उप संचालक ने बताया कि भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा 103 एवं रेल्वे द्वारा 225 प्रभावित परिवार के सदस्यों को रोजगार प्रदान किया जा चुका है। रावघाट खदान क्षेत्र से लगे हुए और अतिरिक्त गांव को गोद ग्राम में सम्मिलित करने हेतु सर्वे भी किया जा चुका है।

स्किल डेव्हलपमेंट ट्रेनिंग के अंतर्गत रावघाट खदान से लगे हुए गोद गांव के 30 हितग्राहियों को रायपुर में लाईट मोटर व्हीकल की प्रशिक्षण भी प्रदाय किया जावेगा। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक श्री दिव्यांग पटेल, उप महानिरीक्षक एएसबी, कमाण्डेंट बीएसफ 11 बटालियन दण्डकवन, कमाण्डेंट बीएसफ 162 बटालियन फूलपाड़, कमाण्डेंट बीएसफ 28 बटालियन कहुंचे अंतागढ, कमाण्डेंट बीएसफ 33 बटालियन केंवटी, वनमण्डलाधिकारी पूर्व भानुप्रतापपुर जाधव श्रीकृष्ण, अपर कलेक्टर अंतागढ़ बी.एस. उईके, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस अंतागढ़, लोक निर्माण विभाग भवन, सड़क भानुप्रतापपुर के कार्यपालन अभियंता, कार्यपालक निदेशक (खदान रावघाट), महाप्रबंधक भिलाई इस्पात संयंत्र, (खदान रावघाट), भिलाई इस्पात संयंत्र भिलाई, परियोजना निदेशक, रेल विकास निगम लिमिटेड रायपुर, अनुविभागीय अधिकारी जल संसाधन, अंतागढ़ एवं उप संचालक (खनि.प्रशा.) जिला कांकेर उपस्थित थे।

### पी.एम.विश्वकर्मा योजना के क्रियान्वयन हेतु 17 से पंजीयन

**उत्तर बस्तर कांकेर 16 सितम्बर।** पीएम विश्वकर्मा योजना के सफल क्रियान्वयन हेतु 17 सितम्बर से पंजीयन प्रारंभ किया जायेगा। इस योजना के तहत सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम में 18 प्रकार के व्यापार जैसे- बढ़ई, नाव बनाने वाला, अस्त्रकार, लोहार, ताला बनाने वाला, हथौड़ा टूलकिट निर्माता, सुनार, कुम्हार, मूर्तिकार, मोची, राज मिस्त्री, डलिया, चटाई, झाडू बनाने वाले, पारंपरिक गुड़िया और खिलौने बनाने वाले, नाई, मालाकार, धोबी, दर्जी, मछली का जाल बनाने वाले निर्माता को सम्मिलित किया गया है। क्षमता और उत्पादकता बढ़ाने के लिए आधुनिक औजार टूलकिट उपलब्ध करते हुए विश्वकर्मा प्रमाण पत्र एवं पहचान पत्र प्रदाय कर संपर्शिक मुक्त ऋण प्रदान करना तथा उन्नति के लिए विभिन्न बाजारों से जोड़ना है। पी.एम.योजना का लाभ लेने के लिए आवश्यक दस्तावेज आधार कार्ड, मोबाईल नंबर बैंक विवरण, राशन कार्ड के साथ आवेदक पंजीकरण तिथि को न्यूनतम आयु 18 वर्ष का होना चाहिए।

## सूचना का अधिकार अधिनियम पर सुकमा में कार्यशाला संपन्न

**■ तरुण छत्तीसगढ़**



**सुकमा, 16 सितम्बर।** सूचना के अधिकार अधिनियम 2005 के अंतर्गत जनसूचना अधिकारियों एवं प्रथम अपीलीय अधिकारियों का एक दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन कलेक्टोरेट सुकमा के सभाकक्ष में आयोजित किया गया। इस अवसर पर राज्य सूचना आयोग के सूचना आयुक्तों एवं सचिव ने सूचना के अधिकार अधिनियम के साथ-साथ जनसूचना अधिकारियों एवं प्रथम अपीलीय अधिकारियों के कार्यो एवं दायित्वों के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी दी।

सुकमा में पहली बार आयोजित इस कार्यशाला में राज्य सूचना आयुक्त श्री मनोज कुमार त्रिवेदी, श्री धनवेन्द्र जायसवाल, आयोग के सचिव श्री जी आर चुरेन्द्र ने जन सूचना अधिकारियों और प्रथम अपीलीय अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों का निराकरण समय अवधि में पूरा करने के निर्देश दिए गए। साथ ही आवेदनों के निराकरण के दौरान अधिकारियों को आने वाली शंकाओ का समाधान भी किया गया।

कार्यशाला में ऑनलाईन माध्यम से जनपद कार्यालयों में सचिव ने जुड़कर इस कार्यशाला का लाभ लिया। इस अवसर पर कार्यशाला में आयुक्तों ने अधिकारियों की शंकाओ का समाधान कर उनके प्रश्नों का जवाब दिया। राज्य सूचना आयुक्त श्री जायसवाल ने जनसूचना अधिकारियों एवं प्रथम अपीलीय अधिकारियों को इस अधिनियम के क्रियान्वयन के संबंध में जानकारी देते हुए आवेदनों का निराकरण करने की जानकारी दी। राज्य सूचना आयुक्त श्री मनोज कुमार त्रिवेदी ने अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों का निराकरण करने,अपना नाम और पद का उल्लेख अनिवार्य रूप से करने के निर्देश दिए। राज्य सूचना आयोग के सचिव श्री जीआर चुरेन्द्र ने आरटीआई के उद्देश्यों के सम्बध में विस्तृत जानकारी दी। सभी कार्यालयों में विभागीय जानकारी एवं दस्तावेजों को सुव्यवस्थित रखरखाव करने की समझाइस दी। सभी जिला अधिकारियों से अनुरोध किया कि वे अपने विभागीय जानकारियों का हर महीने एक बार समीक्षा करें। समय पर आवेदकों को सूचना प्रदान करने के साथ ही अभियान चलाकर अभिलेखों के रिकार्ड रखने की समझाइस दी। आयोग के संयुक्त संचालक श्री संतोष मौर्य ने अधिनियमों के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला एवं जनसूचना अधिकारियों एवं प्रथम अपीलीय अधिकारियों को उनके कार्यो एवं दायित्वों के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारियां दी। कार्यशाला में डीएफओ श्री अशोक कुमार पटेल, डिप्टी कलेक्टर श्री बीसी बंजारे, एसडीएम सुकमा सुश्री प्रीति दुर्गम एवं जिला स्तरीय अधिकारी-कर्मचारीगण उपस्थित थे।

## संभाग स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक का समापन

### सुकमा जिला ने संभाग स्तर पर कबड्डी और पिट्ठुल में हासिल किया प्रथम स्थान

**सुकमा,16 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़)।**छत्तीसगढ़ सरकार की पारम्परिक खेल विधाओं की विरासत को पुनर्जीवित कर इन खेल विधाओं से नई पीढ़ी को जोड़ने का सार्थक प्रयास छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक के माध्यम से किया जा रहा है। इसकी शुरुआत कर



प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने पारम्परिक खेलों को बढ़ावा देने सकारात्मक पहल के साथ ही इन खेल विधाओं के जरिये गांव से शहर के प्रतिभाओं को उभरने का बेहतर अवसर सुलभ कराया जा रहा है। छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक 6 स्तरों में किया जा रहा है। इसी क्रम में 13 से 14 सितम्बर तक लालबाग खेल मैदान बस्तर में संभाग स्तरीय आयोजित दो दिवसीय संभाग स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक 2023 में कब्बडी, खो-खो, रस्साकशी, सँखली, पिट्ठूल, कंचा-बाटी, गिल्ली-डंडा, लंगड़ी दौड़,100 मीटर दौड़, लम्बी कूद, गेड़ी दौड़, रस्सीकूद, फुगड़ी, भौंरा, बिल्लस एवं कुश्ती जैसे खेलों का 0 से18, 18 से 40 वर्ष और 40 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के खिलाड़ी उत्साहपूर्वक सहभागिता निभा रहे हैं। संभाग स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक में जिले के सभी खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। जिला खेल अधिकारी श्री वीरुपाक्ष पुराणिक ने बताया कि इस संभाग स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक में 16 विभिन्न खेल विधाओं में तीन आयु वर्ग के 2400 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। जिसमें सुकमा जिले के महिला एवं पुरुष वर्ग के खेलड़ियों का दबदबा रहा। उन्होंने बताया कि पुरूष खेल विधाओं में 0 से 18 वर्ष फुगड़ी में द्वितीय, 18 से 40 वर्ष कबडडी में प्रथम, पिठूल में प्रथम और 40 से ऊपर वर्ष बाटी में द्वितीय, पिट्ठूल में द्वितीय, संखली में द्वितीय, भौरा में तृतीय, गिल्ली डंडा में तृतीय स्थान रहा।

## स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम का आगाज

**सुकमा,16 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़)।** भारत/राज्य सरकार के निर्देशानुसार निकाय में इंडियन स्वच्छता लीग 2.0 ,सुरक्षा शिविर एवं स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम 15 सितंबर से 02 अक्टूबर तक कराए जाने के निर्देश प्राप्त हुए हैं,जिस हेतु नगर पालिका परिषद सुकमा में इंडियन स्वच्छता लीग टीम सुकमा शौर्य के कप्तान श्री जगन्नाथ राजू साहू जी की अगुवाई में आज दिनांक 16-09-2023 को नगर पालिका परिषद सुकमा के वार्ड क्रमांक 15 कुम्हाररास मार्केट के आस पास के क्षेत्रों में साफ सफाई कर स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम का आगाज किया गया,और लोगो को स्वच्छता के प्रति जागरूक कर अपने आस पास स्वच्छता रखने संदेश दिया गया,तथा समस्त सुकमा नगरवासियो से स्वच्छता के क्षेत्र में सुकमा को अग्रणी बनाने तथा %स्वच्छ सुकमा - सुंदर सुकमा% के परिकल्पना को साकार करने सहभागिता हेतु अपील की गई,यह कार्यक्रम आगे भी 02 अक्टूबर तक जारी रहेगी।आज के कार्यक्रम में मुख्य रूप से श्री जगन्नाथ(राजू)साहू जी,अध्यक्ष नगर पालिका सुकमा,श्रीमती आयशा हुसैन जी,उपाध्यक्ष नगर पालिका सुकमा,श्रीमती पदमा जायसवाल जी,पार्षद,श्री मोहम्मद हुसैन जी,एल्डरमेन,श्री हरिबन्धु सेठिया जी,एल्डरमेन,श्री सूर्य प्रकाश कोरी जी,अध्यक्ष राजीव युवा मितान क्लब,श्री एच.आर.गोंदे मुख्य नगर पालिका अधिकारी,श्री सौरभ कश्यप,उप अभियंता,श्री मनोज चौरसिया जी,श्री सत्येंद्र गुप्ता जी,श्री लवी सुना जी,श्री सामुयल टुडू जी,श्री सपन राय जी,श्री राम जी,स्वच्छता दीदी,स्वच्छता कमांडो,सफाई कर्मचारी,एवं समस्त कर्मचारी नगर पालिका सुकमा,तथा वार्डवासी उपस्थित रहे।



## हाईस्कूल के सामने अंधे मोड़ पर बस-बाइक में टक्कर

### स्कूल लगने के वक्त हुआ हादसा, स्पीड ब्रेकर नहीं है

**दंतेवाड़ा ,16 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़)।** दन्तेवाड़ा नगर के बीच स्थित शासकीय हायर सेकेंड्री स्कूल व निर्मल निकेतन केजी स्कूल के प्रवेश द्वार के सामने शनिवार की सुबह बाइक व बस की भिड़ंत हो गई। बालूद रोड की तरफ से तेज रफ्तार से आ रहे पल्सर 200 बाइक सवार ने खड़ी यात्री बस को टक्कर मार दी। यह टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक बस के दाहिने हिस्से से टकराकर बस के सामने वाली विंड स्क्रीन तक पहुंच गई। हादसे में बाइक सवार बुरी तरह से जख्मी हो गया। यह हादसा ठीक उस वक्त हुआ, जब दोनों स्कूल के शुरू होने का वक्त था और बच्चे स्कूल पहुंचने लगे थे। लेकिन खुशकिस्मती से कोई जनहानि नहीं हुई।



**स्पीड ब्रेकर नहीं होने से अक्सर होता है इस मोड़ पर हादसा, यहां स्पीड ब्रेकर जरूरी=** इस जगह पर स्कूल शुरू होने और छुट्टी होते वक्त ऐसे तेज रफ्तार वाहनों से हादसे होने की आशंका बनी रहती है, लेकिन वीआईपी आवाजाही वाली सड़क होने का हवाला देकर इस सड़क पर स्पीड ब्रेकर की मांग अनसुनी कर दी जाती है। मोड़ के पास एक किराने की दुकान भी स्थित है। उक्त दुकानदार परिवार के द्वारा कई मर्तबा आवेदन प्रशासन को दिया जा चुका है स्पीड ब्रेकर बनाने हेतु। मगर वीआईपी रोड की बात कहकर पीडब्ल्यूडी तथा अन्य जिम्मेदार विभाग यहां ब्रेकर नहीं बना रहे हैं। जिसके चलते आए दिन इस अंधे मोड़ पर हादसे होते रहते हैं। स्कूली बच्चों की जान पर हमेशा खतरा मंडराता रहता है। ताजा हादसे के बारे में डीएसपी व यातायात प्रभारी दंतेवाड़ा कृष्णकुमार चंद्राकर से चर्चा करने पर उन्होंने इस जगह पर स्पीड नियंत्रण का उपाय करने की बात कही है।

## विश्व ओजोन परत संरक्षण दिवस पर विद्यार्थियों को जागरूक किया गया

**कोंडागांव,16 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़)।** विकासखंड कोंडागांव अंतर्गत शासकीय हाई स्कूल माकड़ी में विश्व ओजोन संरक्षण



दिवस पर शिक्षिका श्रीमती नीलम वैष्णव द्वारा बच्चो को चार्ट एवम नुक्कड़ नाटक के माध्यम से ओजोन परत सरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। जिसमे कक्षा 6से 10 तक विद्यार्थी ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। इस आयोजन में प्राचार्य आर एन चंदेल, शिक्षक रमेश पांडे, प्रकाश जंघेल, श्रीमती हेमलता बोगिया , अजय सोढ़ी, कु सुमन, दिनेश मरकाम सहित विद्यालय के सभी छात्र छात्रायें उपस्थित रहें।

## एनएमडीसी को इनोवेटिव एचआर प्रैक्टिसेज अवार्ड के साथ सर्वश्रेष्ठ संगठन का पुरस्कार

**हैदराबाद, ,16 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़)।** नेशनल माइनर एनएमडीसी ने गुरुवार को बैंगलोर में 22वें एशिया पैसिफिक एचआरएम कांग्रेस में इनोवेटिव एचआर प्रैक्टिस के साथ सर्वश्रेष्ठ संगठन का सम्मान प्राप्त किया। श्री वी. श्रीनिवास, महाप्रबंधक (एचआर) ने कंपनी की ओर से प्रतिष्ठित पुरस्कार प्राप्त किया। एशिया पैसिफिक एचआरएम कांग्रेस अवार्ड को मानव संसाधन प्रबंधन में उत्कृष्टता प्रदर्शित करने वाले संगठनों के विवेकपूर्ण मूल्यांकन के लिए व्यापक रूप से स?वीकृत है। यह पुरस्कार पीएसई की उद्यमशील मानव संसाधन नीतियों और कर्मचारी प्रतिबद्ध पहल के प्रमाण के रूप में प्रदान किया गया है। अपनी टीम को बधाई देते हुए, श्री अमिताभ मुखर्जी, सीएमडी (अतिरिक्त प्रभार) ने कहा कि ÷भारत के सबसे बड़े लौह अयस्क उत्पादक के पास एक संपन्न और डाइनैमिक मानव संसाधन है। हम प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करने, संचार में सुधार करने और समग्र कर्मचारी अनुभव को बढ़ाने के लिए अत्याधुनिक एचआर तकनीकों का लाभ उठाते हैं। यह पुरस्कार एनएमडीसी के कार्यस्थल संस्कृति को बढ़ावा देने के प्रयासों का प्रमाण है जो अपने लोगों को अपने सबसे मूल्यवान संपत्ति तथा महत्व प्रदान करता है। एनएमडीसी भारत सरकार की सबसे विश्वसनीय और सम्मानित कंपनियों में से एक है। एचआर कॉन्क्लेव और हैप्पीनेस वर्कशॉप - आईकेआईजीएआई जैसी पहल के साथ, कंपनी कर्मचारी सहभागिता में नए मानक स्थापित कर रही है। नवोन्वेषी मानव संसाधन पद्धतियों को आगे ऊचाईयों तक पहुंचाते हुए, एनएमडीसी को हाल ही में एसोचैम द्वारा नियोक्ता ब्रांड ऑफ द ईयर पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया ।




## आदिवासी महिला को मौत की सजा पर क्या मूलवासी बचाओ मंच देगा धरना : फारूख

**सुकमा,16 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़)।**सुकमा ज़िले के दुल्हेड ग्राम से खबर सामने आई के कल नक्सलियों ने एक आदिवासी महिला का अपहरण करके उसकी हत्या कर दी।उस पर आरोप था के उसने ज़हरीली शराब पिलाई।समाज सेवी फ़ारूख अली ने प्रेसविज्ञप्ति जारी कर नक्सली करतूत पर निंदा करते हुए कहा नक्सलियों की मानसिकता और उनका असली रूप फिर एक बार सामने आया है।नक्सलियों ने अपना रूप दिखाते हुए बंदूक़ की ताक़त पर आदिवासी महिलाओं को कुचलने का काम किया है,झूठा आरोप लगाकर बेरहमी से एक महिला है करके भी नही सोचा और अपना दहशत बरकरार रखने के लिए हत्या कर दिये।फ़ारूख अली ने सवाल करते हुएकहा क्या ताड़मेटला मुठभेड़ मे चिल्लाने वाले नक्सली करतूत पर आवाज़ उठायेंगे?फ़ारूख ने मूलवासी बचाओ मंच पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा मूल वासी बचाओ मंच अगर नक्सलियों का विंग नही है तो फिर आदिवासी महिला की मौत पर ख़ामोश क्यों है?अली ने समाज सेवी संगठन एवं राजनीतिक दलों पर भी सवाल खड़े करते हुए कहा के ये कैसा न्याय है के नक्सलियों द्वारा मारे गये निर्दोष ग्रामीणों कि जान की कोई क़ीमत नही और मारे गये नक्सलियों को ग्रामीण बनाने की होड़ मची है।फ़ारूख अली ने कहा नक्सली हर मुठभेड़ के बाद ग्रामीणों को दबाव डालकर विरोध करवाते हैं,और विडंबना देखिए जब नक्सली ग्रामीणों की हत्याएँ करते हैं तो विरोध करने वाला कोई नही होता।फ़ारूख अली ने नक्सलियों को चैलेंज करते हुए कहा अगर वो आदिवासियों के असली हितैषी हैं तोबतायें क्यों एक आदिवासी महिला को बेरहमी से हत्या किया।फ़ारूख अली ने कहा नक्सलियों को पता है उनका अस्तित्व ख़त्म होने वाला है मगर मुझे अफ़सोस उन पर हो रहा है जो डूबते जहाज़ पर सवार होकर ग़लत का साथ दे रहे हैं। फ़ारूख अली ने जनता से अपील करते हुए कहा सच्चाई का साथ दें नक्सलियों के बहकावे मे ना आये नक्सलियों को बस्तर से खदेड़ें।

# भाजपा की परिवर्तन यात्रा नहीं पैग यात्रा है: कृष्णा चंद्राकर

**भाजपा परिवर्तन यात्रा कांग्रेस की नकल करके निकाल रही**

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**महासमुंद 16 सितंबर।** नगर पालिका उपाध्यक्ष कृष्णा चंद्राकर ने बीजेपी की परिवर्तन यात्रा को लेकर बड़ा तंज कसा। उन्होंने कहा हाल ही में भाजपा के परिवर्तन यात्रा में का एक वीडियो सोशल मीडिया में तेजी से वायरल हो रहा है, जिससे ये देखा जा रहा है कि भाजपा के कुछ लोग जिनके गले में भाजपा का गमछा और सिर में टोपी है औ वे शराब की बोतल खोलकर जाम झलका रहे हैं। भाजपा का यह यात्रा परिवर्तन नहीं पैग बटन यात्रा है। उन्होंने कहा कि शराब को लेकर बीजेपी लगातार प्रदर्शन करती है, लेकिन इस वीडियों को देखकर कई सवाल खड़े हो रहे हैं। श्री चंद्राकर ने कहा कि परिवर्तन यात्रा यानी पैग बटन यात्रा से डरने की बात नहीं है। आगामी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस सरकार फिर से रिपीट होने वाली है। बीजेपी की परिवर्तन यात्रा से कोई फर्क नहीं पड़ने वाला है। भाजपा किस चीज में परिवर्तन करने के उद्देश्य से भाजपा परिवर्तन यात्रा निकाल रही है? छत्तीसगढ़ में परिवर्तन तो 2018 में ही आ गया है जब जनता ने भाजपा के कुशासन और भ्रष्टाचार वाली रमन सरकार को घर बैठा दिया था। भाजपा किस बात का परिवर्तन यात्रा चाहती है?छत्तीसगढ़ के किसानों को उनकी उपज की पूरी कीमत 2640 रू. मिल रहा है इस बात में परिवर्तन चाहते है? या छत्तीसगढ़ का किसान कर्ज मुक्त हो गया है इस हालात में भाजपा परिवर्तन चाहती है? छत्तीसगढ़ के तेंदूपत्ता किसानों को 2500 की जगह 4000 रू. मिल रहा इसमें भाजपा परिवर्तन चाहती है? छत्तीसगढ़ के आदिवासियों के संवैधानिक अधिकार बहाल हो गये है इसमें भाजपा परिवर्तन चाहती है? छत्तीसगढ़ की बेरोजगारी दर आधा प्रतिशत से कम है भाजपा इसमें परिवर्तन चाहती है?

छत्तीसगढ़ महिलायें रमन राज से ज्यादा सुरक्षित है भाजपा इसमें परिवर्तन चाहती है?परिवर्तन यात्रा शब्द से भाजपा के दामन पर लगे खून के छीटे फिर उभरकर सामने आयेंगे भाजपा परिवर्तन यात्रा कांग्रेस की नकल करके निकाल रही है। वहीं श्री चंद्राकर ने कहा कि बीजेपी सरकार पर इंडिया से भारत नामकरण पर कहा कि यह दोनों नाम तो शुरू से ही हमारे देश के हैं। इसमें नया क्या किया। उन्होंने बीजेपी पर हमला करते हुए कहा कि जब भी चुनाव पास आते हैं। राम मंदिर की डेट आ जाती है। अरे ! हम तो कहते हैं कि आज ही कर दो ना राम मंदिर का उद्घाटन। किसने रोका है।

## विधायक विक्रम मंडावी ने किया शहीद वीर नागुल दोरला की प्रतिमा का अनावरण

**शहीद वीर नागुल दोरला सच्चे पर्यावरणविद् थे, उनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता: विक्रम मंडावी**

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बीजापुर 16 सितंबर।** बीजापुर के विधायक एवं बस्तर क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष विक्रम मंडावी ने बीजापुर ज़िले के आवापल्ली में शहीद वीर नागुल दोरला के विशाल प्रतिमा का अनावरण कर शहीद वीर नागुल दोरला को श्रद्धासुमन अर्पित किया है। आवापल्ली में शहीद वीर नागुल दोरला की प्रतिमा स्थापित किए जाने की माँग आदिवासी समाज के लोग लंबे समय कर रहे थे।

विदित हो कि ब्रिटिश हुकूमत के दौरान अंग्रेजों द्वारा बस्तर में साल वनों की अंधाधुंध कटाई की जा रही थी इससे आदिवासी नाराज़ थे। अंग्रेजों द्वारा अंधाधुंध काटे जा रहे वनों की कटाई को रोखने के लिए शहीद वीर नागुल दोरला ने आदिवासी जमीदारों को गोलबंद कर वनों की कटाई को रोखने के लिए आंदोलन चलाई थी उस दौरान शहीद वीर नागुल दोरला ने ÷एक पेड़ के बदले एक सिर का नारा दिया था। शहीद वीर नागुल दोरला के इस आंदोलन से अंग्रेज पस्त हुए और पीछे हटे।

शहीद वीर नागुल दोरला की प्रतिमा अनावरण करने के बाद बीजापुर के विधायक विक्रम मंडावी ने कह कि शहीद वीर नागुल दोरला ने जल, जंगल और ज़मीन को बचाने के लिए उन्होंने अंग्रेजों से लंबी लड़ाई लड़ी और बस्तर में अंग्रेजों द्वारा किए जा रहे वनों की अंधाधुंध कटाई को रोखा है। शहीद वीर नागुल दोरला सही मायने में उस समय के एक सच्चे पर्यावरणविद् रहे है उनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता÷

शहीद वीर नागुल दोरला के प्रतिमा अनावरण के दौरान जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष लालू राठौर, उपाध्यक्ष जिला पंचायत बीजापुर कमलेश कारम, जनपद अध्यक्षा सुश्री अनिता तेलम, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुकलु पूनेम, समाज प्रमुख तेलम बरैया, नरेंद्र बुरका, अनिल बुरका, विधायक प्रतिनिधि मनोज अवलम, श्रीमती रत्ना सोढ़ी, सरपंच श्रीमती मीनाक्षी के अलावा बड़ी संख्या में समाज प्रमुख एवं कांग्रेस के कार्यकर्ता रहे उपस्थित।

### महिलाओं के कदम उघोग की ओर बढ़ रहे

**बीजापुर 16 सितबर।** महिलाओं को रोजगार से जोड़कर आर्थिक रूप मजबूत बनाने में ग्रामीण औघोगिक पार्क अर्थात रीपा महत्तवपूर्ण भूमिका निभा रही है । जिले में 8 रीपा संचालित है जहां महिलाएं प्रशिक्षण प्राप्त कर नए उत्पाद बनाने सीख कर रोजगार से जुड़ रही है। वहीं तैयार उत्पादों को विक्रय कर आमदनी भी प्राप्त कर रही है। मुर्गी दाना, ऑयल प्रोसिसिंग, गोबर पेंट, दोना-पत्तल, फेसिंग तार, खाद्य मसाला,पापड़ आदि कई छोटे बड़े उघोग हैं। जिनसे जुड़कर महिलाएं काफी खुश हैं। आदिवासी क्षेत्र की इन महिलाओं ने तेजी से अब उघोग की ओर कदम बढ़ा रही हैं। ग्राम पंचायत गदामली के आश्रित ग्राम मिंगाचल के ग्रामीण औघोगिक पार्क में। यहां मां दंतेश्वरी स्व सहायता समूह की महिलाओं ने मुर्गी दाना यूनिट की शुरूआत की है। 5 लाख रूपये की लागत से व्यापार शुरू करने पर महिलाएं बहुत खुश हैं। समूह की अध्यक्ष श्रीमती देवकी ठाकुर का कहना है कि मिंगाचल रीपा में मुर्गी दाना उत्पादन इकाई से जुड़कर हम सभी महिलाएं बहुत खुश हैं। यह रीपा योजना हमें एक स्थान पर शासकीय योजनाओं से जोड़कर हमारी गरीबी उन्मूलन करने में सहायक हो रही है। उसी प्रकार गंगालूर रीपा में रूपा स्व सहायता समूह की महिलाएं तार फेसिंग युनिट,ऑयल प्रोसिसिंग यूनिट, मिंगाचल रीपा में निधि स्व सहायता समूह द्वारा गोबर पेंट यूनिट, पुसनार में जय भैरम बाबा समूह द्वारा दोना पतल निर्माण का सफल संचालन कर रही हैं।



## गदर के डॉयलाग को लेकर युवक की हत्या

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई 16 सितबर ।** खुर्सीपार थाना क्षेत्र में बीती रात एक युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। घटना पावर हाउस आईटीआई ग्राउंड की बताई जा रही है। मोबाइल फोन पर गदर -2 मूवी देखने के दौरान विवाद बढ़ा। रात लगभग 8:30 से 9 बजे के बीच बदमाशों ने युवक की बेरहमी से पिटाई कर दी। गंभीर हालत में उसे रायपुर के रामकृष्ण केयर अस्पताल ले जाया गया जहां उसकी मौत हो गई। खुर्सीपार पुलिस ने मामले में चार संदिग्धों को हिरासत में ले लिया है खुर्सीपार पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान खुर्सीपार स्थित गुरुद्वारा बेबे नानकी जी प्रबंधक कमेटी के प्रधान सरदार कुलवंत सिंह के बेटे मलकीत सिंह उर्फ वीरू के रूप में हुई है। मलकीत सिंह दुर्गा मंदिर वार्ड खुर्सीपार में रहता था और इनकी बिल्डिंग मटेरियल सप्लाई की दुकान है। वह शुक्रवार रात को अपने एक दोस्त ओम कुमार उर्फ पलटू के साथ आईटीआई ग्राउंड में मोबाइल फोन पर गदर -2 मूवी देख रहा था इसी दौरान कुछ युवक वहीं नजदीक में बैठकर नशा कर रहे थे। इनमें से एक युवक ने गदर -2 मूवी में सनी देओल के पाकिस्तान विरोधी डायलॉग को लेकर बुराई कर दिया। मलकीत सिंह उर्फ वीरु को यह सही नहीं लगा और उसने जवाब दे दिया। यह बात नशा कर रहे युवकों को नागवार गुजरी। बात बढ़ने पर युवकों ने मलकीत सिंह का मोबाइल अपने कब्जे में लेने के साथ चाकू निकालकर हमला बोल मारपीट शुरू कर दिया और उसके साथ मौजूद युवक ओम कुमार उर्फ पलटू को चाकू की नोक पर मुर्गा बनने का दबाव डाला। जब मलकीत अधमरा हो गया तो सभी आरोपी उसके मोबाइल फोन को लौटाने के बाद वहां से भाग निकले। मलकीत ने किसी तरह फोन करके अपने बड़े भाई को बुलाया। बड़े भाई की सूचना पर पहुंचे परिजन मलकीत को खुर्सीपार के आईएमआई हॉस्पिटल लेकर गए। वहीं स्थिति गंभीर देखकर चिकित्सकों ने बड़े हॉस्पिटल ले जाने की सलाह दी। जिसके बाद परिजन मलकीत को रायपुर के रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल ले गए। यहां सुबह 4 बजे के आसपास इलाज के दौरान मलकीत सिंह ने दम तोड़ दिया सिख समुदाय ने किया थाने का घेराव

घटना के बाद सिख समुदाय में भारी रोष है। गुरुद्वारा कमेटी के सभी सदस्य और सिख समुदाय के लोग बड़ी संख्या में आज सुबह खुर्सीपार थाने पहुंचे और थाने का घेराव कर दिया। इसकी सूचना मिलने के बाद एएसपी संजय ध्रुव भी मौके पर पहुंचे। सिख समुदाय के लोगों को समझाइश दी गई। खुर्सीपार पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। खुर्सीपार पुलिस ने 6 संदेहियों की पहचान की है। जिसमें से 4 को हिरासत में ले लिया गया है। वहीं सिख समुदाय के लोग आरोपियों की गिरफ्तारी कर उनके सामने लाने की मांग को लेकर समाचार लिखे जाने तक थाने में डटे हुए हैं। पावर हाउस आईटीआई ग्राउंड में रात का अंधियारा छाने के साथ ही शराब खोरी शुरू हो जाती है। देर रात तक यह मैदान मयखाने में तब्दील रहता है। खुर्सीपार के और भी कई मैदान हैं जहां देर रात तक नशा करने वालों की जमघट लगी रहती है। इसके चलते आए दिन आपसी रंजिश खूनी विवाद का कारण बनती रही है। आईटीआई ग्राउंड में इससे पहले भी हत्या जैसी वारदात हो चुकी है। इसके अलावा मारपीट की घटनाएं आए दिन पेश आती है। ज्यादातर घटना में शराबखोरी एक अहम कारण बनती रही है। लेकिन पुलिस और आबकारी विभाग के अधिकारी व कर्मचारियों का खुले में शराबखोरी रोकने को लेकर गंभीरता नदारद है।

**नवजात शिशुओं को एक हजार दिनों तक स्तनपान को बढ़ावा देने गुनिया-बैगाओं की बैठक संपन्न**

## महिला स्वास्थ्य और शिशु देखभाल के लिए चिकित्सा विशेषज्ञों और पारंपरिक बैगाओं के बीच चर्चा

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बीजापुर16 सितंबर।** गुरुवार को बच्चों और महिलाओं के स्वास्थ्य से जुड़े विषयों पर केंद्रित बीजापुर के गोंडवाना भवन में बीजापुर जिले के बैगा, गुनिया, पेरमा एवं सिरहा और चिकित्सा विशेषज्ञों के बीच संपन्न हुई। यह स्वास्थ्य संबंधी विमर्श यूनिसेफ़, स्वास्थ्य विभाग, राजनांदगाव मेडिकल कॉलेज एवं मिडिया कलेक्टिंव फॉर चाइल्ड राइट्स के सयुंक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया।

इस परिचर्चा में नवजात शिशुओं के लिए 1000 दिन तक आवश्यक स्तनपान, 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को नियमित टीकाकरण, संस्थागत प्रसव, गर्भवती माताओं का स्वास्थ्य जांच आदि विषयों पर चर्चा की गई। सदूर अंचल एवं शहरी क्षेत्र में संचालित कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से चर्चा किया गया। चर्चा के दौरान स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने बताया कि हर हाल में गर्भवती माताओं को नियम पूर्वक उचित देखभाल, आहार एवं जरुरी दवाइयों के साथ साथ नियमित स्वास्थ्य जांच और पोषण आहार से सबंधित जांच को आवश्यक बताया। वहीं दूसरी ओर प्रसव पूर्व एवं प्रसव के बाद उचित देखभाल के लिए स्थानीय स्वास्थ्य सेवाओं के उपयोग और उससे होने वाले फायदों को बताया गया।डॉ अक्षय तिवारी यूनिसेफ़ स्टेट आरएमएनसीएच ने कहा कि बच्चों के लिए नियमित टीकाकरण उनके भविष्य के बेहतर स्वास्थ्य के लिए बेहद आवश्यक है तथा इसमें किसी तरह भी कोई कोताही नही होनी चाहिए।

बीएमओ डॉ चेलापति राव ने कहा कि मां और बच्चे का स्वास्थ्य एक दूसरे से जुड़ा हुआ है, मां स्वस्थ रहेगी तो बच्चे भी स्वस्थ रहेंगे।ड़ी श्याम कुमार, समन्वयक मीडिया कलेक्टिव फ़ॉर चाइल्ड राइट्स ने कहा कि, हमे हर हाल में बच्चों के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है।

सिरहा सहदेव पसपुल, चेरपाल ने कहा कि, बच्चें अपनी तकलीफ ठीक से व्यक्त नही कर पाते, ऐसे में हमे उन पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है।इस कार्यक्रम में बीजापुर जिले के सभी ब्लॉकों के चिकित्सा विशेषज्ञ और 50 से ज्यादा बैगा, गुनिया, सिरहा और पेरमा और सामाजिक कार्यकर्ता शामिल थे।

इस दौरान प्रमोद पोटाई लोक प्रशिक्षक, डॉ उमेश सिंह, डॉ श्रवण नेताम संदीप कश्यप भैरमगढ़, दीपक देवांगन, योगेश भगत, संदीप ताम्रकार, देवेंद्र नेताम, डॉ चेलापति राव सहित एमसीसीआर के वरिष्ठ सदस्य कमलेश पैंकरा और आशीष पदमवार मौजूद थे।

## एक नजर

### डकैती में शामिल माओवादी गिरफ्तार



**बीजापुर 16 सितंबर।** जिलें में चलाये जा रहे माओवादी विरोधी अभियान के तहत् थाना मद्देड़ एवं केरिपु 170 मिनकापल्ली की संयुक्त टीम कोत्तापल्ली की ओर निकली थी । अभियान के दौरान कोत्तापल्ली से थाना मद्देड़ के माओवादी घटना में शामिल फरार आरोपी स्थाई वांरटी गोटे लक्ष्मी नारायण पिता कन्हैया ऊर्फ लक्ष्मैया निवासी कोतापल्ली थाना मद्देड़ को पकड़ा गया । उक्त आरोपी वर्ष 1999 में थाना मद्देड़ क्षेत्र में डकैती में मामले में संलग्न था, जिसके विरूद्ध थाना मद्देड़ में 03 स्थाई वारंट लंबित है । आगामी विधानसभा चुनाव 2023 के मद्देनजर स्थाई वारंटियों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही में वर्ष 1999 की घटना में शामिल लम्बे समय से फरार स्थाई वांरटी की गिरफ्तारी में सफलता मिली ।थाना मद्देड़ द्वारा वैधानिक कार्यवाही कर माननीय न्यायालय बीजापुर के समक्ष पेश किया गया है ।

### स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम का शुभारंभ




**बीजापुर 16 सितंबर।** भारत सरकार पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय, द्वार दिनांक 15 सितम्बर 2023 को स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रय का शुभारंभ किया गया है। कलेक्टर श्री राजेन्द्र कटारा एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी बीजापुर, जिला पंचायत, श्री रवि कुमार साहू के मार्गदर्शन में जिला स्तरीय एवं विकासखण्ड स्तरीय कर्मचारी इस शुभारंभ कार्यक्रम में ऑनलाईन प्रतिभाग किया गया। स्वच्छता ही सेवा 2023 का विषय कचरा मुक्त भारत है, जिसका फोकस साफ-सफाई और सफाई मित्रों के कल्याण पर आधारित है। कार्यक्रम के शुभांरम अवसर पर महिला बाल विकास विभाग के आंबनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सेक्टर सुपरवाईजर को भी कार्यक्रम से जोड़कर स्वच्छता ही सेवा 2023 के विषय में जिला समन्वयक, श्री रंजीत सिंह, श्री शानु विश्वास द्वारा स्वच्छता के प्रति जागरूक कर प्लास्टिक एवं कचरा मुक्त आंगनबाड़ी निर्मित करने हेतु शपथ दिलायी। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने अस्वास्त किया कि वह अपने ग्राम में स्वच्छता की अलख जगाने का कार्य करेंगी एवं गांव में इधर-उधर फैले प्लास्टिक को एकत्रिक करने की मुहिम चलायेगी एवं 01 अक्टुबर को अपने द्वारा एकत्रित प्लास्टिक तौलकर ग्राम पंचायत सरपंच एवं सचिव को सौपेंगी तथा अपने ग्राम को कचरा मुक्त ग्राम बनाने के लिए विशेष अभियान ग्रामीण स्तर चलायेगी। 2 अक्टूगर 2023 को स्वच्छता ही सेवा कायक्रम में उत्कृट कार्य करने वाले अधिकारी, कर्मचारी, जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता, सामजिक कार्यकर्ता, मीडीया कर्मी आदि को पृरस्कृत किया जावेगा।

### नगरसेना की टीम ने गर्भवती महिला को सुरक्षित अस्पताल पहुंचाया



**बीजापुर 16 सितंबर।** भैरमगढ़ एसडीएम एवं सीएमएचओ बीजापुर द्वारा इंद्रावती नदी के सतवा घाट पर एक गर्भवती महिला को डिलवरी के लिए अस्पताल पहुंचाने के लिए नदी पार करवाने की सहायता के लिए कॉल करने पर प्लाटून कमांडर श्री निर्मल साहू के नेतृत्व में नगरसेना के 10 जवानों की टीम ने तत्काल पहुंचकर गर्भवती महिला का सुरक्षित रेस्क्यू कर अस्पताल पहुंचाया। गर्भवती महिला रीना कश्यप एवं उनके पति मुनु कश्यप को नदी पार करवाकर अस्पताल पहुंचाने पर पति पत्नी ने जिला प्रशासन और नगरसेना की टीम हृदय से धन्यवाद ज्ञापित किया।

### स्वामी आत्मानंद विद्यालय बीजापुर में वॉक इन इंटरव्यू 20 सितम्बर को

**बीजापुर 16 सितम्बर।** शैक्षणिक सत्र 2023-24 हेतु छू लो आसमान कोचिंग सेंटर (एजूकेशन सिटी) बीजापुर में संस्कृत विषय के विषय विशेषज्ञ शिक्षक हेतु वाक इन इंटरव्यू का आयोजन किया जाना है। इस हेतु इच्छुक एवं पात्र आर्हताधारी अभ्यर्थी निर्धारित एवं वाछित दस्तावेजों के साथ 20 सितम्बर 2023 को प्रातः 11 बजे कार्यालय स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय बीजापुर में सम्मिलित हो सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए जिले के वेबसाइट पर उपलब्ध है।

### भाजपा करे विचार, परिवर्तन यात्रा को क्यों नहीं मिला जनसमर्थन: राशि महिलांग

**महासमुंद 16 सितंबर।** कांग्रेस नेत्री व नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती राशि त्रिभुवन महिलांग ने भाजपा की परिवर्तन यात्रा को जनसमर्थन नहीं मिलने और केंद्रीय नेताओं का आगमन नहीं होने से भाजपा पर तंज कसा है। श्रीमती राशि महिलांग ने कहा परिवर्तन यात्रा को हरी झंडी दिखाने के लिए गृहमंत्री अमित शाह और केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी आने वाली थी। पर यात्रा के लिए या तो भाजपा नेता भीड़ ही नहीं जुटा पाए या फिर जनता का पर्याप्त जनसमर्थन नहीं मिला इसलिए दोनों ही नेताओं ने अपना दौरा स्थगित कर दिया।

## समाचार संक्षेप

### गुड टच-बैड टच के साथ यातायात नियमों की जानकारी छात्र-छात्राओं को दी गई



**बीजापुर 16 सितंबर।** मावा पुलिस केतुल के तहत आवासीय विद्यालय पोटाकेबिन मिरतुर के छात्र- छात्राओं को साइबर अपराध, गुड टच बैड टच के साथ यातायात नियमों, सड़क दुर्घटना के कारणों, संकेतों एवं चिन्हों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई । यातायात शाखा से श्री अवध राम सिन्हा द्वारा यातायात नियमों की जानकारी के अभाव में दुर्घटना घटित होने, दुर्घटना से बचाव हेतु चौक चौराहा पार करने का नियम, ट्रैफिक सिग्नल लाइट का महत्त्व, हाथों के संकेतों के माध्यम से यातायात संचालन, हेलमेट और सीट बेल्ट की अनिवार्यता, नाबालिक का वाहन नहीं चलाना, वाहन का संपूर्ण दस्तावेज होने पर वाहन चलाना, दो पहिया वाहन में तीन सवारी ना चलाना, वाहन चलाते समय मादक द्रव्यों का सेवन ना करना, तेज गति एवं लापरवाही पूर्वक वाहन ना चलाना, प्रेशर हॉर्न का उपयोग ना करना वाहन चलाते, समय मोबाइल फोन का उपयोग नहीं करने, जेबरा क्रॉसिंग से गुडसेमेरिटन, दुर्घटना के कारण व दुर्घटना घटित होने पर चालक के कर्तव्य सड़क पर वाहन चलाने की सही तरीके के साथ यातायात के अनिवार्यता आदेशात्मक संकेत, चेतावनी एवं सूचनात्मक संकेत से बारे में जानकारी दिया गया । महिला एवं बाल विकास विभाग से सुश्री लेखिका साहू , जिला समन्वयक एवं सखी वन स्टॉप सेंटर से श्रीमति मीना वर्मा, केश वर्कर द्वारा बच्चों को गुडटच-बेडटच, बाल संरक्षण, महिला संबंधी अपराध के सबंध में जानकारी दी गई । श्री नरवेद सिंह, जिला संगठक भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी द्वारा रेड क्रॉस का उद्देश्य ब्लड डोनेट का नियमों के बारे में विस्तृत जानकारी दिया गया, श्रीमति मीना वर्मा,सखी वन स्टॉप सेंटर द्वारा हो रहे महिला संबंधित अपराधों पर कानूनी प्रावधान से संबंधित जानकारी बच्चों को दी गई ।

### हिन्दी दिवस पर आस्था की संगोष्ठी



**महासमुंद 16 सितंबर ।** शासकीय आत्मानंद हिन्दी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय महासमुंद में हिन्दी की चुनौतियां विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया । इस अवसर पर आस्था साहित्य समिति के वरिष्ठ साहित्यकार एवं पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती एस. चन्द्रसेन मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित थी । कार्यक्रम में अध्यक्षता साहित्यकार आनंद तिवारी पौराणिक ने किया । विशिष्ट अतिथि डॉ. साधना कसार, टेकराम सेन चमक कमलेश पाण्डेय, सुरेन्द्र अग्निहोत्री थे । संगोष्ठी का शुभारंभ सुरेन्द्र अग्निहोत्री के सुमधुर आवाज में हिन्दी गीत से किया गया । मुख्य अतिथि के आसंदी से संस्थान की पूर्व प्राचार्य एवं शिक्षा अधिकारी श्रीमती एस. चन्द्रसेन ने कहा कि हिन्दी हमारी संस्कार व्यवहार एवं संस्कृति की संवाहिका है । हिन्दी के बिना राष्ट्र की परिकल्पना निरर्थक है उन्होंने कहा कि आज विश्व में हिन्दी वसुधैव कुटुम्बकम् की भावना से अधिकांश देशों में बोले जाने लगी है । अध्यक्षता करते हुये साहित्यकार आनंद तिवारी पौराणिक ने कहा कि हिन्दी राष्ट्रीयता की सहज अभिव्यक्ति है, हिन्दी एक कल्पवृक्ष की तरह है और सभी भाषाएं व बोलियां उसकी शाखाएं व अभिन्न अंग है । इस अवसर पर साहित्यकार डॉ. साधना कसार, टेकराम सेन चमक कमलेश पाण्डेय, सुरेन्द्र अग्निहोत्री, प्राचार्य हेमेन्द्र ाचार्या, जी.एस. ठाकुर ने संगोष्ठी में हिस्सा लेते हुये कहा कि हिन्दी का राजनैतिक विरोध तो समझा जा सकता है, पर उसके कारण एक विदेशी भाषा को गले लगाये रखना न तो कोई नीति हो सकती है और न कोई आदर्श । सभागार में छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुये सभी ने एक स्वर में हिन्दी की महत्ता प्रतिपादित करते हुये हिन्दी की उन्नति व जीवन शैली के लिये आव्हान किया । हिन्दी दिवस के अवसर पर कक्षा 11वीं एवं 12वीं के छात्र-छात्राओं द्वारा सारगर्भित विचार प्रस्तुत किया गया । कार्यक्रम की सफलता में उप प्राचार्चय चमन चंद्राकर, रघुनाथ सिन्हा, भेषलाल ठाकुर, जी.एस. ठाकुर, प्रभा पंडा, मुरलीधर पटेल सहित सभी शिक्षक शिक्षिकाओं का विशेष योगदान रहा । कार्यक्रम का संचालन साहित्यकार टेकराम सेन चमक मुरलीधर पटेल एवं आभार प्रदर्शन प्राचार्य हेमेन्द्र आचार्य ने किया ।

### परिवर्तन यात्रा को सफल बनाने रामजी भारती ने ली महिला समूह की बैठक



**डोंगरगढ़ 16 सितंबर।** इस कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने के लिए पूर्व विधायक रामजी भारती लगातार महिला समूह की बैठक ले रहे है आज उन्होंने डोंगरगढ़ शहर में वार्ड नम्बर 24 ,18,12,6,7 और 9 नंबर में बैठक कर महिलाओ को कार्यक्रम को सफल बनाने का आहवान किया और राज्य सरकार की नाकामी को बताया और वार्ड की महिलाओं ने भी परिवर्तन यात्रा में आने को उत्साहित है महिला समूह की बहनों ने शहर में अवैध शराब बिक्री, पट्टा ,प्रधानमंत्री आवास को लेकर राज्य सरकार पर जम कर भड़ास निकाला और उन्होंने कहा की कांग्रेस सरकार ने चुनावी घोषणा में पेंशन की राशि बढाने की बात कही थी और महिला समूह का कर्जा माफ की बात कही थी पर आज पर्यंत इन घोषणा पर अमल नहीं हुआ इन सभी नाकामी को लेकर चुनाव में कांग्रेस को सबक सिखाने की बात कही और महिला समूह की एक बहन ने रामजी भारती जी को सुझाव दिया की मध्यप्रदेश के तर्ज पर छत्तीसगढ़ में लाड़ली बहना योजना लागू करने को घोषणा पत्र में जोड़ने को कहा जिस पर भारती ने घोषणा पत्र समिति के प्रदेश सयोजक श्री विजय बघेल और सदस्य श्री मधुसूदन यादव से महिला बहनों की बात करवाई और महिलाओ ने मोदी जी की उज्वला योजना की तारीफ करआगामी दिनों में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाने की बात कही आज इस बैठक में मंडल अध्यक्ष अमित जैन ,सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश सयोजक शशिकांत द्विवेदी,महेंद्र भाई पटेल,महिला मोर्चा अध्यक्ष श्रीमती सविता दरगढ़ , अचला ठाकुर,कमलेश उजवने,श्याम तिवारी,सुलभा सिंग,गीता दुबे, उमरवती शाह,शशि काले,इंदु यादव,तारा गोरले,संगीता यादव,संतोषी यादव,पार्वती सोलवांश,ममता बहेकर,नमिता चौबे,संगीता राजपूत और हेमलता तिवारी सहित महिलाएं उपस्थित रही।

## गणित, विज्ञान, तकनीक आधारित प्रतियोगिता सम्पन्न

# कबाड़ से जुगाड़ कर विद्यार्थियों ने दिखाए हुनर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**छुरा, 16 सितम्बर।** राष्ट्रीय आविष्कार अभियान अंतर्गत जोन स्तरीय मुकाबला संकुल केंद्र छुरा में आयोजित हुआ।एलिमेंट्री लेवल में विज्ञान प्रदर्शनी, कबाड़ से जुगाड़ एवं क्विज प्रतियोगिता संपन्न हुआ। वहीं सेकेंडरी लेवल में विज्ञान प्रदर्शनी तथा क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

बच्चों में गणित, विज्ञान तथा तकनीकी अवधारणाओं को विकसित करने हेतु प्रतियोगिता विविध चरणों में आयोजित की जा रही है। प्राचार्य के.के.साहू, ऋषि साहू, संकुल समन्वयक मनहरण लाल यादव, विनोद चंद्राकर, शंकर लाल यदु और खोलबाहरा निषाद द्वारा पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।समन्वयक शंकर लाल यदु द्वारा सरस्वती वंदना के बाद राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के विविध गतिविधियों को अवगत कराया गया।

जिला नोडल सदस्य सुदामा प्रसाद लोधी, चंद्रवती सिन्हा एवं अर्जुन धनंजय सिन्हा द्वारा प्रतियोगिता के महत्वपूर्ण और तकनीकी तथ्यों को विस्तार से बताया गया।प्राचार्य के.के.साहू ने कहा कि बच्चों के अंदर छुपे हुए वैज्ञानिक सोच को मंच प्रदान करने के लिए यह उत्तम अवसर है। आज ज्ञान और विज्ञान की बुनियाद पर हमने चांद तक की दूरी तय कर लिया है। प्राचार्य ऋषि साहू ने कहा की जिज्ञासा ही विज्ञान की जननी है। इसके लिए गंभीर चिंतन, आत्मविश्वास और धैर्य की आवश्यकता होती है। विज्ञान प्रदर्शनी अंतर्गत पावर सेविंग हाउस, मानव मस्तिष्क, रोड एक्सीडेंट रोधी वाहन, सुषुप्त ज्वालामुखी, सोलर पैनल चलित मकान का सुंदर प्रस्तुतीकरण किया गया।

कबाड़ से जुगाड़ में चंद्रयान, रेनवाटर हार्वेस्टिंग आदि का बेहतरीन प्रदर्शन किया।एलिमेंट्री लेवल पर क्विज प्रतियोगिता में निमिष कंवर एवं डिंपल निषाद, कबाड़ से जुगाड़ में डिगेश्वरी नेताम और विज्ञान प्रदर्शनी में भीषम कुमार ध्रुव विजेता रहे। सेकेंडरी लेवल अंतर्गत क्विज प्रतियोगिता में कविता यादव एवं कुलेश्वर निषाद तथा विज्ञान प्रदर्शनी में छ्यांक पटेल विजेता रहे। विजेताओं को मेडल एवं कलम से सम्मानित किया गया। सभी प्रतिभागियों को भी सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया। संचालन अर्जुन धनंजय सिन्हा तथा आभार प्रदर्शन मनहरण लाल यादव ने किया। प्रतियोगिता में ब्लॉक नोडल आनंद विश्वकर्मा, वंदना देवांगन, राजेश देवांगन, पोषण लाल वर्मा, शिक्षक उमेश नवरंगे, हेमलाल पटेल, मंगलमूर्ति सोनी, फलेंद्र ठाकुर, रोहित नेताम, दिलीप सिन्हा, अल्का जैन, मालती पनिका, पूनम सोनी, विभा चंद्राकर, यमुना ठाकुर, शबीना नाज, डिकेश्वरी दीवान का विशेष योगदान रहा।

# भाजपा के परिवर्तन यात्रा की तैयारी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**तिल्दा-नेवरा, 16 सितम्बर।** आरंग विधानसभा के समोदा भाजपा के वरिष्ठ नेताओं एवं समस्त ज्येष्ठ-श्रेष्ठ कार्यकर्ता साथियों के साथ आगामी 24 सितम्बर को आरंग विधानसभा में आयोजित होने वाले परिवर्तन यात्रा की तैयारियों, सभा हेतु स्थान के चयन, अतिथियों के भव्य स्वागत जैसे विभिन्न विषयों में चर्चा कर कार्यक्रम की रुपरेखा तय की गई।

बैठक में पूर्व विधायक डॉ.विमल चोपड़ा, पूर्व विधायक संजय ढीढी, विधानसभा प्रभारी अनिल पांडेय, आरंग मंडल अध्यक्ष नंद साहू, पीलाराम निषाद महामंत्री, गजेंद्र वर्मा महामंत्री, किरण बघेल मीडिया प्रभारी, कान्हा कृष्ण कश्यप मीडिया प्रभारी, भीम साहू उपाध्यक्ष, चंद्र कुमार पाटिल जिलाध्यक्ष अनुसूचित जाति मोर्चा, छोटेलाल सोनकर जिला उपाध्यक्ष, तिलक साहू जिलाध्यक्ष पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ, राजेंद्र चंद्राकर, सोहन साहू अध्यक्ष तहसील साहू संघ आरंग, वेद राम खूंटे सांसद प्रतिनिधि, शकुन बंजारे, सुंदर सूर्यवंशी, दुकालू राम गायकवाड़, गोविंद वर्मा अध्यक्ष भाजयुमो समोदा मंडल, भूपेंद्र वर्मा, हितेश साहू महामंत्री भाजयुमो, सन्नी साहू, आस कुमार धीवर, संजय चंद्राकर, अनिल सोनवानी, अनिल बंजारे, राजू ओगरे, डेरहा बंजारे, रमेश खन्ना, बबला साहू एवं अन्य भाजपा के साथीगण उपस्थित थे।

### धूमधाम से मनाया जाएगा प्रधानमंत्री का जन्मदिन



तिल्दा-नेवरा। आरंग विधान सभा में बीजेपी नेता वेदराम मन हरे द्वारा प्रधान मंत्री के जन्म दिवस धूमधाम से मनाए जाने की बात की गई है गांव गांव में पूजा पाठ सहित विभिन्न आयोजन किया जायेगा।

# राष्ट्र की अर्थव्यवस्था को बूस्ट करने में इंजीनियरों का महत्वपूर्ण योगदानः डॉ. भोल



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरा, 16 सितम्बर।** विश्व में ख्याति प्राप्त और भारत रत्न से सम्मानित सर मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया के जन्म दिन के अवसर पर आईएसबीएम विश्वविद्यालय द्वारा अभियंता दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत माता सरस्वती की विधिवत पूजा अर्चना एवं छत्तीसगढ़ के राजकीय गीत से हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. बी.पी. भोल ने कहा कि किसी भी राष्ट्र की अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करने में इंजीनियरों का महत्वपूर्ण योगदान होता है। ततपश्चात विश्वविद्यालय के सह कुलसचिव डॉ. रानी झा ने देश के विभिन्न क्षेत्रों में इंजीनियरों के योगदान की सराहना की। छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ. संदीप साहू ने बताया कि रोजमर्रा के कार्यों को संपादित करने में सभी इंजीनियर ही हैं।इंजीनियरिंग विभाग के विभागाध्यक्ष चंद्रशेखर कुर्रे ने अपने स्वागत भाषण में कहा कि इंजीनियरों का मुख्य योगदान आम जीवन को सरल और आसान बनाना है। भारत में इंजीनियरों की संख्या दुनिया में दूसरे नंबर पर है। इसे इंजीनियरों का देश भी माना जाता है। इंजीनियरिंग भारतीय अर्थव्यवस्था में एक बड़ा योगदान देती है और भारत के समग्र विकास में एक प्रमुख भूमिका निभाती है। यह दिन देश के सभी इंजीनियरों, विशेषकर सिविल इंजीनियरों को अपने लक्ष्यों को पूरा करने और देश के विकास में योगदान देने के लिए सर एम विश्वेश्वरैया को अपना आदर्श बनाने की याद दिलाता है।इसी क्रम में विश्वविद्यालय के सहायक प्राध्यापक वागेश कुंभकार ने छात्रों को इंजीनियरिंग विषय के महत्व से अवगत कराया तथा भारत रत्न विश्वेश्वरैया के योगदानों को याद कराया।

# भाटापारा में शिवमहापुराण की धूम

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भाटापारा, 16 सितम्बर।** हरि लीलामृत सेवा संस्थान वृंदावन के तत्वावधान में हमारे धर्म नगरी में परमपूज्या दीदी पुष्पांजलि के पावन शिव महापुराण के आयोजन में समाज सेवी अरुण छाबड़ा को संम्मान प्राप्त हुआ मंगल भवन में शिव महापुराण का आयोजन सम्पन्न हुआ भाटापारा में ऐतिहासिक भव्य कलश- यात्रा निकाली गई, जिसमें शिवपुराण कथा में भव्य झांकी - कलकत्ता से पधारे निपुण-कुशल कलाकारों के द्वारा प्रस्तुति झांकी में गणेश जन्म, शिव- पार्वती विवाह, बैकुंठ लोक उत्पति, रुद्राणी गणों का शिव शिषटि वर्णन एवं माँ काली की मनोहर झांकी का अवलोकन दर्शन भक्तो का कराया गया। अंतिम दिवस हवन-यज्ञ एवं समस्त दानदाताओं 'का सम्मान मंच से किया गया कार्यक्रम में वीणा साहू नीरा साहु एंव सहयोगियों द्वारा सेवा दी गई। इस कथा का मुख्य उद्देश्य छत्तीसगढ़ के 09 से 14 वर्ष के बालिकाओं को रायपुर में निर्माणाधीन आश्रम एवं गायों को गौशाला-में निःशुल्क रखने एवं उन्हें एक सम्मानजनक स्थान प्रदान करने हेतु दीदी संकल्पित शिवपुराण का रहीं हैं। साथ ही रायपुर के दिन दाताओ द्वारा भूमिदान की आयोजन कर सेज बहार में ÷की गई हैं। वहाँ एक भव्य मंदिर कौशलेश्वर महादेव का निर्माणका जारी है। - उसकी सहायता के परंम पूज्य दीदी ने भाटापारा के समस्त सुधि जनों से कथा में सहयोग एवं साथ देने का विनम्र आग्रह करते हुए - सफ्लतापूर्वक कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

# मौसमी बीमारियों का बदलता स्वरूप, रहें सावधानः आडिल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भाटापारा, 16 सितम्बर।** आजकल कि मौसमी बीमारियों के बढ़ते हुए मामलों के बारे में भी शहर के चिकित्सक डॉक्टर विकास आडिल का कहना है कि पहले के दिनों में मौसमी बीमारियों का एक ख़ास वक़्त होता था जब मौसम परिवर्तन होता था तब ज़्यादा से ज़्यादा साल में दो बार मौसमी बीमारियां आदमी को होती थी और कहा जाता था कि एक बार मौसमी बीमारी होने के बाद लगभग छह महीने अब कोई बीमारी नहीं होगी पर आज कल के बदलते परिवेश खानपान प्रदूषण एवं कोरोना काल के बाद मौसमी बीमारियों के स्वरूप में परिवर्तन देखा जा रहा है अब के टाइम में यदि आपको सर्दी खाँसी बुखार यदि किसी महीने होता है तो हो सकता है कि उसी महीने आपको वो बीमारी दुबारा हो जाए। पहले मौसमी बुखार ज़्यादा से ज़्यादा 3-4 दिन रहता था पर आज कल बूखार कम से कम हफ़्ते भर रहता है और मौसमी बुखार जाने के बाद भी कमज़ोरी गले में ख़राश भूख न लगना ये अगले दिन से 15 दिन भी रह सकता है।

मौसमी बीमारियों के साथ बरसात के दिनों में डेंगू का प्रकोप भी देखा जा रहा है डेंगू एक ख़ास क़िस्म के मच्छर एडिस टाइगर मॉसकीटों के काटने के कारण होता है जोकि ठहरे हुए पानी मैं प्रजनन करता है और बीमारियों को फैलाता है इसके फैलने का मुख्य कारण गंदगी एवं ठहरा हुआ पानी है। ये एक आदमी से दूसरे आदमी में मच्छरों के द्वारा ही फैलता है इससे बचने के लिए पहली चीज़ मच्छरों से अपना बचाव रखें ठहरे हुए पानी का निदान करे गएवं ऐसी जगह जाने से बचें जहाँ डेंगू का प्रकोप ज़्यादा हो। बीमारी के कुछ भी लक्षण होने पर अपना ख़ुद का इलाज न कर निकट के डॉक्टर से अपना सही समय पर जाँच व इलाज करवाएं। डेंगू बीमारी के लक्षणों में हाथ पैर दर्द, हाथ पैरों में चकत्ते, सर्दी खाँसी, उल्टी एवं आँखों में जलन जैसे लक्षण हो सकते हैं जो कि मौसमी बीमारियों के भी होते हैं इसलिए सामान्य नागरिक कई बार डेंगू को मौसमी बीमारी समझकर मेडिकल स्टोर से दवाई लेकर अपने स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करते है और बीमारियों को बढ़ा देते हैं।

सभी मौसमी बीमारियां संक्रामक होती है मतलब एक आदमी से दूसरे आदमी में ख़ासी सर्दी या फ़िर भी छूने से फैलती है। कई बार ये बीमारियाँ बाहर ट्रैवलिंग या फ़िर बाहर का खाना पीने से भी फैलती है। इनसे बचने के लिए मुख्यतः बीमार व्यक्ति से थोड़ी दूरी बनाए रखें, बाहर का खाना पीना अवॉयड करें और बदलते मौसम के टाइम में बाहर ट्रेवल करने से बचे। सही समय पर अपनी जाँच और इलाज करवाना ही इन बीमारियों को ठीक करने का तरीक़ा है।


**कार्यालय नगर पालिका परिषद तिल्दा नेवरा जिला - रायपुर (छ.ग.)**

क्रमांक/1386/न.पा./रा.वि./2023-24
तिल्दा-नेवरा दिनांक-15/09/23

**ईश्तहार-सूचना**

एतद् द्वारा आम सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदीका श्रीमती प्रभाराय पति स्व. श्री घनश्याम सिंह राय वार्ड क्र. 02 तिल्दा नेवरा द्वारा भूमि / भवन का स्व.श्री घनश्याम सिंह राय आत्मज रुंगदास गायकवाड वार्ड क्र. 02 स्वामी आत्मानंद वार्ड तिल्दा नेवरा के मृत्यु दावा पश्चात निम्न दस्तावेज संलग्न कर निकाय तिल्दा नेवरा में हकहस्तांतरण हेतु आवेदन पेश किया गया हैं।

उक्त भवन डिमांड क्र. 102 / 02 भूमि खसरा नं. ..... रकबा ......... वर्गफुट को नगर पालिका के कर अभिलेख में दर्ज किये जाने की मांग किया गया हैं। उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह ईश्तहार/विज्ञापन प्रकाशन से 30 दिवस के अन्दर में दस्तावेज के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जायेगा।

आज दिनांक 15.09.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं सील मोहर लगाकर जारी किया जाता है।

मुहर

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद,**
**तिल्दा-नेवरा**

**न्यायालय तहसीलदार लाल बहादुर नगर के न्यायालय में मामला क्रमांकः 202309094500024**

विषयः- ब-121
मामले की श्रेणीः- राजस्व
सन्ः- 2022-2023
लालबहादुर नगर प.ह.न. 00015 [ (हे.) ]
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार- छाया साहू.
अनावेदक पक्षकार-

**ईश्तहार**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदिका छाया साहू पति रुपेश साहू जाति तेली निवासी दुर्ग, कृषिका ग्राम लाल बहादुर नगर तहसील लाल बहादुर नगर जिला राजनांदगांव द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि, आवेदिका के शामिलात खातो के नाम से ग्राम लाल बहादुर नगर तहसील लाल बहादुर नगर अंतर्गत स्थित भूमि खसरा नंबर 1246 रकबा 0.624 हे. भूमि स्थित है, जिसका आवेदिका को ऋण पुस्तिका भाग-1 एवं भाग-2 प्राप्त हुआ था। उक्त ऋण पुस्तिका भाग-1 एवं भाग-2 गुम हो गया है, जिसको आवेदिका द्वारा बहुत खोज-बीन किया गया, लेकिन कही प्राप्त नहीं हुआ। अतः आवेदिका द्वारा डुप्लीकेट ऋण पुस्तिका प्रदाय किये जाने हेतु निवेदन किया गया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा आपत्ति पेश करना हो तो वह स्वयं या अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में दिनांक 27.09.2023 तक या उसके पूर्व प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 13/09/2023 को जारी किया जाता है।

मुहर

**तहसीलदार**
**लाल बहादुर नगर**

**न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय में मामला क्रमांकः 202309092200006**

विषयः- ब-121
मामले की श्रेणी :- राजस्व
सन्ः- 2022-2023
माटेकटा प.ह.न. 00030 [ (हे.) ]
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार- तिलकचंद,
अनावेदक पक्षकार-

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक तिलकचंद आ. रूपलाल जाति मरार सा. माटेकटा तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगाँव द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि आवेदक के पिता रूपलाल आ. बंशीलाल मृत्यु दिनांक 18.06.2023 को ग्राम माटेकटा में हुआ है के नाम पर मृत्यु प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 22.09.2023 उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 01/09/2023 को जारी किया जाता है।

मुहर

**तहसीलदार**
**डोंगरगढ़**

## कार्यालय नगर पालिक निगम, रिसाली

**(संपत्तिकर विभाग)**

क्रमांक/चार/तीन/स.क.वि./2023/821 — रिसाली, दिनांक 14/09/23

**//स्वामित्व के हस्तांतरण की सूचना//**

इस ईश्तहार द्वारा हित रखने वाले हितग्राही हो एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 में स्वत्वाधिकार के अंतरण के संबंध में निम्नलिखित हस्तांतरिती के नाम से जिसका की नगर पालिक निगम रिसाली के सम्पत्तिकर अभिलेख में हस्तांतरणकर्ता के स्थान पर नाम दर्ज किया जाना है। यदि किसी को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन तिथि से 15 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षकर्ता के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद में प्रस्तुत आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा।

| क्र. | हस्तांतरणकर्ता का नाम | हस्तांतरिती का नाम | हस्तांतरण का स्वरूप | सम्पत्ति की स्थिति |
|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री अजय कुमार खानजोड़े पिता- एन.एस. खानजोड़े पता-म.नं. 192/ए, क्रास स.नं.-3, मार्केट के पास मैत्रीकुंज रिसाली, भिलाई तह. व जिला-दुर्ग (छ.ग.) | 1. श्रीमती रीना वर्मा पति-श्री हितेन्द्र कुमार पिता-श्री शिव कुमार पता-म.नं. 101, वार्ड पुनईडीह, मंडल पारा, फुंडा, देवादा तह-पाटन, जिला-दुर्ग (छ.ग.) | बिक्रीनामा | प्रगति नगर रिसाली प.ह.नं.-19/22 ख.नं.-404/9 कुल रकबा-2000 व.फी. है। निर्मित क्षेत्रफल रिक्त-2000 व.फी. आवासीय है। |
| 2. | श्री शंकर लाल सोनी पिता-श्री बलदेव प्रसाद सोनी पता-फ्लैट-112 ओजस्वी अपार्टमेंट, मैत्रीनगर रिसाली तह. व जिला-दुर्ग छ.ग. | श्री विश्वनाथ साहू पिता-चिंताराम साहू पता-साहू पारा, ग्राम-पोंड़ पेन्ड्री, तह.-पाटन जिला-दुर्ग (छ.ग.) | बिक्रीनामा | 'ओजस्वी अपार्टमेंट' मैत्री नगर रिसाली प.ह.नं.-19/22, ख.नं.-471/9 एवं 471/12 कुल रकबा-0.0071 हे. है। फ्लैट नं.-112 द्वितीय तल है। निर्मित क्षेत्रफल-736 व.फी. आवासीय है। |
| 3 | श्रीमती मनी देवी पति-स्व. रमा शंकर सिंह उर्फ उमाशंकर पता-शॉप नं.-11 मैत्रीकुंज रिसाली तह. व जिला-दुर्ग छ.ग. | 1. श्रीमती अंजली सिंह पति-श्री गोपाल सिंह परिहार 2. श्रीमती मंजू सिंह पति-प्रशांत कुमार सिंह पता शॉप नं.-11 मैत्रीकुंज रिसाली तह. व जिला दुर्ग छ.ग. | वारिसान (माता/पिता की मृत्यु उपरांत) | मैत्रीकुंज रिसाली प.ह.नं.-19/22 ख.नं. -1412 कुल रकबा-0.6680 हे. है। निर्मित क्षेत्रफल भूतल-800 आवासीय 300 व्यावसायिक एवं प्रथमतल-800 व.फी. आवासीय है। |
| 4 | श्रीमती नफीसा अली पति-श्री महमूद अली पता-क्वा.नं.-सी-3/11, एस.बी.आई. कॉलोनी सेक्टर-08 तह. व जिला-दुर्ग (छ.ग.) | पायल साहू आ. स्व. मूलचंद साहू पता-म.नं.-145, गुडी चौक ग्राम-डौकीहीह पोष्ट-अंडा तह. व जिला-दुर्ग (छ.ग.) | बिक्रीनामा | प्रगति नगर रिसाली प.ह.नं.-19/22 ख.नं.-340/16 है। कुल रकबा-800 व.फी. है। निर्मित क्षेत्रफल भूतल-800 व.फी. रिक्त भूमि है। |
| 5 | दिनेश कंस्ट्रक्शन श्री दिनेश कुमार मिश्रा आ.- श्री बृजभूषण मिश्रा निवासी-एम. आई.जी.-1/865 हुडको भिलाई, तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) | श्री सेवकराम साहू आ. स्व. कुशालराम साहू पता-क्वा.नं.-एल-19/बी, मरोदा सेक्टर भिलाई तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) | बिक्रीनामा | प्रगति नगर रिसाली वार्ड-63 पुराना (सुरूचि नगर) कृष्णा अपार्टमेंट प.ह.नं. -19/22 ख.नं.-505/1 कुल रकबा-700 फ्लैट क्र.-205 द्वितीयतल हैं निर्मित क्षेत्रफल-700 व.फी. आवासीय है। |

**संपत्तिकर अधिकारी**
**नगर पालिक निगम, रिसाली**

## कार्यालय नगर पालिका परिषद तिल्दा-नेवरा, जिला-रायपुर (छ.ग.)

☎ 07721-233326, Email-npalika_tilda@yahoo.in

क्रमांक/1384/लो.नि.वि./न.पा./2023-24 — तिल्दा-नेवरा, दिनांक 15.09.2023

**मैनुअल पद्धति निविदा आमंत्रण सूचना**

नगर पालिका परिषद तिल्दा-नेवरा सीमांतर्गत विभिन्न विकास कार्यों हेतु लोक निर्माण विभाग में एकीकृत पंजीयन प्रणाली में उचित श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से तीन लिफाफे पद्धति से शासकीय पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से उल्लेखित तिथि तक बंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है।

निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन की अंतिम तिथि - 29.09.2023 समय 05:30 बजे तक।
निविदा प्रपत्र प्रदान करने की अंतिम तिथि - 03.10.2023 समय 05:00 बजे तक।
निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि - 06.10.2023 समय 03:00 बजे तक।
निविदा प्रपत्र खोलने की तिथि - 09.10.2023 समय 04:00 बजे से।

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू. लाख में) | निविदा प्रपत्र शुल्क | कार्यावधि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | अधोसंरचना मद अंतर्गत विभिन्न निर्माण कार्य। (14 कार्य) | 165.20 | 750/- | |

बंद लिफाफा में प्राप्त निविदाएं उसी उल्लेखित तिथि को उपस्थित निविदा दाताओं के समक्ष खोली जावेगी। अन्य आवश्यक जानकारी लोक निर्माण शाखा से निविदा तिथि के एक दिवस पूर्व तक देखी जा सकती है।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद तिल्दा-नेवरा**

## कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग, सुकमा संभाग, सुकमा

**''ई'' श्रेणी ब्लॉक पंजीयन मैनुअल पद्धति से अल्प निविदा आमंत्रण सूचना**

क्रमांक- 3018/NIT-10/2023-2024/व ले लि — दिनांकः15/09/2023

छत्तीसगढ़ राज्य में बेरोजगार युवकों को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से किये गये 'ई' श्रेणी पंजीयन में पंजीकृत ठेकेदारों से निविदा प्रपत्र AE प्रतिशत दर पर ब्लॉक स्तर पर निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | कार्य का नाम/ NoOfCalls | कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) अमानत राशि (रू. में) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 1 | FOR SHOULDER WORK OF SOUTHNAR APPROACH ROAD UNDER SUB DIVISION SUKMA, YEAR 2023-24 (BLOCK SUKMA) (1st Call) | 9.55<br>7200.00 |
| 2 | FOR SHOULDER WORK OF RAMRAM PATAR SUKMA APPROACH ROAD LENGTH 6.00 KM. UNDER SUB DIVISION SUKMA YEAR 2023-24 (BLOCK SUKMA) (1st Call) | 9.743<br>7400.00 |
| 3 | FOR SHOULDER WORK OF NAGARAS TO KOTTIGUDA ROAD LENGTH 2.00 KM. RAMRAM SABRI ROAD 1.00KM. PUSHAMIPARA TO KUMHARAS TO KUMHARAS ROAD LENGTH 2.00KM POLYTECHNIC APPROACH ROAD LENGTH 1.00KM. UNDER SUB DIVISION SUKMA, YEAR 2023-24 (BLOCK SUKMA) (1st Call) | 9.04<br>6780.00 |

1. निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि :- 22.09.2023 अपरान्ह 5.30 बजे तक।
2. निविदा फार्म जमा करने की अंतिम तिथि :- 29.09.2023 अपरान्ह 5.30 बजे तक।
3. निविदा फार्म खोलने की अंतिम तिथि :- 03.10.2023 पूर्वान्ह 11.30 बजे तक
4. कार्य पूर्ण करने की समयावधि :- Period serial No. 1 & 03, 03 Months From Reckoned date &
5. उपरोक्त निर्माण कार्य की निविदा का सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। इनका अवलोकन संबंधित संभाग कार्यालय में किया जा सकता है।

**कार्यपालन अभियंता**
**लोक निर्माण विभाग (भ/स)**
**सुकमा संभाग सुकमा**

जी-05387/3

## कार्यालय नगर पालिक निगम भिलाई, जिला-दुर्ग

क्र./लो.क.वि./जोन-2/2023/967/323 — भिलाई, दिनांक- 12.9.23

आयुक्त नगर पालिक निगम भिलाई की ओर से एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से लोक निर्माण विभाग के भवन निर्माण एस.ओ.आर दिनांक 01.01.2015/रोड एस.ओ.आर. दिनांक 01.01.2015, विद्युत एस.ओ.आर 01.08.2015 एवं अद्यतन संशोधन के आधार पर कम/अधिक एवं आयटम दर पर निम्नलिखित कार्य हेतु निम्नानुसार दिनांक एवं समय तक मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है।

1. निविदा जारी करने की तिथि - 12.09.2023
2. आवेदन की अंतिम तिथि - 03.10.2023 सायं 5.30 बजे तक
3. निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि - 05.10.2023 सायं 5.30 जे तक
4. निविदा खोले जाने की तिथि - 06.10.2023

| क्र. | कार्य का नाम | निविदा लागत | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड क्र. 21 लोहिया रोड भगत सिंह मार्ग के आंतरिक विक्की सिंह के घर के सामने नाली निर्माण एवं सीमेंटीकरण कार्य। | 19.93 | 15000.00 | 750.00 | 90 दिन |
| 2 | वार्ड क्र. 21 कैलाश नगर ग्रेस कालोनी में नाली निर्माण एवं सीमेंटीकरण कार्य। | 19.87 | 15000.00 | 750.00 | 90 दिन |
| 3 | वार्ड क्र. 22 कुरूद सरस्वती स्कूल के निकट संस्कार विहार कालोनी के मार्ग सीमेंटीकरण कार्य। | 15.25 | 11500.00 | 750.00 | 90 दिन |
| 4 | वार्ड क्र. 21 कैलाश नगर महर्षि दयानंद सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल के पास नाली निर्माण कार्य। | 6.70 | 7000.00 | 750.00 | 90 दिन |
| 5 | वार्ड क्र. 20 वैशालीनगर लोकांगन परिसर के पश्चिम दिशा में सीमेंटीकरण कार्य। | 3.99 | 4000.00 | 750.00 | 60 दिन |

1. उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। साथ ही यह जानकारी नगर पालिक निगम भिलाई की वेबसाईट www.bhilainagarnigam.com अथवा संचालनालय की वेबसाईट www.uad.cg.gov.in एवं चिप्स की वेबसाईट www.eproc.cgstate.gov.in और bhilai.urbanecg.gov.in से देखी जा सकती है।
संपत्तिकर भू-भाटक की राशि निगम कोष में जमा कर विकास कार्यों में सहयोग करें।
जल जी जीवन है, जल का सदउपयोग करें उसे व्यर्थ न बहाएं।
2. घर से निकलने वाले गीले एवं सुखा कचरे को अलग कर सफाई मित्र (रिक्शा) को देवें।

**अपील समस्त शहरवासियों से निवेदन है कि सफाई व गंदगी/कचरा की फोटो खींचकर स्वच्छता एप में भेजें।**

**जोन आयुक्त**
**जोन क्र.-02, नगर पालिक निगम, भिलाई**

# जी-20 बैठक में भाग लेने मुंबई से 17 को आएंगे अधिकारी

## 18 व 19 को सम्मेलन को सफल बनाने मुख्य सचिव ने ली बैठक

मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 16 सितम्बर।** जी-20 ग्लोबल समिट में भाग लेने के लिए मुम्बई से कल 17 सितम्बर को विदेश विभाग के अधिकारियों एवं अन्य आगंतुकों का दल पहुंच जाएगा। मुख्य सचिव ने आज भी वरिष्ठ अधिकारियों के साथ इस सम्मेलन को सफल बनाने के लिए बैठक ली।

भारत शासन के सूचना विभाग से मिली जानकारी के अनुसार महाराष्ट्र की राजधानी मुम्बई में जी-20 के प्रतिनिधियों के मंडल के सम्मेलन का आज विधिवत समापन हो रहा है। इसके पश्चात 18 व 19 सितम्बर को रायपुर में समिट होगा। अधिकारियों के कल शाम तक यहां पहुंचने की सूचना मिली है। भारत शासन के निर्देश पर इस




कार्यक्रम को संचालित करने का जिम्मा मुख्य सचिव को दिया गया है। लेकिन इस सममेलन में वित्तीय एवं अन्य मामलों पर चर्चा होगी। इसलिए विदेश विभाग के अधिकारियों का रहना जरूरी है। इस प्रतिनिधिमंडल में अमेरिका, दुबई, जापान सहित अन्य देशों के प्रतिनिधि आएंगे। छत्तीसगढ़ सरकार ने इन प्रतिनिधियों को छत्तीसगढ़ की विरासत एवं संस्कृति से अवगत कराने का निर्णय लिया है। इसके अलावा शिष्टमंडल को बस्तर आर्ट सहित अन्य महत्वपूर्ण उपहार दिए जाएंगे।

छत्तीसगढ़ शासन ने नई राजधानी स्थित एक निजी होटल में शिष्ट मंडल को ठहराने का निर्णय लिया है। भारत शासन के विदेश विभाग ने इन प्रतिनिधियों के खाने का मेन्यू भेज दिया है। चूंकि भारत एवं अन्य बड़े देश मिलेट्स को प्रोत्साहन दे रहे हैं इसलिए यहां पर मिलेट्स से बने व्यंजन परोसे जाएंगे। नई राजधानी के आसपास चौक-चौराहों का सौंदर्यीकरण किया जा रहा है। आकर्षक विद्युत व्यवस्था के अलावा अन्य सभी तैयारियां कर ली गई है। पुलिस लाईन में अधिकारियों को बुलाया गया है। इनकी ड्यूटी कल से लगाई जाएगी। 18 व 19 सितम्बर को होने वाले जी-20 देशों के शिष्टमंडल के समक्ष सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए जाएंगे।

प्रसादी वितरण....



**रायपुर 16 सितंबर। संगिनी महिला मंडल समता कॉलोनी द्वारा एम्स हॉस्पिटल टाटीबंध में इलाज करवाने आए मरीज के परिजनों एवं जरूरतमंदों को भरपेट भोजन प्रसादी एवं खीर पुरी का वितरण किया गया। इस अवसर पर किरण अग्रवाल , उषा अग्रवाल साधना अग्रवाल, मेघा अग्रवाल, सुनीति गुप्ता, किरण गुप्ता ने सेवा प्रदान किया।**

### मान्यता प्राप्त अस्पतालों की संख्या 155 हुई

**रायपुर 16 सितम्बर।** छत्तीसगढ़ शासन ने शासकीय सेवकों और उनके आश्रित परिजनों के इलाज के लिए कुल 155 अस्पतालों को मान्यता दी है। इनमें राज्य में स्थित 114 और राज्य के बाहर के 41 अस्पताल शामिल हैं। शासकीय कर्मियों के इलाज के लिए चालू वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए इन अस्पतालों को मान्यता मिली है। चिकित्सा शिक्षा विभाग ने राज्य शासन के सभी विभागों, राजस्व मंडल बिलासपुर के अध्यक्ष, सभी विभागाध्यक्षों, संभागायुक्तों और कलेक्टरों को मान्यता प्राप्त अस्पतालों की सूची प्रेषित की है।

## एक नजर

### रोटरी ने किया 221 शिक्षकों का सम्मान



**रायपुर 16 सितंबर।** रोटरी क्लब के द्वारा 4 सितंबर से शिक्षक सम्मान समारोह का अयोजन विभीन्न स्कूल कालेजों में किया गया इनमें सौ कुसुम ताई दाबके प्राथमिक , माध्यमिक , उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, शासकीय प्राथमिक विद्यालय बुढ़ापारा, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अम्लीडीह , पं हरिशंकर शुक्ला स्मृति प्राथमिक विद्यालय कचना , उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शंकर नगर एवं महाविद्यालय कचना , बाल म्यूजिक एकेडमी एवं जे आर दानी शास कन्या उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय रायपुर आदि शामिल हैं । कुल 221 शिक्षक शिक्षिकाओं का सम्मान इस अवसर पर किया गया इस अवसर पर रोटरी क्लब के अध्यक्ष प्रदीप गोविंद शितूत ने अपने उद्बोधन में कहा की हमारे जीवन को सफल बनाने के लिए हम अपने शिक्षकों का जितना आभार प्रकट करें उतना ही कम है। संत कबीरदास जी ने भी अपने एक दोहे में कहा है कि सब धरती काजग करूँ, लेखनी सब वनराय। सात समुद्र की मसि करूँ, गुरु गुण लिखा न जाए। इस दोहे में कबीरदास जी ने बताया है कि गुरु सर्वश्रेष्ठ एवं महान है।

### विप्र महिला मातृ शक्ति शाखा का तीज समागम



**रायपुर, 13 सितंबर।** विप्र प्रबंध समिति की मातृशक्ति शाखा विप्र महिला समाज ब्राह्मण पारा रायपुर द्वारा तीज समागम कार्यक्रम का आयोजन समता कॉलोनी में किया गया। जिसमें प्रदेश से आए विभिन्न महिला संगठन ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। नई पीढ़ी की रुचि के अनुसार 1 मिनट फनी गेम, तीज पिटारा मीनू का जैसे छोटे-छोटे प्रश्नोत्तरी, छत्तीसगढ़ी गीतों से लेकर फिल्मी गीत, कविता पाठ, फैशन शो एवं रैंप वॉक, तीजक्वीन एवं डांस इत्यादि का आयोजन था। कार्यक्रम के प्रारंभ में अध्यक्ष प्रीति शुक्ला जी द्वारा तीज त्यौहार कब क्यों कैसे मनाया जाता है, इसपर प्रकाश डाला। मंच संचालन श्रीमती शजिन्ता शुक्ला द्वारा किया गया। आभार प्रदर्शन श्रीमती सुनीता मिश्रा सचिव द्वारा किया गया। कार्यक्रम सफलता हेतु कार्यक्रम प्रभारी श्रीमती सरिता शर्मा को सभी ने शुभकामनाएं प्रेषित की। इस तीज मिलन कार्यक्रम में 16 वर्ष की बालिका से लेकर 70 वर्ष तक की महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

### शिक्षक सम्मान से सम्मानित हुई सुषमा बग्गा

**रायपुर 16 सितंबर।** कबीरधाम में



आयोजित राज्य स्तरीय शिक्षक प्रतिभा सम्मान समारोह में रायपुर की शिक्षिका सुश्री सुषमा बग्गा को सम्मानित किया गया। आयोजन के मुख्य अतिथि माननीय श्री मोहम्मद अकबर मंत्री छत्तीसगढ़ शासन और अध्यक्षता पण्डरिया विधायिका श्रीमती ममता चंद्राकर ने की । सुषमा जी दिव्यांग शिक्षिका है जो अपने छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए सतत प्रयासरत हैं ।समय समय पर सुषमा जी जरूरतमंद छात्रों के लिए सहयोग करती है साथ ही आप समाजसेवी भी है ।

### एक भारत-श्रेष्ठ भारत के निर्माण में रेडियो श्रोताओं की अहम भूमिका : अशोक बजाज

**रायपुर 16 सितंबर।** छत्तीसगढ़ रेडियो श्रोता संघ के संयोजक अशोक बजाज ने कहा कि एक



भारत श्रेष्ठ भारत की भावना जागृत करने में रेडियो श्रोता महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। अखिल भारतीय स्तर पर रेडियो श्रोता सम्मेलन की सफलता इस बात का परिचायक है। पाटन विकासखंड के पारस होम में आयोजित गोष्ठी में उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम से रेडियो का प्रचलन पुनः बढ़ गया है। उल्लेखनीय है कि पंजाब के पटियाला में विगत दिनों आयोजित अखिल भारतीय रेडियो श्रोता सम्मेलन में छत्तीसगढ़ के अनेक श्रोताओं ने हिस्सा लिया था इस सम्मेलन में अशोक बजाज भी वरिष्ठ वक्ता के रूप में आमंत्रित थे लेकिन किन्हीं कारणों से कार्यक्रम में शामिल नहीं होने कारण उनका सम्मान पत्र एवं मोमेंटो आयोजकों द्वारा श्रोताओं के माध्यम से भेजा गया जिसे 10 सितंबर को उन्हें भेंट किया गया। इस अवसर पर आकाशवाणी रायपुर के वरिष्ठ उदघोषक श्याम वर्मा, छत्तीसगढ़ रेडियो श्रोता संघ के अध्यक्ष परसराम साहू गुरुजी, क्षितिज रेडियो श्रोता संघ के अध्यक्ष रविलाल सूर्यवंशी, नरसिंह यादव, महेश शर्मा, डोमेन ठाकुर, बलराम बया, गणेश सोनी, लोकेश्वर सेन, कैलाश यादव आदि श्रोतागण प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

# कांक्रीट रोड के गड्ढों को तत्काल पाटने के निर्देश

## ई-रिक्शा एवं दोपहिया वाहन हो रहे दुर्घटना के शिकार

मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 16 सितम्बर।** नगर निगम प्रशासन ने बरसात के कारण अमृत मिशन तथा केबल बिछाने के लिए खोदे गए गड्ढों को भरने का निर्देश दिया है। पहले कांक्रीट सड़क के गड्ढों को पाटा जा रहा है। बरसात के बाद डामर रोड को सुधारा जाएगा।

राजधानी में इस समय अमृत जल मिशन तथा बिजली केबल बिछाने के लिए गड्ढे खोदे गए हैं जिससे आम लोग काफी परेशान हैं। बरसात के कारण यह गड्ढे और भी गहरे होते जा रहे हैं। आज तात्यापारा चौक से लेकर फूलचौक के बीच खुदाई का काम चल रहा है। इसके अलावा अन्य प्रमुख मार्गों में भी यह काम हो रहा है। नगर निगम के प्रवक्ता के अनुसार आयुक्त ने निर्देश दिया है कि 30 सितम्बर तक कांक्रीट वाली सड़कों पर खोदे गए गड्ढों को भर दिया जाए। यह कार्य काफी प्रगति पर है। इन दिनों इन गड्ढों के कारण मालवीय रोड, गोलबाजार सहित जवाहर नगर में ई-रिक्शा दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं। दोपहिया वाहन चालक भी काफी परेशान हैं।

नगर निगम के प्रवक्ता के अनुसार राष्ट्रीय स्वच्छता मिशन के तहत बूढ़ातालाब में आज एक कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें महापौर सहित अनेक अधिकारी शामिल हुए। इस कार्यक्रम का उद्देश्य नगर में साफ-सफाई को बढ़ावा देना है। नगर निगम द्वारा इस समय गणेशोत्सव को देखते हुए विशेष सफाई की व्यवस्था की जा रही है। विद्युत व्यवस्था को भी सुधारने का निर्देश दिया जा रहा है।

# मुख्य निर्वाचन आयुक्त से मिला चेम्बर एवं कैट का प्रतिनिधि मंडल

**रायपुर 16 सितंबर।** छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तमचंद गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेन्द्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव, राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल ने बताया कि चेम्बर का प्रतिनिधि मंडल चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष श्री अमर पारवानी के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ मुख्य निर्वाचन आयुक्त श्रीमती रीना बाबासाहेब कंगाले से मिलकर आगामी चुनाव के मद्देनजर पुलिस जाँच से व्यापारियों को हो रही परेशानी से अवगत कराया। जिस पर श्रीमती कंगाले ने सकारात्मक आश्वासन दिया।



चेंबर प्रदेश अध्यक्ष श्री अमर परवानी ने बताया कि आगामी चुनाव से संबंधित पुलिस जांच से व्यापारियों को आ रही कठिनाइयों को लेकर कल चेम्बर प्रतिनिधि मंडल प्रदेश के मुख्य निर्वाचन आयुक्त श्रीमती रीना बाबा साहेब कंगाले से मुलाकात कर उन्हें अवगत कराया कि शहर के विभिन्न चौकङ्चौराहों पर पुलिस जांच से शहर एवं प्रदेश के व्यापारियों को विभिन्न प्रकार की कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। थोक एवं फुटकर व्यापारी देर रात तक अपने व्यापार का संचालन करते है एवं राशि लेकर अपने घर जाते हैं तथा वापस सुबह अपने व्यापारीक संस्थानों एवं बैंकों को जाते हैं जहां उन्हें पुलिस जांच के दौरान ट्रैफिक में देर तक रुकना पड़ता है एवं उन्हें किसी अनहोनी होने का डर रहता है जिसके कारण व्यापारियों में भय का माहौल है एवं बाहर के व्यापारी भी प्रदेश में आने से कतरा रहे हैं। आगामी त्योहारी सीजन में पुरे प्रदेश के व्यापारी रायपुर शहर आकर खरीदारी करते हैं परन्तु अनुकूल वातावरण नहीं होने के कारण व्यापार में विपरीत असर हो रहा है। बैठक में श्रीमती कंगाले जी ने उक्त समस्याओं पर सकारात्मक आश्वासन दिया। इस अवसर पर चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, कोषाध्यक्ष उत्तमचंद गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष-राजेन्द्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव, राम मंधान, मंत्री नीलेश मूंधड़ा, कैट (सीजी चेप्टर) अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी, कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल, संयुक्त कोषाध्यक्ष राकेश ओचवानी एवं मंत्री नरेश पाटनी प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

### सड़कों पर गड्ढे व जलभराव से पैदल चलना भी मुश्किल

**रायपुर 16 सितंबर।** राजधानी में बीते 24 घण्टे के भीतर 4 इंच की बारिश से पूरे शहर की सड़कों पर जल भराव हो गया था। शहर का हृदय स्थल ज्यस्तम्भ चौक तथा जीई रोड की सड़कें हो या रिंग रोड हो सभी जगह 1 से 3 फुट तक पानी भर गया था। जिससे सडकों में घंटों जाम की स्थिति बनी रही। भाजपा पार्षद दल की नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे और प्रवक्ता मृत्युंजय दुबे ने बारिश में हो रहे जलभराव के लिए कांग्रेस के महापौर और उनकी परिषद को जिम्मेदार ठहराते हुए आरोप लगाया है कि बारिश के पूर्व नाली-नालों की सफाई ठीक से नहीं हुई है। साथ ही नाली-नालों में हुए कब्जों को हटाने की कार्रवाई भी नहीं हुई है। लिहाजा जलभराव इन्हीं सड़कों पर देखने को मिल रहा है। पिछले 10 सालों में जलभराव की समस्या नहीं थी। भाजपा पार्षद दल के प्रवक्ता मृत्युंजय दुबे ने कहा कि अब भी समय है, महापौर और निगम प्रशासन जिन-जिन सडकों पर अत्यधिक जलभराव देखने को मिल रहा है वहां के नाले-नालियों की सफाई की जानी चाहिए। पुरानी बस्ती, तात्यापारा से शारदा चौक वाली सड़क, सदर बाजार की सड़कें और गोलबाजार की अंदरूनी सड़कों पर बारिश के कारण कीचड़ हो गया है, गड्ढों में गाड़ियां फंसने लगी है। नागरिक गिरने लगे हैं, ई रिक्शा, ऑटो, चारपहिया वाहन अंडर ग्राउंड केबलिंग के गड्ढों में फंस रहे हैं। निगम प्रशासन और महापौर को यह सब दिखाई नहीं दे रहा है। छत्तीसगढ़ के सबसे बड़े पर्व तीजा में जब हमारी बहनें राजधानी में अपने घरों में आयेंगी तो सडकों के गड्ढ़ों में हिचकोले खाते हुए अपने घर पहुंचेंगी। छत्तीसगढ़ राज्य बनने के पहले भी रायपुर के सडकों की इतनी दुर्गति कभी किसी ने नहीं देखी होगी जितनी राजधानी बनने के बाद आज गड्ढों के कारण सड़कें बदहाल हो गई है। भाजपा पार्षद दल नगर निगम आयुक्त से माँग करता है कि सड़कों के गड्ढों को दुरुस्त करें ताकि आम नागरिकों की यातायात व्यवस्था सुगम व सुचारू हो सके।

# तीज महोत्सव में नृत्य और तीज सुंदरी प्रतियोगिता




**रायपुर 16 सितंबर।** प्रदेश अध्यक्ष अरविन्द ओझा एवं महिला अध्यक्ष नमिता शर्मा ने बताया कि वर्ल्ड ब्राह्मण फेडरेशन छ.ग. एवं सर्व युवा ब्राह्मण परिषद छ.ग. द्वारा विगत वर्षों की भाँति प्रदेश की विप्र महिलाओं व युवतियों को पूर्णतः पारिवारिक, सामाजिक माहौल में मंच प्रदान करने तीज महोत्सव में नृत्य और तीज सुंदरी प्रतियोगिता का आयोजन में किया गया. कार्यक्रम की मुख्य अतिथि समाजसेवी श्रीमती दीप्ति प्रमोद दुबे जी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया. कार्यक्रम में विभिन्न ब्राम्हण समाज की महिलाओं ने मंच पर नृत्य में अपनी समूह व एकल प्रस्तुति देकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया. इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के बिलासपुर, दुर्ग, गरियाबंद, बसना, बेमेतरा, बलौदाबाजार आदि जिलों के प्रतिभागी सम्मिलित हुए. इस नृत्य व तीज सुन्दरी प्रतियोगिता के निर्णायक श्रीमती मृणमय ठाकुर, मिसेज छत्तीसगढ़, श्रीमती दीपाली पाण्डेय जी, कोरियोग्राफर श्रीमती नेहा पटनायक भट्ट जी संचालक डांस अकादमी थी.

### तीज क्वीन, मेहंदी तथा व्यंजन स्पर्धा संपन्न

**रायपुर।** टिकरापारा बेटी बचाओ मंच द्वारा तीज मिलन का आयोजन किया गया । मंच के प्रदेश अध्यक्ष ललित मिश्रा के मुख्य अतिथ्य में टिकरापारा उद्यान में आयोजित कार्यक्रम में तीज क्वीन प्रतियोगिता के विजेता -वर्षा कार्तिकेय , उपविजेता संगीता गुप्ता व अंजलि यदु चुने गए। प्रतियोगियों को पारंपरिक श्रृंगार, तीज आधारित प्रश्न उत्तर व रैंप वॉक से प्राप्त अंकों के आधार पर परिणाम घोषित किया गया। पारंपरिक व्यंजन प्रतियोगिता में प्रथम आशा धीवर , द्वितीय नीतू साहू , तथा तृतीय किरण कर्स घोषित हुए। मेहंदी प्रतियोगिता प्रथम सुप्रिया धुवारे, द्वितीय रीना ठाकुर तथा तृतीय रूपा यदु चुने गए। मेहंदी के प्रतियोगियों को स्थल पर ही 10 मिनट के अंदर मेहंदी लगाने के आधार पर चयन किया गया। श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए के कल्पना राव, मंजु यादव, कुलकर्णी बजाज, तथा जयंती खटकर पुरस्कृत हुए ।

# यौगिक जीवनशैली विषय पर सेमिनार




**रायपुर 16 सितंबर।** एक निजी चिकित्सालय में यौगिक जीवनशैली के विषय पर सेमिनार का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का आयोजन छत्तीसगढ़ी महिला समाज और डाक्टर आन स्ट्रीट ने संयुक्त रूप से किया। सेमिनार में प्रमुख वक्ता के रूप में आइसलैंड की आंनद कौस्तुभा दीदी उपस्थित थीं। आनंद कौस्तुभा ने बताया कि दैनंदिनी जीवन में योगिक पद्धति को शामिल करके हम अपने इच्छा शक्ति का विकास कर सकते हैं। भोजन में विभिन्न तत्वों का ध्यान रखकर हम अपने मन को दिशा दे सकते है। कुछ समय के लिये मौन का अभ्यास हमारे चित्त को शांत करता है। योग मानवीय जीवन को अनंत चेतना से जोड़ने की विधि सिखाता है। ध्यान में सबसे बड़ी बाधा हमारे मन के अनियंत्रित विचार है जिसको यौगिक जीवनशैली और विधियों से सही दिशा दी जा सकती है। दोस्त के संस्थापक डॉ सत्यजीत साहू ने कई प्रसंगों की चर्चा करके बताया कि यौगिक विधियाँ मरीजों और डाक्टर दोनों समूहों के लिये समान रूप से उपयोगी है। छत्तीसगढ़ी महिला समाज की अध्यक्ष मालती परगनिहा ने कहा कि यौगिक जीवनशैली के अनुपालन और सामाजिक चेतना के विकास के लिये इस प्रकार के आयोजन स्कूल और कॉलेजों में हमारे संगठन के सदस्य लगातार कर रहे हैं. अतिथियों में आनंद नितीसुधा दीदी, आनंद सुचिलेखा दीदी, संगीता सोनी दीदी, गंगा श्रीवास दीदी, दोस्त के संयोजक सुनील शर्मा, प्योर संस्था के एडवोकेट संतोष ठाकुर, डॉ. आशा मिश्रा, आचार्य ब्रोकर और रिटायर्ड इंजीनियर के पी सिंह शामिल रहे . सेमिनार का संचालन डाईटिशयन साक्षी सिंह ने किया।

# डेंगू के प्रकोप से जनता में आक्रोश: भाजपा

**रायपुर 16 सितंबर।** भाजपा रायपुर शहर जिला द्वारा पूर्व मंत्री राजेश मूणत एवं जिला भाजपा अध्यक्ष जयंती पटेल के नेतृत्व में आमापारा बाजार स्थित कारी तालाब के सामने एकदिवसीय धरना दिया रायपुर नगर निगम के रहवासियों के लिए डेंगू , खुले गढ्ढे जानलेवा साबित हो रहे हैं गरीब पट्टे की बांट जोह रहा है संपत्ति कर माफ का वादा पूरा होने का इंतजार करते करते थक चुके हैं ऐसे में भी नगर निगम तो कुंभकर्णी निद्रा में लीन हो चुका है इन्ही सब मांगो को लेकर भाजपा रायपुर शहर जिला द्वारा आज धरना दिया गया,

भाजपा प्रवक्ता राजेश मूणत ने कहा की गरीब मर रहा है मगर जिम्मेदारी लेने वाला कोई नहीं है ना




ही प्रदेश सरकार और ना ही महापौर । किसी को गरीब की सुध लेने का समय नहीं है रोजाना डेंगू से लोगो की जान जा रही जवाबदेही इसकी जवाब देही कौन तय करेगा।

धरने को संबोधित करते हुए जिला भाजपा अध्यक्ष जयंती पटेल ने कहा की शहर की जनता में त्राहिमाम है और निगम प्रशासन सो रहा है हमारा आंदोलन लगातार जारी रहेगा जब तक निगम प्रशासन और निष्क्रिय महापौर जाग नही जाते पट्टे का वादा पूरा करना होगा ।

धरने को संबोधित करते हुए नगरीय निकाय के प्रदेश संयोजक प्रफुल्ल विश्वकर्मा ने कहा कि शहर का महापौर के कानों में जूं क्यों नही रेंग रहा है यह समझ से परे है। शहर में डेंगु से लगातार मौतें हो रही हैं। भूपेश बघेल अपनी राजनीति साधने में लगे हैं। कांग्रेस पार्टी में उनका वर्चस्व खत्म न हो जाय इसी जद्दोजहद में लगे है। अपने चहेतों को टिकट दिलवाने की जुगत में हैं। कहीं टी एस बाबा के लोगों को टिकट मिल गया तो उनका मुख्यमंत्री का टिकट कट जायेगा । पूरा शहर गड्ढों में तब्दील हो गया। रायपुर चाकुपुर बन गया है। बहन बेटियों की आबरू खतरे में है। आज दिए गए एक दिवसीय धरने में मुख्य रूप से प्रफुल्ल विश्वकर्मा गोवर्धन खंडेलवाल,डॉ सलीम राज,मनोज वर्मा, सत्यम दुबा, गोपी साहू, आशु चंद्रवंशी, अकबर अली, अमित मैशरी, बजरंग खंडेलवाल, भूपेंद्र ठाकुर,पार्षद सुनील चन्द्राकर, दीपक जायसवाल, कमलेश्वरी वर्मा, भोला साहू, रजियन्त ध्रुव, विशाल पांडेय, नवीन सिंह, दिनेश शर्मा, पंचू भारती, प्रकाश यदु, हर्षवर्धन शुक्ला, सनत बैस, अशोक ठाकुर,शिव सिंह ठाकुर, उपस्थित थे ।




कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2021-23